ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आश्विन कृष्ण पक्ष 04 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 03 अक्टूबर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 240 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

गांधी व शास्त्री की जयंती पर अक्षय कुमार ने... पेज 12 पर



## भारी बारिश के बीच अलग-अलग हादसों में 11 की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में शनिवार से जारी आफत की बारिश के बीच अलग-अलग हादसों में 11 लोगों की जान चली गई है। वज्रपात, करंट, पानी की तेज धार में बहने, मकान गिरने, पुल-पुलिया बहने की दो दर्जन से भी ज्यादा घटनाएं सामने आई हैं। पूरे राज्य में नदियां, डैम, जलप्रपात उफान पर हैं। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए 4 अक्टूबर तक बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना जताई है। सोमवार अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे रांची के हुंडरू फॉल में तेज धार के बीच नहाने उतरा एक युवक बह गया। युवक का नाम शुभम कुमार है, जो बिहार के राजगीर का रहने वाला था। वह अपने पांच अन्य दोस्तों के साथ यहां घूमने आया था। इसी दौरान वह लोगों के मना करने के बावजूद जलप्रपात में उतरा और देखते-देखते बह गया। उसे बचाने की कोशिशें विफल रहीं। रांची शहर के हातमा इलाके में रविवार की शाम एक नाले की तेज धार में बह गए एक व्यवसायी देव प्रसाद का शव सोमवार को लगभग तीन किलोमीटर दूर मिसिरगोंदा के पास बरामद किया गया। देवप्रसाद बारिश के बीच हातमा सरईटांड़ पुलिया पार कर रहे थे, तब संतुलन बिगड़ने से नाले में गिरकर तेज धार में बह गए थे। चाईबासा में कोयना नदी में डूबने से जोजोगुटू गांव निवासी बुधराम देवगम की मौत हो गई। बताया गया कि छोटानागरा शिव मंदिर के समीप कोयना नदी को पार करने की कोशिश के दौरान वह तेज धार में बह गया।



पलामू जिले के रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत मायापुर गांव में बिजली के तार की चपेट में आने से कुलदीप साव नामक शख्स की मौत हो गई। कुलदीप साव अपने घर से निकलकर खेत की ओर गए थे। इसी दौरान वह बारिश की वजह से जमीन पर गिरे बिजली तार की चपेट में आ गए।

रविवार को जामताड़ा में वज्रपात से एक परिवार की महिला समेत चार लोगों की जान चली गई थी। बोकारो जिले में बारिश की वजह से दीवार गिरने से एक महिला की मौत हो गई। पलामू के नौडीहा बाजार के मायापुर की रहने वाली दो बच्चियों की मौत कल गांव के पास एक तालाब में डूब जाने से हो गई थी।

### राज्य में आज भी भारी बारिश की संभावना

**राज्य** के कई जिलों में लगातार बारिश हो रही है। राजधानी रांची में सोमवार को भी दिन भर रूक-रूक कर बारिश हुई। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आने वाले छह अक्टूबर तक राज्य में बारिश का असर रहेगा। इसे लेकर विभाग ने तीन अक्टूबर तक का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, चार से छह अक्टूबर को भी बारिश की भी संभावना जतायी गयी है। बारिश का असर पश्चिम बंगाल में बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण देखा जा रहा है, जिससे राज्य के पूर्वी और मध्य भाग में बारिश का विशेष असर देखा जा रहा है। बीते रविवार को राज्य भर में जमकर बारिश रिकॉर्ड की गई। पलामू में 75.5 मिमी, रामगढ़ में 67 मिमी, गढ़वा 44 मिमी, रांची में 46 मिमी, सिमडेगा में 18 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विज्ञान के अनुसार आने वाले 10 अक्टूबर तक लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। इस दौरान तापमान में पांच से छह डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की जायेगी, जिसके बाद लोगों को ठंडक का एहसास होगा। विभाग की मानें तो तीन अक्टूबर तक राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का असर देखा जायेगा। वहीं, कुछ हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश रिकॉर्ड की जायेगी। मुख्य रूप से राज्य के उत्तर पूर्वी और मध्य भाग में बारिश देखा जायेगी। इसमें देवघर, धनबाद, गिरीडीह, रामगढ़, बोकरो, धनबाद, रांची, जमशेदपुर, खूंटी समेत अन्य जिलों में बारिश होगी। बारिश के साथ ही वज्रपात की भी भारी संभावना है। आने वाले कुछ दिनों तक राज्य का औसत तापमान 27 डिग्री से 25 डिग्री सेल्सियस तक रहने की जानकारी दी गयी है।

## कारिको और वीसमैन को मिला चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को उन खोजों के लिए दिया गया है, जिन्होंने कोविड-19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीके के विकास को सक्षम बनाया। नोबेल असेंबली के सचिव थॉमस पर्लमैन ने सोमवार को स्टॉकहोम में पुरस्कार की घोषणा की। स्टॉकहोम में पुरस्कार प्रदान करने वाले पैनल के अनुसार, हंगरी में जन्मे अमेरिकी कैटालिन कारिक और अमेरिकी ड्रू वीसमैन को आधुनिक समय में मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक कोविड-19 के दौरान वैक्सीन के विकास में अभूतपूर्व योगदान देने के लिए नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया है।

**क्यों दिया गया नोबेल** : कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को कोविड-19 के शेष पृष्ठ 11 पर



### कौन हैं कारिको और वीसमैन

वीजमैन का जन्म 1959 में लेक्सिंगटन, मैसाचुसेट्स में हुआ था। उन्होंने 1987 में बोस्टन विश्वविद्यालय से एमडी, पीएचडी की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के बेथ इजराइल डेकोनेस मेडिकल सेंटर में अपना नैदानिक प्रशिक्षण और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ में पोस्टडॉक्टरल शोध किया। वीजमैन ने 1997 में पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के पेरेलमैन स्कूल ऑफ मेडिसिन में अपना शोध समूह स्थापित किया। कारिको का जन्म 1955 में हंगरी के स्जोलनोक में हुआ था। उन्होंने 1982 में सेज्ड विश्वविद्यालय से पीएचडी प्राप्त की .और 1985 तक सेज्ड में हंगेरियन एकेडमी ऑफ साइंसेज में पोस्टडॉक्टरल शोध किया। उन्हें 1989 में पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर नियुक्त किया गया, जहां वह 2013 तक रहीं। उसके बाद, वह बायोएनटेक आरएनए फार्मास्यूटिकल्स में उपाध्यक्ष और बाद में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनीं। वह 2021 से सेज्ड विश्वविद्यालय में प्रोफेसर और पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के पेरेलमैन स्कूल ऑफ मेडिसिन में सहायक प्रोफेसर रही हैं।

## गागर में सागर

### सीएम हेमंत सोरेन ने हाईकोर्ट में दाखिल की क्रिमिनल रिट

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल की है। अपनी याचिका में उन्होंने हाईकोर्ट से यह गुहार लगाई है कि पश्चिमी सिंहभूम जिले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द किया जाये। हालांकि अभी तक यह मामला झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिस एफआईआर को रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है, वह पश्चिमी सिंहभूम जिले के आदित्यपुर थाना में दर्ज है। इस प्राथमिकी का कांड संख्या 418/2014 है। इस प्राथमिकी में हेमंत सोरेन को आईपीसी की धारा 188,506 और आरपी एक्ट (रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपल एक्ट) की धाराओं में आरोपी बनाया गया है। दरअसल, वर्ष 2014 के चुनाव के दौरान हेमंत सोरेन अपनी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने गए थे। उस दौरान उनपर आचार संहिता उलंघन का मामला दर्ज किया गया था। आचार संहिता से जुड़े इस मामले की सुनवाई पश्चिमी सिंहभूम जिले की सिविल कोर्ट में चल रही है। निचली अदालत में चल रही कानूनी प्रक्रिया पर रोक लगाने और उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने के लिए हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

### झारखंड में डेंगू के 81 सक्रिय मरीज

**रांची।** राज्य में डेंगू के 81 सक्रिय मरीज हैं। सोमवार को राज्य में डेंगू के आठ नए मरीज मिले हैं। सभी मरीज पूर्वी सिंहभूम जिले के हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, 157 संदिग्ध मरीज मिले। इनमें सबसे ज्यादा 119 संदिग्ध पूर्वी सिंहभूमि जिले के हैं। जांच के उपरांत आठ में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं चिकनगुनिया के 13 संदिग्ध मरीज मिले। ये सभी मरीज देवघर जिले के हैं। हालांकि जांच के बाद किसी में चिकनगुनिया की पुष्टि नहीं हुई है।

### कैंसर मरीज से डेढ़ लाख की ठगी

**रांची।** बरियातू के जोड़ा तालाब निवासी सौरभ कुमार से पतंजली योगपीठ के डॉक्टर से दिखाने के लिए नंबर लगाने के नाम पर 1.60 लाख की ठगी कर ली गई है। सौरभ के भाई मृत्युंजय कुमार कैंसर रोग से ग्रसित हैं। इस संबंध में सौरभ ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। सौरभ ने पुलिस को बताया कि उनका भाई रिम्स में भर्ती है। बेहतर इलाज के लिए वह उसे पंतजली योगपीठ हरिद्वार ले जाना था। इसके लिए उन्होंने पंतजली योगपीठ के डॉक्टर से दिखाने के लिए गूगल से नंबर निकाला और संपर्क किया। 30 सितंबर को उनके मोबाइल नंबर पर फोन आया और उसने डॉक्टर से दिखाने और नंबर लगाने का उसे आश्वासन दिया। इसके बाद उसने अपने दोस्तों और रिश्तेदार के माध्यम से तीन किस्त में ठग द्वारा दिए गए खाते में कुल 1.60 लाख रुपए का भुगतान किया। राशि लेने के बाद भी आरोपी उससे पैसे की डिमांड करने लगा। तब उन्हें अहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हो गया है। इसके बाद सौरभ बरियातू थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### गृह विभाग सरेंडर करने वाले 15 नक्सलियों को देगा आर्थिक सहायता

**रांची।** झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर, आत्मसमर्पण करने वाले 15 नक्सलियों को आर्थिक सहायता मिलेगी। इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने चाईबासा और गढ़वा डीसी को आदेश जारी किया है। ये सभी नक्सलियों ने चाईबासा और गढ़वा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इन सभी 15 नक्सलियों को आर्थिक सहायता के लिए 17 लाख रुपया आवंटित किया गया है, जिनमें 13 नक्सलियों को एक-एक लाख रुपये और दो नक्सलियों को दो-दो लाख रुपये आर्थिक सहायता के रूप में भुगतान किया जाएगा।

**सरेंडर करने वाले नक्सली :** गोइनदा गागराई (चाईबासा) को एक लाख, शांति कांडुलना (चाईबासा) एक लाख, सुरेश सिंह (रांची) दो लाख, लोदरो लोहरा (खूंटी) एक लाख, जयराम बोदरा (चाईबासा) एक लाख, सरिता (सराइकेला) एक लाख, कुलदीप (रांची) एक लाख, कुसनू सिरका (ओडिशा) एक लाख, पतोर कोड़ा (चाईबासा) एक लाख, अमन गंझू (औरंगबाद) दो लाख, संतोष भुइयां (पलामू) एक लाख, सोमवारी (चाईबासा) एक लाख, भारतम अंगारिया (चाईबासा) एक लाख, तुंगीर पूर्ति (चाईबासा) को एक लाख दिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम का किया निरीक्षण, बोले

# विश्वस्तरीय सुविधाएं देना सरकार की प्राथमिकता

### 27 अक्टूबर से एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री ने सोमवार को मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम का निरीक्षण किया। आगामी एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप को लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्टेडियम की व्यवस्था से जुड़े कई दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में खिलाड़ियों एवं दर्शकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। यह स्टेडियम राज्य का इंटरनेशनल एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम है। इस स्टेडियम की व्यवस्थाएं उच्च स्तरीय होनी चाहिए। मौके पर मुख्यमंत्री ने



स्टेडियम में बिछाई गई आधुनिक ब्लू टर्फ का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों ने कहा कि स्टेडियम में अभी रिनोवेशन का कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने स्टेडियम का अवलोकन करते हुए दर्शक दीर्घा में लगी कुर्सियों की साफ-सफाई तथा पेंटिंग, स्टेडियम परिसर का रंगरोगन, मैदान के अंदर एवं बाहर लगी एलईडी स्क्रीन को दुरुस्त करने, स्टेडियम में चिन्हित जगहों पर स्पोर्ट्स पर्सन का फोटो लगाने, स्कोर डिस्प्ले शेष पृष्ठ 11 पर

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर बापू वाटिका स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर भजन मंडली के कलाकारों ने बापू के प्रिय भजन तथा राम धुन प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। हम सभी लोग आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की शेष पृष्ठ 11 पर

## विवि में भ्रष्टाचार को जड़ से करेंगे खत्म : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को बतौर झारखंड के राज्यपाल के रूप में सोमवार को चार महीने पूरे कर लिए। राज्यपाल ने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों में भ्रष्टाचार और सभी अनियमिताओं को जड़ से समाप्त करेंगे। दो-तीन साल में विश्वविद्यालयों में कई सुधार किए जाएंगे। उन्होंने अपने कार्यकाल चार महीने पूरे होने पर कहा कि मैं अपने सभी विवि को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का प्रयास कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि राज्य के विवि में फर्जी प्रमाण पत्र नहीं बनेंगे।

राज्यपाल ने कहा कि सभी विवि को एक विजन दस्तावेज और 2035 तक की रणनीति तैयार करने के लिए कहा गया है। विवि और कॉलेजों की भूमिका केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि छात्रों को ज्ञान, प्रासंगिक कौशल, पेशेवर दृष्टिकोण और आत्मविश्वास के साथ सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और खेल गतिविधियों में प्रौद्योगिकी को भी बढ़ावा देना चाहिए, क्योंकि झारखंड के छात्र तीरंदाजी, एथलेटिक्स और अन्य खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्यपाल ने घोषणा की है कि सरकार से विवि में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मियों की नियुक्ति के लिए अलग सेवा आयोग बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2008 के बाद झारखंड में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों की भर्ती के लिए कोई बड़ा अभियान नहीं चलाया गया।

राज्यपाल ने कहा कि राज्य के किसी विश्वविद्यालय को देश के शीर्ष 100 विवि की सूची में शामिल नहीं किया गया। मैं अपने स्तर पर पूरी कोशिश कर रहा हूं कि अगले तीन-चार साल में कम से कम पांच विवि सूची में होने चाहिए, ताकि लोग झारखंड को प्रतिभाशाली मानव संसाधन के केंद्र के रूप में देखें।उन्होंने इस बात पर भी अफसोस जताया कि 2008 के बाद प्रोफेसर या सहायक प्रोफेसर के पदों पर कोई बड़ी भर्ती नहीं हुई और पदोन्नति भी रुकी हुई है।

## अवैध खनन में पीई जांच पूरी, अब सीबीआई दर्ज करेगी एफआईआर

### सीबीआई मुख्यालय के आदेश पर एफआईआर की तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

साहिबगंज के ईडी की ईसीआईआर के बाद सीबीआई की एसीबी एफआईआर दर्ज करेगी। सीबीआई एसीबी ने प्रारंभिक जांच पूरी करने के बाद इस मामले की रिपोर्ट सीबीआई मुख्यालय को भेजी है। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में सीबीआई जल्द ही एफआईआर दर्ज करेगी। सीबीआई मुख्यालय में इस मामले




में दर्ज साहिबगंज के मुफ्फसिल थाना में दर्ज केस को टेकओवर करने पर चर्चा हुई है। लेकिन अधिकारियों ने राज्य सरकार के द्वारा सीबीआई को दिए कंसेंट वापस लेने के कारण केस को शेष पृष्ठ 11 पर

### गुर्गों के जरिए जेल से रंगदारी वसूलवा रहा अनिल शर्मा

## गैंगस्टर के दो गुर्गों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### साफ-सफाई का ठेका लेने वाली कंपनी के साइड इंचार्ज से मांगी थी रंगदारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के जगन्नाथपुर थाने की पुलिस ने गैंगस्टर अनिल शर्मा के लिए रंगदारी वसूली करने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में पुंदाग के रोहित सिंह और लटमा नेपाली



कॉलोनी के कृष्ण मुरारी शामिल है। गिफ्तार अपराधियों से पूछताछ में पुलिस को कई अहम जानकारी मिली है। पुलिस पता चला है कि दुमका जेल में बंद गैंगस्टर अनिल शर्मा जेल से ही न सिर्फ गिरोह का संचालन कर रहा है, बल्कि गुर्गों के जरीए रेलवे ठेकेदारों से रंगदारी की वसूली करवा रहा है। जानकारी के अनुसार दो दिन पहले ट्रेन में साफ-सफाई और बेडरोल मुहैया कराने वाली कंपनी न्यूटेक जेटिंग इक्विपमेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के हटिया साइड इंचार्ज से गैंगस्टर अनिल शर्मा के नाम पर पांच लाख की रंगदारी मांगी गई थी। रंगदारी की रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। इस मामले में साइड इंचार्ज ने जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिकी के आधार एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जगन्नाथपुर थानेदार अरविंद शेष पृष्ठ 11 पर

### झारखंड में रिश्वतखोरी और अवैध लेन-देन के कोड वर्ड 'डिकोड'

# रकम लाख में तो फाइल, करोड़ के लिए फोल्डर!

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में सरकार के अफसरों और सत्ता के गलियारों में सक्रिय बिचौलियों ने भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और नाजायज लेन-देन के लिए तरह-तरह के कोड बना रखे हैं। राज्य में अलग-अलग मामलों की जांच कर रही ईडी ने ऐसे कई कोड वर्ड डिकोड किए हैं। मसलन, लेन-देन की रकम अगर लाख में है तो इसके लिए फाइल कोड वर्ड का इस्तेमाल किया जाता है। रकम करोड़ में हुई तो इसे कोड वर्ड में फोल्डर बोला या लिखा जाता है। ईडी ने राज्य में उच्च पदों पर अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए लाखों-करोड़ों की लेनदेन से जुड़े व्हाट्सएप चैट के कई ब्योरे जुटाए हैं और इसकी सूचना राज्य सरकार से साझा करते हुए एफआईआर दर्ज करने का आग्रह किया है।

ईडी ने व्हाट्सएप चैटिंग के ऐसे ही ब्योरों के आधार पर राज्य के सीएम हेमंत सोरेन के




पूर्व प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का को भ्रष्टाचार और टेंडर में गड़बड़ियों का आरोपी बताते हुए उनके खिलाफ राज्य सरकार को कार्रवाई करने को कहा है।राज्य में अवैध माइनिंग स्कैम से जुड़े मामलों की ईडी ने जांच शुरू की तो सत्ता और ब्यूरोक्रेसी के गलियारों में दलाली और बिचौलियागिरी करने वाले कई चेहरे बेनकाब हुए। इन दलालों में एक नाम विशाल चौधरी का सामने आया।

जांच में पता चला कि वह राज्य के सीनियर अफसरों के लिए अवैध वसूली करता है। ईडी ने विशाल चौधरी के ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान कई डिजिटल डिवाइस और डेटा बरामद भी किए गए। जांच में पता चला कि विशाल चौधरी अपने सहयोगियों के साथ मिलकर टेंडर, ट्रांसफर-पोस्टिंग की डील करता है और अवैध कमाई का बड़ा हिस्सा सीएम के तत्कालीन प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का के साथ साझा करता है। विशाल चौधरी के व्हाट्सअप चैट से भी इसका खुलासा हुआ है।

ईडी ने सरकार को जो सूचना साझा की है, उसके मुताबिक राज्य के एक आईएएस मनोज कुमार को झारखंड एजेंसी फॉर प्रमोशन ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में पोस्टिंग देने के लिए 50 लाख और कामेश्वर सिंह को आदिवासी कल्याण आयुक्त बनाने के लिए 1 करोड़ रुपए में डील हुआ।

इस रकम की लेनदेन सीएम के तत्कालीन प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का के साथ हुई। राज्य सरकार को ईडी की ओर से पीएमएलए यानी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 66(2) के तहत भेजी गई रिपोर्ट में बताया गया कि आईएएस राजीव अरुण एक्का की अवैध कमाई उनके बहनोई निशीथ केसरी और उनके करीबी बिचौलिए विशाल चौधरी ने खपाई। अवैध कमाई की रकम उनकी पत्नी सुप्रिया मिंज और बेटी सराहना एक्का के खाते में वेतन के नाम पर डाली गई। इसके पहले झारखंड की आईएएस पूजा सिंघल के घोटाले से जुड़े मामलों की जांच के दौरान भी ईडी ने खुलासा किया था अवैध वसूली की राशि एक-दूसरे को ट्रांसफर करने के दौरान अफसर और वसूलीबाज लाख रुपए के लिए किलो कोड वर्ड का इस्तेमाल करते थे।

किसी अफसर ने दूसरे को अवैध वसूली के अगर 10 लाख शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### स्वच्छता अभियान के तहत डॉक्टर यूएस वर्मा ने चलाया सफाई अभियान



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोद के आह्वान पर चलाए जा रहे स्वछता अभियान में शामिल बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अस्पताल, कांके, रांची के चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर यूएस वर्मा ने साफ-सफाई में काफी सक्रिय भूमिका निभाई। रूप से साफ सफाई में लग रहे तथा अपने अपने अधीन कार्य करने वाले कंपाउंडर मुमताज आलम, कोशिला देवी, असुनता प्यारी एक्का, गीता लेयानगी,सरस्वती कुजुर, किशोर प्रजापति, उर्मिला एक्का,जितेंद्र कुमार, मनोज कुमार वर्मा ने बढ़ चढ़ कर स्वच्छता अभियान में भाग लिया तथा अच्छी तरह से विश्वविद्यालय अस्पताल परिसर में साफ सफाई किया। इस अवसर पर डॉक्टर वर्मा ने सबों को अपने घर आसपास के स्थानों पर प्रतिदिन साफ सफाई करते रहने का आग्रह किया। बताया कि ऐसा करने से कुछ शारीरिक श्रम भी हो जाता है जिससे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ते जाता है और हर व्यक्ति अपने आप में मानसिक व शारीरिक रूप से अधिक स्वस्थ महसूस करने लगता है ,और ऐसे व्यक्तियों में रोग होने की संभावना घटने जाती है। प्रतिदिन स्वच्छता पर ध्यान देते हुए गंदा जल जमाव, कूड़ा करकट ,बैक्टीरिया फंगस, पुराने टायर ट्यूब ,बर्तन जो गंदा होकर के बैक्टीरिया वायरस के आश्रय स्थली बन कर अनेक संक्रमित रोगों का आमंत्रण देने का कार्य करते हैं, उसे बचा जा सकता है। आजकल स्वच्छता की अधिक आवश्यकता आन पड़ी है क्योंकि एडीस मच्छरों के काटने से डेंगू का प्रकोप काफी बढ़ गया है। डॉ वर्मा ने यह भी आग्रह किया अपने घर आंगन आस-पड़ोस के साफ सफाई पर तो ध्यान दें ही अपने पड़ोसियों से भी आग्रह करें कि स्वच्छता अभियान को नियमित रूप से पालन करें और अपने परिवार के सभी सदस्यों को रोग से दूर रखने और स्वस्थ रहने का जीवन शैली हमेशा बनाए रखें।

### भाजपा की संकल्प यात्रा का सातवां चरण आज से

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा का सातवां चरण 3 से 8 अक्टूबर तक चलेगा। सातवें चरण में 11 विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाएं होगी। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी। वर्मा ने बताया कि मरांडी 3 अक्टूबर को लातेहार व पांकी, 04 अक्टूबर को छत्तरपुर व हुसैनाबाद, 05अक्टूबर को भवनाथपुर व गढ़वा, 06 अक्टूबर को विश्रामपुर व डाल्टनगंज 07 अक्टूबर को मनिका, 08अक्टूबर को गुमला एवं विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र की संकल्प सभा को संबोधित करेंगे। सातवें चरण की यात्रा के संयोजक प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय एवं विनय लाल हैं।

### लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर राज्यपाल ने किया नमन

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनके जयंती पर उन्हें नमन किया है। राज्यपाल ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि जय जवान जय किसान" के प्रणेता, सादगी और सदाचार के प्रतीक, भारत रत्न से अलंकृत पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया है। उन्होंने कहा कि "सादा जीवन-उच्च विचार" को चरितार्थ करता उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

### मांडर में आकाशीय बिजली का कहर

**मांडर।** मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पचपदा के एक व्यक्ति का वज्रपात से मृत्यु हो गई। इस सप्ताह बज्रपात से कई अन्य लोगों को भी आकाशिय बिजली ने अपने चपेट में लेकर असमय काल के गाल में ले लिया है।उक्त व्यक्ति पचपदा नदी में मछली मारने गया हुआ था, तभी वज्रपात हुआ।मृतक का नाम शिवराम लोहार उम्र लगभग 35 वर्ष है। घटना लगभग शाम 5:10 बजे की है।घटना से परिजन सहित ग्रामीण काफी शोकसंतप्त हैं।

### बिहार में जातीय जनगणना आंकड़ा प्रकाशित किया जाना सराहनीय : डा. मनोज

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि बिहार में महागठबंधन सरकार द्वारा जातीय जनगणना के आधार पर जातीय आंकड़ा जो प्रकाशित किया गया है झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा यह कार्य अत्यंत सराहनीय कार्य है, जिसकी जितनी प्रसंशा की जाय कम है। इन सभी नेताओं के अथक प्रयास और संघर्ष के कारण यह सफलता मिली है। डॉ मनोज कुमार ने कहा कि जिस तरह से बिहार में जातीय जनगणना करवाकर जातीय आंकड़ा प्रकाशित किया गया है उसी तरह अन्य सभी राज्यों में जातीय जनगणना अति शीघ्र करवाई जाए। जातीय जनगणना की मांग और इस मांग को लेकर संघर्ष राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सामाजिक न्याय के पुरौधा माननीय श्री लालू प्रसाद यादव एवं उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव लगातार करते रहे हैं जिसका परिणाम देखने को मिला। राष्ट्रीय जनता दल केंद्र सरकार से मांग करती है कि सभी राज्यों में जातीय जनगणना आवश्यक रूप से हो ताकि पूरे राज्य का जातीय आंकड़ा प्रकाशित हो सके। राष्ट्रीय जनता दल झारखंड सरकार से भी मांग करती है कि बिहार की तरह झारखंड में भी जातीय जनगणना आवश्यक रूप से हो।

### सिल्ली कांग्रेस जनों ने महात्मा गांधी और शास्त्री की जयंती मनाई



**सिल्ली।** सोमवार को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो के नेतृत्व में सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यलय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जन्म जयंती कांग्रेसजनों द्वारा मनाई गई। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिल्ली में सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा मरीजों को फल , बिस्कुट, पावरोटी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक सिल्ली प्रखंड कार्यकारी निशाकर महतो, उपाध्यक्ष मनीराम दास, सचिव निताई महतो, बलराम महतो, कोषाध्यक्ष मंजूर मोमिन,सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो, प्रकाश मुंडा,लालू कोइरी, सदानंद सोनार, तापस पोद्दार साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिल्ली के चिकित्सक डॉ विवेक कुमार उपस्थित थे।

### ग्राम सभा के लिए अबुआ बीर दिशोम अभियान की हुई शुरूआत

# जल, जंगल व जमीन की रक्षा के लिए ली गई शपथ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर पर राज्य के 30 हजार से अधिक ग्राम सभाओं ने वन अधिकार अधिनियम, 2006 के द्वारा दिए गए अधिकार का उपयोग करते हुए ग्राम-स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन / पुनर्गठन करने तथा वन पर निर्भर लोगों और समुदायों को वनाधिकार पट्टा दिये जाने हेतु उनके दावा पर नियम के अनुसार अनुशंसा करने एवं जल, जंगल और जमीन तथा इसके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित और संगठित प्रयास करने हेतु शपथ लिया। इस शपथ ग्रहण के साथ ही मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा वनाधिकार हेतु प्रस्तावित अबुआ बीर दिशोम अभियान, 2023 ( वन अधिकार अभियान, 2023 ) के क्रियान्वयन तथा वन अधिकार समिति, अनुमण्डलीय स्तरीय



वनाधिकार समिति एवं जिला स्तरीय वनाधिकार समिति का पुनर्गठन कार्य का शुभारम्भ भी हो गया।

इस शपथ ग्रहण के बाद ग्राम स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन / पुनर्गठन का कार्य 3 से 18 अक्टूबर के मध्य पूरा कर लिया सुनिश्चित किया जाएगा। इस बीच वनाधिकार समिति के गठन के लिए जिला के सभी गाँवों में ग्राम सभा के आयोजन हेतु ग्रामवार योजना तथा प्रत्येक ग्राम सभा की कार्रवाई उपायुक्त द्वारा नियुक्त प्रेक्षक की उपस्थिति में सुनिश्चित किया जाएगा। जिला के उपायुक्त अपने-अपने जिला में अक्टूबर के प्रथम एवं द्वितीय सप्ताह में जिलास्तरीय वन प्रमण्डल पदाधिकारी तथा राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक ग्रामस्तरीय वनाधिकार समिति में की जाने वाली कार्रवाई हेतु सभी प्रकार के भू-अभिलेख, फॉरेस्ट मैप, आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु पूरी कार्य योजना तैयार करना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त 19 अक्टूबर को एक विस्तृत प्रतिवेदन आदिवासी कल्याण आयुक्त को भेजेंगे ताकि मुख्य सचिव को कार्य प्रगति से अवगत कराया जा सके।

जिलास्तर पर अनुमण्डल स्तर पर एवं प्रखण्ड एफआरसी सेल का गठन सुनिश्चित किया जाएगा। ग्रामस्तरीय वनाधिकार समिति द्वारा प्रस्तुत दावों पर ग्राम सभा द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में एसडीएलसी को अनुशंसित दावों की एक प्रति प्रखण्डस्तरीय एफआरए सेल में संधारित किया जाएगा। अनुमण्डल स्तर की सभी कार्यवाही अनुमण्डल स्तरीय एफआरए सेल में संधारित रहना अनिवार्य होगा। जिलास्तरीय एफआरए सेल में जिलास्तरीय की जानेवाली सभी कार्यवाही समेत अन्य कार्य होंगे।

### करम आखड़ा मूरी का करम मिलन समारोह संपन्न

**मुरी।** करम आखड़ा मुरी की ओर से सोमवार को मुरी टुंगरी पार्क मेन गेट के सामने मूरी - गोला पथ पर करम- मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बंगाल और झारखंड के नामी गिनामी कलाकारों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री माननीय श्री सुदेश कुमार महतो जी उपस्थित हुए उन्होंने लोगों को करम पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा लोगों से मिलजुल कर इस तरह का आयोजन करने को कहा उन्होंने आखड़ा की भी सराहना की और यहां के सदस्यों को शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम सुबह 10:00 से संध्या 6:00 बजे तक चला। कार्यक्रम स्थल पर भव्य पंडाल का निर्माण किया गया था । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाने के साथ ही करम महोत्सव का शुभारंभ हुआ । वहीं कमेटी के संस्थापक सदस्य रहे स्वर्गीय सुधीर महतो तुलिन और स्वर्गीय मोतीलाल महतो कांटाडीह के अलावा मुरी टुंगरी के स्वर्गीय दो महिला सदस्यों का भी 1 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी ।

# बूथ जीतो चुनाव जीतो इस नीति से हमें करना है कार्य : जैलेन्द्र कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी पतराहातू मंडल के बूथ अध्यक्ष सत्यापन कार्य का तृतीय चरण की बैठक दोवाडू पंचायत भवन में मंडल अध्यक्ष सृष्टिधर प्रजापति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन मीडिया प्रभारी पंकज कुमार महतो ने किया। बूथ सत्यापन बैठक को पूर्व जिलाध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेन्द्र कुमार एवं ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने संबोधित किया। पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि बूथ जीतो चुनाव जीतो इस नीति पर हमें कार्य करना है। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष अविलंब बूथ समिति बनाकर सूची जमा कर दें अगली बैठक में बूथ समिति के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। यह अभियान काफी महत्वपूर्ण है पूरे मंडल में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किया जाएगा। अंत में सभी



कार्यकर्ताओं से संकल्प के साथ अपने-अपने बूथों को मजबूत करने की अपील की। विनय महतो धीरज ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता ही हमारी ताकत है हम बूथ स्तर के कार्यकताओं के बल पर यहां तक पहुंचे हैं। हर कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए बुथ स्तर के कार्यकर्ताओं की सबसे बड़ी भूमिका होती है। बैठक के पूर्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी 119 वीं जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का प्रभाव न केवल वैश्विक है, बल्कि पूरी मानव जाति को एकता और करुणा की ओर प्रेरिकरने वाला है. हम हमेशा उनके सपनों को पूरा करने की दिशा में काम करते रहें. उनके विचार हर युवा में हमेशा एकता और सामंजस्य का संचार करते रहें। समय समय पर उनकी शिक्षाएं हमारे मार्ग को रोशनी से भरती रहेंगी। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, राष्ट्र के प्रति समर्पण और 'जय जवान, जय किसान' का उनका उद्घोष आज भी पीढ़ियों को प्रेरणा देता है. भारत की प्रगति में उनका असीम योगदान और चुनौती भरे वक्त में उनका नेतृत्व उदाहरण के योग्य है. हम उनके सशक्त भारत के विचार को हमेशा पूरा करने की दिशा में काम करते रहें। मौके पर गुलाब महतो, रंजीत महतो, वीणा देवी, पंकज कुमार महतो, मुकेश कुमार,वरूण हाजरा, कैलाश महतो, निखिल कुमार, पूजा देवी, चंद्रावली देवी, विन्देश्वरी देवी, रेभा देवी, पिंकी चौधरी, संजय मुखियार, रेणूका देवी, बेनीलाल महतो आदि उपस्थित थे।

### संग्राम क्लब दुर्गा पूजा समिति की नई कमिटि गठित

## अजय गुप्ता अध्यक्ष और नीरज वर्मा कार्यकारी अध्यक्ष बने

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संग्राम क्लब दुर्गा पूजा समिति कचहरी चौक की बैठक मां संतोषी माता मंदिर में समिति के संरक्षक राजेश कुमार लाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वर्ष 2022 की पूजा के आय व्यय का ब्योरा कोषाध्यक्ष अरुण वर्मा द्वारा रखा गया एवं सर्वसम्मति से पुरानी कमिटि को भंग कर नई कमिटी गठित की गयी। नई कमिटी में अध्यक्ष अजय गुप्ता को बनाया गया है, जबकि नीरज वर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष चयनित किया गया है। इसके अलावा नई कमिटी में वरिष्ट संरक्षक दिलीप चौधरी, डॉ अशोक लाल, इंद्र गुप्ता, पारस गुप्ता, उपेंद्र सिंह, प्रणय कुमार, डॉ राजेश गुप्ता, सुनील जायसवाल, गौतम तिवारी, आनंद चौधरी, लक्ष्मी केडिया, रंजन डिक्रूज, आशा देवी बनायी गयी हैं। वहीं संरक्षक सहदेव वर्मा, रामचंद्र गुप्ता, शंकर गुप्ता, सोहन रजक, शिवनारायण गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, देवानंद गुप्ता बनाये गये हैं। कमिटी के संयोजक संतोष गुप्ता, सह संयोजक- अभिषेक राज, वरीय उपाध्यक्ष दीपू वर्मा, सुजीत शाही, उपाध्यक्ष सुदीप नारायण गुप्ता, गौरव सिंह, अविनाश वर्मा, सौरव गुप्ता, कुणाल गुप्ता, खुशलाल महतो, दीपक गुप्ता बनाये गये हैं। वहीं सचिव संजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष अरुण वर्मा, सह-कोषाध्यक्ष- रविशंकर गुप्ता, विजय गुप्ता, हर्ष गुप्ता, सह सचिव सोनू कुमार, सौरव गुप्ता (सोनू), प्रिंकेश शुब्बा, अमित कुमार(बबलू), मनदीप नारायण, उमेश उरांव, शशि गुप्ता, प्रकाश वर्मा, प्रचार मंत्री समीर वर्मा, शुभम रजक, अमित वर्मा, रितिक वर्मा, अमन वर्मा, नीरज गुप्ता, सह प्रचार मंत्री सन्नी वर्मा, रॉनित, निखिल वर्मा, अंकित रजक, सोनू रॉय, आकाश नायक, किशन कुमार, सुजल प्रकाश, पूजा प्रभारी पंकज वर्मा, लक्ष्मण वर्मा, विजय सिंह, सपन डोगरा बनाये गये हैं। इसके अलावा कार्यकारणी सदस्य राजेश वर्मा, गोपाल रजक, सुमन गुप्ता, अनिल रजक, राहुल वर्मा बनाये गये हैं।

## भाकपा ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को दी श्रद्धांजलि




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाकपा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें याद किया। साथ ही अलबर्ट एक्का चौक स्थित कार्यालय में सोमवार को दोनों के तस्वीर पर माल्यापर्ण कर संकल्प लिया गया और श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर भाकपा प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री के बताए हुए रास्तों पर चलकर देश में किसानों मजदूरों एवं आम आदमी को भला हो सकता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय परिषद के सदस्य प्रमोद कुमार पांडे ने कहा कि आज संकल्प लेने के दिन है। देश को बचाने के लिए किसानों को बचाने के लिए देश के किसान मजदूर अपने हक और अधिकार के लिए आंदोलनरत है। इसलिए सभी मिलकर बापू एवं शास्त्री के सपने को साकार करें। इस अवसर पर जिला सचिव अजय कुमार सिंह, इम्तियाज खान, अधिवक्ता लक्ष्मी महतो, नीरज सिंह, कृष्णा कुमार वर्मा, अनिरुद्ध पाठक, अमित कुमार, रोहन महतो, सुरेंद्र कुमार दीक्षित सहित कई लोग मौजूद थे।

### प्रखंड मुख्यालय में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित परिसर में सोमवार को महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। जहां सीओ सुमंत तिर्की सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, उपप्रमुख, मुखिया सुशांति भगत, विधायक प्रतिनिधि करमा उरांव ने दोनों के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर सीओ ने कहा प्रखंड प्रशासन द्वारा भी स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत प्रखंड को स्वच्छ बनाना है।

### लगातार हो रही वर्षा से हुलसी में एतवा उरांव का घर गिरा

**बेड़ो।** लगातार हो रही वर्षा के कारण रविवार की रात में जरिया पंचायत के हुलसी गांव निवासी एतवा उरांव का कच्चा मकान गिर कर ध्वस्त हो गया। जहां पीड़ित ने बताया कि वे किसी प्रकार जान बचाकर घर से बाहर निकले। लेकिन घर के गिरने से इस बरसात के मौसम में बेघर हो गए।

## झमाझम बारिश के बीच देशभक्ति के रंग में रंगी अमृत कलश यात्रा निकली



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व क्षेत्र संस्कृति केंद्र, कोलकाता संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित झारखंड के 100 गांव में अमृत कलश यात्रा के तिसरे दिन इटकी प्रखंड के कुर्गी, कुल्ली, भंडारा एवं नारो गांव में अमृत कलश यात्रा निकाली गई। एक ओर जहां बारिश के कारण लोग घरों से नहीं निकले वही दूसरी ओर देश प्रेम में लोक कलाकारों ने पुरे जोश से देश भक्ति गीतों के साथ ग्रामीणों के बीच पहुंचे और घर-घर जाकर कलश में मिट्टी एकत्र किए। कलश में एकत्र मिट्टी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बन रहे अमृत वाटिका को विकसित करने के लिए भेजा जाएगा, देश के तमाम स्वतंत्रता सेनानी जिनमें से बहुतों को लोग नही जानते का नाम नामांकित होगा। भारत को आजाद हुए 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं और आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष में प्रधानमंत्री जी की अमृत महोत्सव कार्यक्रम का समापन इस कार्यक्रम के माध्यम से होगा। इसी कड़ी में झारखंड राज्य के 10 प्रखंडो जिसमें रांची जिला के बुंडू, सोनाहातू, राहे, तमाड़, इटकी, सरायकेला जिले के कुकड़ू, दुमका जिला के जामा प्रखंड, जामताड़ा प्रखंड का नारायणपुर एवं लातेहार जिले के मनिका एवं बरवाडीह प्रखंड में अभियान चलाया जा रहा। यह कार्यक्रम चंद्रदेव सिंह (कार्यक्रम समिति सदस्य, पूर्व क्षेत्र संस्कृति केंद्र संस्कृति मंत्रालय संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार) के नेतृत्व में झारखंड में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में निर्भय कुमार, मुकेश लोहारा, द्रौपदी देवी, शिवरतन ठाकुर, केवल महतो, सुनीता देवी, सोनी कुमारी, उमेश महली आदि भूमिका निभा रहे हैं।

### जयंती | अग्रवाल सभा का स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह आयोजित

# पूर्व मंत्रीगणों को स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रवाल सभा, रांची का 47वां स्थापना दिवस समारोह, लाल बहादुर शास्त्री जयंती, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती, पूर्व अध्यक्ष व मंत्रीगणों का सम्मान, 18वें वरिष्ठ अग्रजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य जांच एवं सहभोज का भी आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि डॉ. अनिल कुमार खेतान (उपाधीक्षक सदर अस्पताल, रांची) उपस्थित थे। दीप प्रज्ज्वलित करते हुए डॉ. खेतान ने महाराजा अग्रसेन को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। मंचासीन मुख्य अतिथि डा. अनिल कुमार खेतान, अध्यक्ष नन्द किशोर पाटोदिया, मंत्री मनोज कुमार चौधरी, जयंती संयोजक सज्जन कुमार पाडिया, कार्यक्रम संयोजक प्रकाश चन्द बजाज हुए। पुष्पगुच्छ से डॉ.




खेतान का सम्मान नन्द किशोर पटोदिया ने किया। मंच संचालन प्रमोद अग्रवाल ने किया एवं गांधी जी एवं शास्त्री जी के स्मरण में रघुपति राघव राजा राम एवं संत तूने कर दिया कमाल भजन की प्रस्तुति गोस्वामी ने किया तथा उर्मिला पड़िया एवं सहयोगियों ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। अध्यक्ष नन्द किशोर पटोदिया ने स्वागत भाषण दिया। नंद किशोर पाटोदिया ने पूर्व अध्यक्षगणों को व मनोज चौधरी ने पूर्व मंत्रीगणों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इसके पश्चात वरिष्ठ अग्रजनों का सम्मान डॉ. अनिल कुमार खेतान ने किया। साथ ही सभा में कार्यरत कार्यरत कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। आज के वरिष्ठ अग्रजन सम्मान समारोह में कुल 16 महिला एवं 11 पुरुष वरिष्ठ अग्रजनों को शॉल, स्मृति चिन्ह एवं धार्मिक पुस्तकें देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले वरिष्ठ अग्रजन- गीता डालमिया, शंकर लाल भारतीय, शकुंतला देवी भारतीय, अरुण कुमार खेमका, पुष्पा देवी तुलस्यान, शकुंतला देवी पोद्दार, गायत्री देवी पोद्दार, विजय कुमार सराओगी, गीता देवी सराओगी, बनारसी देवी, सुधा रानी, मदन गोपाल अग्रवाल, लक्ष्मी देवी नर्सरिया, ओम प्रकाश ओडूकिया, मीरा अडूकिया, शारदा देवी पोद्दार, शीला देवी मुरारका सावर प्रसाद अग्रवाल, हरिप्रसाद अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद बुधिया, मंटू बुधिया, सुमित्रा देवी सराफ, नारायण प्रसाद अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, परमेश्वरी देवी केडिया। नागरमल मोदी सेवा सदन से आए हुए डॉक्टरों की टीम में डॉ जय पलक, डॉ. केपी दारूका, डॉ. एके सिंह, डॉ. रमेश बजाज, एवम डॉ. नंदिता अग्रवाल, उपस्थित हुए। धन्यवाद ज्ञापन मंत्री मनोज चौधरी ने दिया।

### बीडीओ ने आबुआ वीर दिशुम अभियान के तहत शपथ ग्रहण कराया

**बेड़ो।** सोमवार को प्रखंड बेड़ो के केशा पुरियो पंचायत में दो अक्टूबर की विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी बेड़ो डॉ प्रवीण कुमार केशा व पुरियो पंचायत के मुखिया एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त रूप से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। वहीं विशेष ग्राम सभा ग्राम प्रधान जयराम कच्छप की अध्यक्षता में प्रारंभ किया गया, तत्पश्चात पंचायत में चल रही सभी योजनाओं की जानकारी पंचायत के मुखिया के द्वारा दी गई। बीडीओ द्वारा समस्त विभाग के योजनाओं की पूर्ण जानकारी दी गई।साथ ही पंचायत में चल रहे कार्यों की सराहना किया गया। साथ ही वनाधिकार अधिनियम के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई, आप राज्य सरकार अबुआ वीर ढिशुम अभियान 2023 के नाम से व्यक्तिगत एवं सामुदायिक प्रयोजन हेतु वन अधिकार पट्टा हेतु छूट गए लोगों का फिर से आवेदन कर सकते हैं।

## धर्मशाला प्रबंध समिति ने गांधी व शास्त्री को किया नमन



**रांची।** महात्मा गांधी स्मारक धर्मशाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान के मार्गदर्शन में गांधी जयंती के अवसर पर सोमवार को स्कूल स्तर पर पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर धर्मशाला परिसर में आयोजित जयंती समारोह में पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता के 30 विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार का वितरण एसडीओ और अन्य लोगों ने किया। इससे पूर्व एसडीओ समेत अन्य गणमान्य लोगों ने गांधी एवं शास्त्रीजी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। अध्यक्ष सह एसडीओ अनिकेत सचान ने महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के देश निर्माण में उनके योगदान की विस्तार से चर्चा की और कहा की 1926 में जिस उदेश्य और परिकल्पना को इंगित कर इस धर्मशाला की स्थापना की गई थी, उसे पुनः उस स्तर तक ले जायें, जिसमे खूंटी के आम जनमानस के जीवन में वही प्रभाव लाये जैसा इसकी स्थापना के समय संकल्पना की गई थी। उन्होंने कहा कि यह धर्मशाला शहर के जनमानस के जीवन में कोई पॉजिटिव प्रभाव छोड़ पाये, यही हमारी कोशिश रहेगी।

## गागर में सागर

### जातीय गणना का रिपोर्ट जारी करना स्वागत योग्य कदम : राजेन्द्र



**रांची।** झारखण्ड में भी जातिगत सर्वेक्षण कराए हेमंत सरकार , पिछड़ी जातियों सहित सभी को आबादी के अनुसार मिले भागीदारी। बिहार सरकार द्वारा जातीय गणना रिपोर्ट जारी करने का मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने स्वागत किया है। प्रसाद ने कहा कि बिहार में जातीय गणना के रिपोर्ट के बाद बिहार में किस जाति की आबादी कितनी है और क्या स्थिति है, बिहार की जातीय जनसंख्या की वास्तविकता देश के सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में भी जातीय गणना सर्वेक्षण सरकार को करना चाहिए। प्रसाद ने यह भी कहा कि जातीय गणना सर्वेक्षण को लेकर कुछ लोग गलत बयान बाजी कर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में 63%ओबीसी है। ठीक उसी तरह झारखण्ड सहित पुरे देश में करीब 55% ओबीसी की आबादी है। जातीय जनगणना से समाज के कमजोर वर्गों को विकास के मुख्य धारा से जोड़ने में सरकार को मदद मिलेगी।

### फ्लाई ऐश ईंट निर्माण कार्य की ली जानकारी

**रांची।** रूर्बन मिशन अंतर्गत सखी मंडल की महिलाएं फ्लाई ऐश की ईंटें बना रही हैं। ग्रामीण विकास सचिव चंद्रशेखर ने इन ईंट निर्माण की जानकारी ली है और जेएसएपीएस को निर्देश दिया है कि रूर्बन मिशन अन्तर्गत सखी मंडलों के माध्यम से परिचालन किए जा रहे फ्लाई ऐश ईंट निर्माण कार्य को पलाश हिंदी भाषा में अंकित कर ब्रांडिंग करने का काम करें, ताकि इनके उत्पाद को बाजार के साथ-साथ सही मूल्य मिल सके। सचिव ने रूर्बन मिशन अंतर्गत सखी मंडलों के माध्यम से चल रहे फ्लाई ऐश ईंट निर्माण उद्यम के लिए फंड की व्यवस्था करने, उनके व्यवसायिक क्षमता एवं आवश्यकता का आकलन करते हुए उनके लिए आवश्यक ट्रेनिंग, वित्त प्रबंधन, स्टॉक प्रबंधन, कच्चे माल की उपलब्धता एवं कार्यशील पूंजी की उपलब्धता के लिए विस्तृत कार्य योजना राज्य के सभी जिलों के उप विकास आयुक्तों से मांगी है। उन्होंने डिटेल प्रतिवेदन के लिए पांच अक्टूबर तक समय दिया है।

### कांग्रेस ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस ने सोमवार को कांग्रेस भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के बल पर अंग्रेजों से भारत को आजादी दिलायी। शरीर पर मात्र एक धोती लपेटे और लाठी के बल अंग्रेजों से मुकाबला किया।

# सरला बिरला स्कूल में गांधी जयंती पर हुए कई कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गांधी जयंती की पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने जल शक्ति मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान में भाग लिया, जिसमें छात्रों ने शिक्षकों के साथ बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी निपुणता का परिचय दिया। छात्रों और शिक्षकों ने ढेर सारी गतिविधियों में भाग लिया। साथ में उन्होंने स्कूल एवं विश्वविद्यालय परिसर की सफाई की। छात्र राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, आरा गए और नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। छात्रों ने राष्ट्रपिता के महत्वपूर्ण आदर्शों मे से एक 'स्वच्छता' को दशार्ने के लिए पारंपरिक नुक्कड़ नाटक के माध्यम का इस्तेमाल किया। छात्रों ने महात्मा गांधी के आदर्शों और उनके द्वारा प्रतिपादित मूल्यों पर आधारित कई निबंध, कविताएं, लघु कथाएँ और नारे लिखे। उन्होंने स्वच्छ समाज बनाने और स्वच्छ समाज में रहने की इच्छा को दशार्ते हुए स्वच्छता ही सेवाह्य पर पेंटिंग भी बनाईं। इन गतिविधियों के माध्यम से, सभी छात्रों को गांधीवादी मूल्यों और विचारों से अवगत किया गया और न केवल

## स्कूल में मनाई गई गांधी जयंती समारोह



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में राष्ट्रपिता-महात्मा गांधी की जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। गांधीजी को श्रद्धांजलि देने के लिए स्कूल परिसर में एक विशेष सभा आयोजित की गई। सभा की शुरूआत बापू की प्रिय प्रार्थना वैष्णव जन तो तेने कहिए से हुई। इसके बाद गांधीजी की वेशभूषा में छात्रों ने भाषण दिए, जिसमें उन्होंने बापू के जीवन से जुड़े किस्से साझा किए। छात्रों ने गांधीजी के सिद्धांतों और मूल्यों को जीवन में अपनाने की शपथ ली। इससे पहले 1 अक्टूबर 2023 को छात्रों ने जल शक्ति मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित ह्यस्वच्छता ही सेवाह्य अभियान के तहत कई गतिविधियों में भाग लिया। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने सभी को गांधी जयंती की शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने इस अवसर पर सभी को बधाई दी और उन्हें राष्ट्रपिता द्वारा प्रचारित सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्वच्छ भारत के महत्व पर जोर दिया और उन्हें समाज में साफ-सफाई और स्वच्छता के महत्व को समझाया।

## महात्मा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेने से ही होगा कल्याण : मनोज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महात्मा गांधी की जयंती पर दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त मनोज जायसवाल ने अपने कार्यालय में गांधी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमें महात्मा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेनी है। उनके आदर्शों को आत्मसात कर उनके द्वारा दिखाए गए सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर खुद को अग्रसर करने का संकल्प लेना है । उन्हीं की प्रेरणा से हम सभी कल्याण मिल सकता है। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों में हम सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपना शत प्रतिशत योगदान सुनिश्चित करना है। मौके पर दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के सचिव जुल्फिकार अली, उप निदेशक कल्याण निरंजन कुमार, आयुक्त के आप्त सचिव आश्रित लकड़ा, प्रशाखा पदाधिकारी विजय कुमार एवं प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# पीएम राष्ट्रपिता के सपनों को कर रहे साकार : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गांधी जयंती के मौके पर राजधानी रांची सहित राज्यभर में कार्यक्रमों का दौर जारी है। सामाजिक संगठनों के साथ राजनीति क्षेत्र से जुड़े नेताओं का जमावड़ा सुबह से ही मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में लगा रहा। इस मौके पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने बीजेपी के कई नेता बापू बाटिका पहुंचे। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, बिहार-झारखंड के संयुक्त संगठन महामंत्री नागेंद्र सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं ने इस दौरान राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने क्या कहाः कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री अमर रहे का नारा लगाया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी राष्ट्रपिता बापू के सपनों को साकार कर रहे हैं। कहा कि बापू ने देश से गरीबी हटाने के लिए स्वदेशी पर जोर दिया था। आज केंद्र सरकार की कई योजनाएं गरीबी हटाने को लेकर चलाई जा रही हैं, जिसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। बापू के आदर्शों पर चलने की जरूरतः बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज सभी देश के दो विभूति महात्मा गांधी और लाल बहादूर शास्त्री को याद कर रहे हैं। इनका योगदान अविस्मरणीय है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ-साथ जय जवान-जय किसान का नारा देकर कृषि को बढ़ावा देने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती है, जिसे पूरा राष्ट्र मना रहा है। बाबूलाल ने कहा कि देश दोनों के योगदान को कभी नहीं भुला सकता है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सत्य और अहिंसा का मंत्र आज पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक है और रहेगा। हमें इनके आदर्शों पर चलने की जरूरत है। यही वजह है कि जिस खादी को अपनाने के लिए महात्मा गांधी ने आह्वान किया आज उसे बढ़ाने का प्रयास केंद्र सरकार द्वारा किया जा रहा है।

## झामुमो नेताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा( झामुमो ) ने सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती पर मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर उपस्थित झामुमो के केन्द्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हम आज बापू की 154 वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि देने आए थे। पार्टी की ओर से हमलोग श्रद्धांजलि दिए। बापू के बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि आज यहां देखने को मिला कि जिन्होंने बापू की हत्या की, उनके विचारधारा पर चलने वाले लोग भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। ये खुशी की बात है कि महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प ले रहे हैं, उनकी कृतियों को सराह रहे हैं और अपना भी रहे हैं। पांडेय ने कहा कि झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को तो हेमन्त फोविया है ही, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को भी हेमन्त फोविया हो गया है। राज्यपाल तो हेमन्त सोरेन की तस्वीर से भी डरने लगे हैं। आर्यभट्ट सभागार में वर्षों से लगे मुख्यमंत्री की तस्वीर से डर गए जिसके कारण उनकी तस्वीर को उतरवाने के बाद ही कार्यक्रम में पहुंचे, राज्य के लिए दुर्भाग्य की बात है।



## गागर में सागर

### बोकारो : चास में एनएच पर ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**बोकारो।** चास-धनबाद मुख्य मार्ग (एनएच 32) पर सोलागीडीह के पास ट्रक की चपेट में आकर बाइक पर कोयला ढोने वाले मुमताज अंसारी उर्फ अलटू (50) की मौत हो गई. वह पुपुनकी गांव का रहने वाला था. घटना 2 अक्टूबर सुबह करीब 6.30 बजे की है. हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई. एनएच का एक लेन करीब दो घंटे तक जाम रहा. सूचना मिलते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे. वहीं, चास थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची. पुलिस ने शव को उठवाकर जाम लेन को क्लियर कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. परिजनों के अनुसार, मुमताज सुबह में घर से बाइक पर कोयले की बोरी लादकर बेचने के लिए निकला था. सोलागीडीह के पास धनबाद की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे चपेट में ले लिया. मुमताज बाइक सहित सड़क पर गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई. घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकला. चास पुलिस ट्रक और चालक की खोज में जुट गई है.

### बोकारो : मूसलाधार बारिश में जरीडीह व कसमार में कई कच्चे घर गिरे

**बोकारो।** पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, वहीं जरीडीह व कसमार प्रखंड में कई गरीबों के आशियाना ध्वस्त हो गए हैं. जानकारी के अनुसार 1 व 2 अक्टूबर को हुई लगातार वर्षा में जरीडीह प्रखंड के टोंडरा निवासी हाजी बाबुजान अंसारी व लुठु महतो का कच्चा कोठा घर, कसमार प्रखंड के बगदा पंचायत के भवानीपुर के भगीरथ महतो का घर, बगदा के कृष्ण किशोर महतो का कच्चा घर, दुगार्पुर पंचायत के डुंडाडीह के अर्जुन महतो व लालमटिया के नारायण महतो का घर, सिंहपुर पंचायत के गोरियाकुदर के लालू महतो, करमा भंडारडीह के बेनीलाल महतो, बरईकला के टेका करमाली, ओरमो के पैरा महतो व टाँगटोना पंचायत के नावाडीह निवासी नंदकिशोर महतो का कच्चा घर ध्वस्त हो गया है. इसमें अभी तक किसी जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है. इसके अलावा खैराचातर, सिंहपुर, मंजुरा व कसमार में मुख्य सड़क पर जलजमाव से वाहन चालकों व ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गयी है. कसमार प्रखंड मुख्यालय से सटे सुरजुडीह गांव में गड़िया बांध के सामने घुटनेभर जलजमाव से लोगों की परेशानी हो रही है. सुरजुडीह के ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक को इस जर्जर पथ की पुनः पक्कीकरण व नाली निर्माण कराने की मांग की है.

### बेलकपी मुखिया ललीता देवी ने किया आयुष्मान कार्ड का वितरण



**बरकट्ठा।** गांधी जयंती के अवसर पर आयुष्मान भवः के तहत लाभुकों का मुफ्त आयुष्मान कार्ड बनाया गया तथा बेलकप्पी पंचायत की मुखिया ललीता देवी के द्वारा 15 लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। वहीं ललीता देवी ने बताया कि शेष लाभुकों को भी जल्द आयुष्मान कार्ड बनाकर वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी धीरेंद्र पांडेय, नंदू राणा, स्वास्थ्य सहिया, सीएचओ अर्पण दास, सहिया साथी सुनीता देवी,सहिया लक्ष्मी देवी,रूबी देवी, ज्ञानसि देवी, आरती वर्णवाल, पार्वती देवी, गीता देवी, सकुंतला देवी, मेघनी देवी, संजय कुमार, सुरेन्द्र नायक समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### धनबाद : गांधी जयंती पर जदयू ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध निकाली पदयात्रा



**धनबाद।** तोपचांची प्रखंड के खरीयो फाटक से गोमो पुरानी बाजार स्थित गांधी प्रतिमा तक जदयू प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह ने सोमवार 2 अक्टूबर को भ्रष्टाचार के विरुद्ध पदयात्रा निकाली. पदयात्रा में जदयू के कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल थे. इसके पहले पुराना बाजार स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई. जद यू नेता सिंह ने कहा कि यह पदयात्रा भ्रष्टाचार के विरुद्ध संकेत है. पंचायत से लेकर प्रखंड कार्यालय हर जगह भ्रष्टाचार अपनी जड़ जमाए हुए है. छोटे बड़े सभी काम पर भ्रष्टाचार इतना हावी हो गया है कि गरीब तबके के लोगों का काम हो ही नहीं पा रहा है. मौके पर सूरज सिंह, जितेन्द्र पांडेय, अजमत अंसारी, सुखदेव दास, बिन्दु देवी आदि मौजूद थे.

## डीसी व पदाधिकारियों ने दी महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि

# 'सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलने की अपील'



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 119 वीं जयंती पर सोमवार 2 अक्टूबर को उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमलाकांत गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने सिटी सेंटर पर स्थापित राष्ट्रपिता व पूर्व प्रधानमंत्री की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इसके बाद खादी ग्रामोद्योग संघ तथा सभी पदाधिकारियों ने गांधी सेवा सदन में दोनों महापुरुषो को पुष्पांजलि दी. उपायुक्त ने कहा कि 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता और पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती मनाते हैं. दोनों महापुरुषों का देश के स्वतंत्रता संग्राम में अभूतपूर्व योगदान रहा है. सभी जिले वासियों की तरफ से हम सभी लोग, दोनों महापुरुषों के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित करते हैं. उम्मीद करते हैं कि इन दोनों महापुरुषों ने जो हमें सत्य व अहिंसा का पाठ पढ़ाया है, उन पर अमल करेंगे व उनके मूल्यों का अनुसरण करेंगे. गांदी जी का मार्ग अपना कर समाज को विकास के पथ पर आगे ले चलने में कामयाब होंगे..

### विधायक ने श्रद्धा के साथ मनाई राष्ट्रपिता व शात्री जी की जयंती

**गिरिडीह।** गिरिडीह शहर सहित पूरे जिले में 2 अक्टूबर सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई. शिक्षण संस्थानों, सरकारी कार्यालयों, राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के कार्यालयों में समारोह आयोजित कर दोनों महापुरुषों को नमन किया गया. गिरीडीह स्थित झामुमो कार्यालय में विधायक सुदिव्य कुमार सोनू की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में बापू और शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई. उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया. विधायक ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व और राष्ट्र हित में उनके अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की. बापू के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि अहिंसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है. महात्मा गांधी ने इस सिद्धांत को अपनाकर अंग्रेजों को झुकने पर मजबूर कर दिया. वही लाल बहादुर शास्त्री सादगी के प्रतीक थे. इसके बाद विधायक ने तिरंगा चौक पर किरण पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित दी. मौके पर स्कूल के निदेशक अशोक कुमार सिंह, राजीव रंजन सिंह, झामुमो जिला अध्यक्ष संजय सिंह, रॉकी सिंह, विनोद यादव, राकेश रंजन आदि मौजूद थे.

### गिरिडीह : मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**गिरिडीह।** गांधी जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर को विभिन्न राजनीतिक दल व आम लोगों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन किया. इस मौके पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, भाजपा नेता सुरेश साव सहित कई गणमान्य लोगों ने गांधी चौक स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी. इस दौरान मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने लोगों से अहिंसा व सच्चाई के मार्ग पर चलने का आह्वाहन किया.

### बीएसएल के अधिकारियों व राजनीतिक दलों के नेताओं ने बापू को किया नमन



**बोकारो।** गांधी विचार मंच ने बोकारो इस्पात संयंत्र के सहयोग से दो अक्टूबर को सेक्टर-4 स्थित गांधी प्रतिमा स्थल पर राष्ट्रपिता की जयंती धूमधाम से मनाई. समारोह में मुख्य अतिथि बोकारो विधायक बिरंची नारायण, विशिष्ट अतिथि बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, बीएसएल के अधिकारी व राजनीतिक दलों के नेताओं ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. बिरंची नारायण ने लोगों से बापू के ग्राम स्वराज्य के सपने को पूरा करने करने के लिए आगे आने की अपील की. इस अवसर पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा में भी लोगों ने भाग लिया. कार्यक्रम की अध्यक्षता गांधी विचार मंच के अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने की. मौके पर पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, बोकारो के एसपी प्रियदर्शी आलोक, बोकारो स्टील प्लांट के ईडी बीके तिवारी, चास एसडीओ दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता मेनका, भाजपा नेता लक्ष्मण नायक, गांधी विचार मंच के महासचिव विनेश कुमार नायक, प्रदीप कुमार गोराई, ओमप्रकाश गुप्ता, राजकुमार जायसवाल, सहदेव साह, सूर्यकांत गुप्ता, डीके साह, रेणु साह, ज्योति लाल महतो, शैलेश कुमार वर्णवाल आदि मौजूद थे. कार्यक्रम का संचालन डॉ विजय कुमार और विमल नायक ने संयुक्त रूप से किया.

### भाजपा कार्यालय में मनाई गई गांधी-शास्त्री की जयंती

## महापुरुषों की जीवनी से युवाओं को प्रेरणा लेने की है जरूरत : मनोज यादव



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** गांधी शास्त्री जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यालय में जयंती समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित हुए. कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यातिथि ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन के साथ किया. इसके बाद उपस्थित पदाधिकारी और कार्यकताओं ने महापुरुषों को पुष्पांजली के साथ नमन किया. उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने दोनों महापुरुषों की जीवनी पर प्रकाश डाला. युवाओं से महापुरुषों से प्रेरणा लेने की बात कही. उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्श और जीवन देश की हर पीढ़ी को कर्तव्य पथ पर चलने के लिए प्रेरित करते रहेंगे. महात्मा गांधी ने शांति और स्वच्छता का संदेश दिया था. उन्हीं के बताए मार्ग को अपनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का लक्ष्य पाने में जुटे हैं. पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व व कृतित्व पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जय जवान जय किसान का उद्घोष कर सुरक्षा के साथ आत्मनिर्भरता के प्रति उन्होंने आह्वान किया था. उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा. अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों की बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया.

### गांधी-शास्त्री जयंती पर आइलेक्स में कल- आज के भारत पर हुई चर्चा

**बरही ।** गांधी शास्त्री जयंती के अवसर पर आईलेक्स पब्लिक स्कूल के विभिन्न शाखाओ में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत दोनों महापुरुष के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. इसके साथ ही स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विद्यालय परिसर सहित वर्गकक्ष की सफाई की गई. पांच माधव स्थित मुख्य ब्रांच में विद्यार्थियों के बीच कल और आज कि भारत पर चर्चा किया गया. जिसमें विद्यालय के बच्चों सहित शिक्षको ने दोनो महापुरुषों के आदर्श, जीवनी के साथ बदलते भारत की यात्रा का बखान किया. निदेशक शैलेश कुमार ने बताया कि गाँधी जी का सम्पूर्ण जीवन ही मार्गदर्शक रहा है. जिन्होंने अपने जीवन में सदैव शांति और अहिंसा पर जोर दिया.

## उपायुक्त ने किया निर्माणाधीन समाहरणालय का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** बरवाअड्डा हवाई पट्टी स्थित बन निमार्णाधीन समाहरणालय का निरीक्षण सोमवार 2 अक्टूबर को उपायुक्त ने किया. उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्य की जानकारी ली. निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया कि भवन का 95 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा पुरा हो चुका है. शेष कार्य एक से डेढ़ माह में पूरा होने की उम्मीद है. अधिकारियों की जरूरत जैसे केबिन, सीट एलोकेशन आदि पर भी ध्यान दिया जा रहा है. जिन कार्यालयों की ज्यादा जरूरत है, उसे तत्काल शिफ्ट किया जाएगा. कार्य संतोषजनक है, जहां कमियां हैं, उसमे सुधार के निर्देश दिए जा रहे हैं. मौके पर उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, संबंधित अभियंता समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

### मनोहरपुर : घर में प्रसव के दौरान महिला की मौत, सहिया, एएनएम व अन्य संदेह के घेरे में

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** मनोहरपुर थाना क्षेत्र की एक महिला का घर में ही प्रसव के दौरान मौत का मामला सामने आया है. पुलिस उक्त महिला के शव को सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है. साथ ही इस मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे की कार्रवाई कर रही है. विदित हो कि मृतक महिला का प्रसव 30 सितंबर की रात को मनोहरपुर भट्टी मुहल्ला स्थित किराए के एक घर पर हुई थी. प्रसव कराने में दो सहिया एवं एक एएनएम की भूमिका है. महिला ने एक पुत्र को जन्म दिया है, किंतु रविवार की देर शाम महिला की मौत हो गई. मनोहरपुर की सहिया साधना साहू ने उस महिला को मनोहरपुर सीएचसी पहुंचाया. वहां मौजूद डॉक्टरों ने देखते ही महिला को मृत घोषित कर दिया. उसके बाद मृतक महिला को मनोहरपुर भट्टी मुहल्ला स्थित उसी किराए के घर पर ले जाया गया, जबकि इस घटना की सूचना पुलिस को देने के बजाए सहिया साधना साहू चुप हो गई. इधर पहले से जन्मे बच्चे को गोद लेने के लिये एक महिला तैयार थी, किंतु किसी ने भी पुलिस को इस घटना की सूचना देना उचित नहीं समझा. इस कारण यह मामला संदेह के घेरे में आ गया है.

## बापू की जयंती पर सफाई कर्मियों को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** गुवा सेल के जेनरल ऑफिस में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती पर गुवा सेल में कार्यरत सफाई कर्मियों को सेल के मुख्य महा प्रबंधक कमल भास्कर ने सम्मानित किया. इस दौरान गुवा टाउनशिप व गुवा सेल अस्पताल के सफाई कर्मियों को गंजी तथा महिला सफाई कर्मियों को साड़ी देकर सम्मानित किया. मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सीजीएम कमल भास्कर ने कहा कि सफाई कर्मी ही एक ऐसा व्यक्ति है जो सभी जगहों को साफ सुथरा रखता है. इन सफाई कर्मियों के द्वारा ही हम लोग स्वस्थ रहते हैं. आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई रखने में सफाई कर्मियों की सबसे बड़ा योगदान है. इसलिए सफाई कर्मी आज के नायक हैं. आस-पास की साफ-सफाई से हम लोग भी स्वस्थ रहते हैं. इस मौके पर सेल के अधिकारियों में माइंस मैनेजर शंकर प्रसाद दास, संजय बनर्जी, डॉक्टर आनंद, अंतयार्मी महाकुड, टीमू गोच्छाईत, प्रीतम गोच्छाईत, संजू गोच्छाईत सहित अन्य मौजूद थे.

**हाई अलर्ट** | मैथन 6 फीट व पंचेत 9 फीट खतरे के निशान से नीचे

# बारिश से मैथन-पंचेत डैम का जलस्तर बढ़ा



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** दामोदर घाटी के ऊपरी क्षेत्र में लगातार बारिश से मैथन व पंचेत डैम का जलस्तर काफी तीव्र गति से बढ़ रहा है. केन्द्रीय जल आयोग के निर्देश पर सोमवार 2 अक्टूबर से मैथन डैम से 55 हजार क्यूसेक और पंचेत डैम से 75 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है. डैमों से पानी छोड़े जाने के कारण दामोदर घाटी के निचले क्षेत्र यानी पश्चिम बंगाल में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है. हालांकि केन्द्रीय जल आयोग एवं डीवीसी जलाशय प्रबंधन विभाग ने पहले ही पश्चिम बंगाल प्रशासन को हाई अलर्ट कर दिया था, ताकि नदी किनारे रहने वाले लोग सतर्क हो जाएं. जानकारी के अनुसार पिछले दस दिनों में मैथन डैम के जलस्तर में 7 फीट तथा पंचेत डैम के जलस्तर में 9 फीट की वृद्धि दर्ज की गयी है. दामोदर घाटी के ऊपरी क्षेत्र स्थित तिलैया, कोनार एवं तेनुघाट डैम से लगातार पानी छोड़े जाने व बारिश के कारण दोनों डैम का जलस्तर काफी तेजी बढ़ा है. सीडब्ल्यूसी के अनुसार 2 अक्टूबर को मैथन डैम में 79,109 एकड़ फीट और पंचेत डैम में 1,03,098 एकड़ फीट पानी ऊपरी क्षेत्र से आ रहा है. इसे देखते हुए मैथन डैम से 30823 एकड़ फीट एवं पंचेत डैम से 49226 एकड़ फीट पानी छोड़ा जा रहा है. सोमवार की सुबह मैथन डैम का जलस्तर 488.81 फीट मापा गया, जो खतरे के निशान 495 फीट से 6 फीट कम है,जबकि पंचेत का जलस्तर 415.49 फीट (डेंजर लेबल 425 फीट) मापा गया है. वहीं कोनार डैम का 1391.40 फीट, तिलैया डैम का 1202.72 फीट एवं तेनुघाट डैम का 855.35 फीट जलस्तर मापा गया. उपरोक्त सभी डैम के जल स्तर पर केंद्रीय जल आयोग के अधिकारियों की कड़ी नजर बनी हुई है. विभाग का मानना है कि लगातार बारिश के कारण सभी डैमों के जलस्तर में वृद्धि हुई है, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है. सब कुछ सामान्य है.

## दुमका जिला की 'धार्मिक-सांस्कृतिक-पुरातात्त्विक झलक' पुस्तक का लोकार्पण



**नवीन मेल संवाददाता**

**दुमका।** सोमवार को दुमका के जोहार संस्थान में पंडित अनूप कुमार वाजपेयी द्वारा सम्पादित पुस्तक पूर्वी भारत के दुमका जिला की धार्मिक-सांस्कृतिक-पुरातात्त्विक झलक का लोकार्पण किया गया। पुस्तक के लेखक पंडित अनूप कुमार वाजपेयी और आचार्य चन्द्रशेखर यादव हैं। लोकार्पण समारोह प्रयास फॉउंडेशन फॉर टोटल डेवलपमेंट संस्था के तत्तावधान में आयोजित हुआ। लोकार्पण पदाधिकारियों, लेखकों, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों आदि ने सामूहिक रूप से किया। पुस्तक के लेखक पंडित वाजपेयी ने अपने लेखकीय अनुभव को साझा करते हुए कहा कि इसके लेखन में अन्वेषण के दौरान मैंने जंगल-पहाड़ों में बिखरे पुरातात्त्विक महत्त्व के अवशेषों, जीवाश्मों, धार्मिक-ऐतिहासिक स्थलों के इतिहास को सचित्र समेटने का प्रयास किया है। इस पुस्तक की सार्थकता तभी सिद्ध हो सकती है जब सरकार इस क्षेत्र के पुरातात्त्विक स्थलों के संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाये। कार्यक्रम में उपस्थित एसएसबी कमांडेंट मनोरंजन पांडेय ने कहा कि पंडित वाजपेयी द्वारा खोजी गयी जीवाश्मों वाली चट्टान का यदि संरक्षण हो तो यह विश्व की धरोहर बन सकती है। सेवानिवृत्त एडीएम चतुर्भुज नारायण मिश्र ने कहा कि पंडित वाजपेयी की पुरातत्त्व पर पकड़ है। सेवानिवृत्त पदाधिकारी अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि संताल परगना प्रमंडल की संस्कृति काफी समृद्ध रही हैं। इस अवसर पर एसपी कॉलेज के संस्कृत विभागाक्ष नृपेन्द्र पाठक, भागवत झा आजाद कालेज, कुंडहित के इतिहास विभागाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार द्विवेदी, पत्रकार सुमंगल ओझा, अमरेन्द्र सुमन, बाजार समिति के राजीव रंजन आदि ने भी अपने विचार प्रकट किये।

## गागर में सागर

### झारखंड प्रदेश गोस्वामी कल्याण परिषद की 30वीं वर्षगांठ मनाई गई



**बरकट्ठा।** प्रसिद्ध ऐतिहासिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम में झारखंड प्रदेश गोस्वामी कल्याण परिषद की 30वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम नवनियुक्त अध्यक्ष उमेश गिरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में महामंत्री राजकुमार गिरी का अहम योगदान रहा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उमेश गिरी ने कहा कि गोस्वामी समाज को एकजुट होकर समाज का उत्थान करना है। साथ ही गरीब और निसहाय को सहारा देने के लिए,अशिक्षित को शिक्षा देने में निरंतर गोस्वामी समाज अपनी भूमिका निभाती रहेगी। कहा की प्रखंड कमेटी का बहुत जल्द चयन किया जायेगा। वहीं केंद्रीय सदस्य सुनीता गिरी ने कहा गोस्वामी समाज अभी झारखंड में काफी पीछे है। इन्हें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही साथ संगठन मजबूती पर भी विशेष जोर दिया गया। मौके पर दुर्गा दास गोस्वामी, बिंदेश्वर पांडा, दिलीप भारती, राजकुमार गिरी, मुरली गोस्वामी, अर्चना गोस्वामी के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### दुलमी प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने बापू को दी श्रद्धांजलि



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनायी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक प्रकाश, जिसने दुनिया को शांति और सौहार्द का रास्ता दिखाया। एक विचार, जिसने सत्य और अहिंसा को मानवता का सबसे ताकतवर हथियार बनाया। एक आदर्श, जिसने स्वतंत्रता, समानता और समन्वय के बीज बोये। राष्ट्रपित महात्मा गांधी का दिखाया सत्य, अहिंसा और सौहार्द का मार्ग ही शांति और तरक्की ला सकता है। महात्मा गांधी का प्रभाव वैश्विक है, जो संपूर्ण मानव जाति को एकता और करुणा की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है राष्ट्रपिता हम सदैव उनके सपनों को पूरा करने की दिशा में काम करते रहें। उनके विचार हर युवा को उस बदलाव का वाहक बनने में सक्षम बनाए जिसका उन्होंने सपना देखा था, जिससे सर्वत्र एकता और सद्भाव को बढ़ावा मिले।

### विधायक ने किया होटल का उद्घाटन



**रामगढ़ ।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कोठार स्थित चौधरी होटल एवं रेस्टॉरेंट का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि रामगढ विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर किया गया। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने बताया कि कोठार क्षेत्र के रेस्टुरेंट खुलने से आस पास के लोगों को ताजा एवं अच्छा खाने वाली चीजें प्राप्त होंगी। उन्होंने होटल संचालक से खाने की चीजों पर विशेष गुणवत्ता का ध्यान देने के लिए आग्रह किया । वहीं, संचालक पोखलाल चौधरी ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में सस्ती दरों में खाने की चीजें उपलब्ध होंगी। मोकर पर मुख्य रूप से राजाराम महतो,विंग कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह,महेश चौधरी,भीम चौधरी आदि उपस्थित थे।

### चित्रांश परिवार ने मनाई महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

**बरही ।** सूर्यमंदिर परिसर स्थित चित्रगुप्त मंदिर प्रांगण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई. कार्यक्रम की शुरूआत दोनो महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजली और दीप प्रज्वलित किया गया. मौके पर मौजूद वरिष्ठ चित्रांश राजेंद्र रुखरियार ने दोनो महापुरुषों के जीवनी पर चर्चा किया. उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री गुदड़ी के लाल के नाम से जाने जाते है. उन्होंने कहा कि शास्त्री जी चित्रांश समाज के एक अमूल्य धरोहर थे. गरीबी कभी भी उनकी चुनौती नही बनी. उनके बताए आदर्शो पर चलने की आवश्यकता है. कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगो ने भी पूर्व प्रधानमंत्री और राष्ट्रपिता के बातों पर चर्चा किया.

## डीसी और एसपी समेत कइयों ने दी श्रद्धांजलि

# हजारीबाग में याद किए गए बापू और शास्त्री जी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर हजारीबाग समाहरणालय परिसर में बापू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई. डीसी नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे, उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित समेत कई वरीय पदाधिकारी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया. 2 अक्टूबर को डॉ. राजेंद्र प्रसाद की भी जयंती है. उन्हें भी नमन कर श्रद्धांजलि दी गई. डीसी व एसपी ने इंद्रपुरी चौक पर स्थित लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि करते हुए उनको याद किया. उन्होंने कहा राष्ट्र के प्रति सच्ची देशभक्ति की भावना जागृत करने में इन महापुरूषों का अहम योगदान है. इनका संपूर्ण जीवन हम सबके लिए अनुकरणीय है. डीसी ने कहा कि हजारीबाग में कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. समाहरणालय परिसर में पुष्पांजलि देने के बाद कुम्हार टोली स्थित गांधी स्मारक में भी पुष्पांजलि अर्पित की गई. जिले में खादी मेले का आयोजन भी किया जा रहा है. बापू की 154वीं जयंती के अवसर पर जिले में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम चलाया जा रहा है. डीसी ने कहा कि देश के प्रति प्रेम और स्वच्छता के प्रति कड़े अनुशासन के मार्ग पर चल कर ही हम पूरी दुनिया में एक आदर्श राष्ट्र के रूप में जाने जा सकते हैं. स्वच्छता को आत्मसात कर देश को स्वच्छांजलि देकर ही हम इन महापुरूषों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं. बता दें कि डीसी ने समाहरणालय भवन परिसर में अवस्थित गांधी जी के स्मारक को आत्मनिर्भरता की अविरल धारा, बापू का चरखा नाम दिया है.

### बापू-शास्त्री जयंती पर गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कई प्रतियोगिता

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुकुंदगंज में सोमवार को महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई. मौके पर प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार यादव ने कहा कि गांधी जी ने न सिर्फ राजनीतिक और सामाजिक नेतृत्व किया, बल्कि देश को शैक्षिक नेतृत्व भी प्रदान किया. गांधी जी का मानना था कि बालक को जो शिक्षा मिलनी चाहिए, उनमें शारीरिक शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है. गांधी जी की शिक्षा पर जो नीति थी वह आज भी प्रासंगिक है. गांधी जी ने आजादी की लड़ाई के साथ-साथ छुआ-छूत उन्मूलन, हिन्दू-मुस्लिम एकता, चरखा और खादी को बढ़ावा, ग्राम स्वराज का प्रसार, प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा और परंपरागत चिकित्सीय ज्ञान के उपयोग सहित तमाम दूसरे उद्देश्यों पर कार्य करना निरंतर जारी रखा. उन्होंने महात्मा गांधी को युग पुरुष बताते हुए उनके जीवन से शिक्षा ग्रहण कर सत्य-अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रशिक्षुओं को प्रेरित किया. कॉलेज में चार दिवसीय स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा है के तहत अंतिम दिन निबंध, भाषण व चित्रांकन प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया. निबंध प्रतियोगिता में बीएड सत्र 2023-25 की प्रशिक्षु प्रिया कुमारी प्रथम, द्वितीय मून अनुग्रह लकड़ा, तृतीय एमलीन कंडुलना व नेहा एक्का, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम उपेंद्र पटेल, द्वितीय नितेश सुमन लकड़ा, तृतीय राहुल कुमार दास, चित्रांकन में प्रथम मून अनुग्रह लकड़ा, द्वितीय रानी कुमारी, तृतीय नितेश सुमन लकड़ा को प्राचार्य ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया.

## रामगढ़ मुक्तिधाम गांधी घाट: महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को दी गई श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों ने शहर के गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिसके उपरांत उन्होंने मुक्तिधाम स्थित गांधी घाट पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया गया। गांधी घाट पर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे , उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो , अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित अन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर मुक्तिधाम स्थित गांधी घाट पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने गांधी जी के विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि जब भी आपको वहम हो और लगे कि आपने अपने जीवन में बहुत कुछ हासिल कर लिया है तो अपने आस-पास के सबसे दिन-हीन/कमजोर और अंतिम व्यक्ति को देखिए और विचार कीजिए कि आपने आज तक अपने जीवन में जो कुछ भी हासिल किया है उससे उस व्यक्ति के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा है क्या उसके जीवन में कुछ परिवर्तन हुआ और जब आप यह सोचेंगे तो आपका वहम खुद ही कम होने लगेगा। इसका तात्पर्य यह है कि कोई भी व्यक्ति बड़ा इससे नहीं होता कि उसने कितना धन कमाया या सोशल मीडिया पर उसके कितने फॉलोअर्स हैं व्यक्ति बड़ा तब होता है जब वह समाज के उस दिन-हीन/कमजोर और अंतिम व्यक्ति के लिए कुछ कर सकने में सक्षम हो या कर पाए। तो आज हम लोग इसी संकल्प के साथ इस गांधी जयंती की शुरूआत करें और अपने जीवन की रूप रेखा में अवश्य ही गांधी जी के इस जंतर को शामिल करें और अपने साथ-साथ अपने समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए कार्य करें। वहीं, कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने कहा कि गांधी घाट के विद्युत सौदाहगृह को भी जल्द से जल्द क्रियान्वित करने हेतु कार्य किया जा रहे हैं तथा यथाशीघ्र इसे शुरू भी कर दिया जाएगा। साथ ही गांधी घाट को केवल छठ घाट ही नहीं बल्कि एक वृहद योजना के रूप में विकसित करने के लिए योजना तैयार की जा रही है एवं एक वृहद एवं भव्य तोरण द्वार का भी निर्माण जल्द से जल्द कराया जाएगा।

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने मनाई लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा हजारीबाग जिला इकाई के द्वारा जिला अध्यक्ष अरुण प्रभात सिन्हा के नेतृत्व में चित्रांश शिरोमणि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई. स्थानीय शास्त्री चौक इंद्रपुरी के समीप देश और समाज के लिए उनके द्वारा किए गए काम तथा उनके आचरण तथा विचारों को अनुशरण करने की सभी ने शपथ ली. इस कार्यक्रम में महासभा के लोग उपस्थित थे. अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का मुख्य उद्देश्य मानव जाति के हर उस अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर मदद करना है. मौके पर मौजूद बृजमोहन प्रसाद, अजय अम्बष्ट, शशिकांत, संजय कुमार सिन्हा, रूपेश बिहारी लाला, प्रबल प्रताप नारायण, राजीव रंजन, संजय सिन्हा, अरुण कुमार सिन्हा, बैजनाथ लाल, प्रियम सिन्हा और महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अर्चना सिन्हा, रश्मि लाल, मिताली, रश्मि, कुमकुम सिन्हा, सरिता सिन्हा, उषा सिन्हा, शोभा प्रसाद इन लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया और जय जवान, जय किसान का नारा भी लगाया.

### राधा गोविंद विश्वविद्यालय

## छात्र और छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चला किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** भारत सरकार के आदेशानुसार राधा गोविंद विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग एवं मास्टर ऑफ सोशल वर्क विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ रश्मि, सहायक प्रोफेसर संगीता कुमारी एवं पवन कुमार के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने नगर परिषद क्षेत्र के चेटर गांव में स्वच्छता ही पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। कुलाधिपति बी एन साह ने सभी छात्र- छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपना सफाई कर्मी स्वयं होना चाहिए और स्वच्छता स्वतंत्रता से अधिक जरूरी है। को मानने वाले राष्ट्रपति महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर 2 अक्टूबर 2014 से स्वच्छ भारत अभियान प्रारंभ किया गया था। कुलसचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की हमें महात्मा गांधी के कथनों का अनुसरण करने की आवश्यकता है। अतः यदि कोई व्यक्ति स्वच्छ नहीं है तो स्वस्थ नहीं रह सकता है। कार्यक्रम उपस्थित राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ ट्रस्ट की सचिव प्रियंका कुमारी, परीक्षा नियंत्रक डॉ अशोक कुमार आदि उपस्थित थे।

### झुरझुरी पंचायत भवन में विशेष ग्राम सभा

## मुखिया प्रियंका कुमारी ने मनाई गांधी जी की जयंती



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के झुरझुरी पंचायत मुखिया प्रियंका कुमारी के द्वारा पंचायत भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पंचायत में विकास कार्यों को लेकर एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया तथा विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व उन्हें नमन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रियंका कुमारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी इस देश के लिए काफी महत्वपूर्ण व्यक्ति थे। कहा कि गांधी ने सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद कराया।हमें उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए तभी हमारा देश विश्व गुरु बन सकता है। कार्यक्रम में मुखिया प्रतिनिधि सुखदेव यादव, वार्ड सदस्य प्रयाग रविदास, गीता देवी वार्ड सदस्य,विनय कुमार, उमेश प्रसाद बीएफटी, वार्ड सदस्य दयानंद प्रसाद, दुलारचंद प्रसाद, मुकेश कुमार, तेजमानी रविदास, सुरेंद्र दास, मुकेश रविदास, अर्जुन रविदास, मनीष कुमार, उर्मिला, कबूतरी, शांति, कौशल्या देवी, सुंदरी देवी, मंजू देवी, माथुर रविदास, जागो रविदास समेत दर्जन लोग शामिल थे।

### कपका पंचायत : हाल-बेहाल

## बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, कई कच्चे मकान गिरे



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में तीन दिनों से हो रहे लगातार मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है । वहीं क्षेत्र के कई कच्चे मकान ध्वस्त हो गये। रविवार को मूसलाधार बारिश में प्रखंड के कपका पंचायत अंतर्गत बसरिया निवासी नन्हकी देवी पति स्व. सहदेव रविदास बरकट्ठा निवासी द्वारिका यादव और तूईयो पंचायत निवासी बूंदो देवी का कच्चा मकान ध्वस्त हो गया। लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। वहीं घरेलू उपयोग के सामान व चावल मलवे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव ने पीड़ित परिवारों आवास देने और अंचलाधिकारी से आर्थिक मदद की मांग की है। वहीं लगातार बारिश से खेतों में पानी जमा हो गया है। इससे जहां धान के पौधे से निकल रहे बाली पर असर पड़ा है तो सब्जी फसल के पौधे की क्षति हो रही है। किसान एक तरफ आषाढ़, सावन, भादो माह में सुखाड़ का दंश झेल रहे हैं तो दूसरी ओर अब अतिवृष्टि से दोहरी मार झेलने को विवश है।

### स्वच्छता पखवाड़ा

### बरही पीडब्ल्यूडी परिसर सहित प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में फैली गंदगी का लगा अंबार

# सफाई नहीं, फोटो व कोरम पूरा करना है एक मात्र उद्देश्य : छट्ठू गोप









**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है. बरही में भी अभियान को लेकर कुछ कार्यालय परिसर या स्थलों पर झाड़ू चलाकर अधिकारियों या समाजसेवी अथवा जनप्रतिनिधियों ने कोरम तो अवश्य पूरा कर लिया. परंतु वास्तविकता अभी भी इस अभियान को मुंह चिढ़ाने के लिए तैयार है. उक्त बाते विधासभा विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप ने कही. उन्होंने बताया कि प्रखंड परिसर स्थित अब्दुल कलाम पार्क हो या प्राथमिक विद्यालय परिसर अथवा पीडब्ल्यूडी कार्यालय गंदगी का अंबार लगा है. पूरा परिसर झाड़ियों, मल मूत्र और गंदगी से पटा है. बदबू की वजह से पीडब्ल्यूडी परिसर स्थित कार्यालय में अधिकारी बैठना भी पसंद नही करते है. वही चिल्ड्रन पार्क की स्थित बदतर है. हर पग पर झाड़ियों और झुरमुटो के साथ प्लास्टिक आदि गंदगी का अंबार है. पितृपक्ष के कारण हर दिन पितरों को पानी देने के लिए नदी के गंदे घाट पर लोगो की भीड़ लगी होती है. बाबजूद किसी सामाजिक संस्था या स्वयसेवी संस्थान अथवा जनप्रतिनिधि ने सफाई की ओर ध्यान नही दिया. बरही का बस स्टेंड, प्लस टू उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय बरही के सामने, बरही चौक आदि क्षेत्र में भवन कूड़ो से पटा है. जनहित के लिए इसे महज कागजो और मीडिया की सुर्खियों तक ही नही बल्कि वास्तविकता के साथ धरातल पर संपादित करने की आवश्यकता है. उन्होंने यह भी कहा कि है गंदगी साफ करने के लिए किसी दूसरे की नही बल्कि स्वयं के सोच को बदलना होगा. स्वच्छता के लिए स्वयं को आगे आना होगा. सफाई और स्वच्छता के प्रति जागरूक होना होगा अन्यथा सरकार का यह कार्यक्रम महज एक दिखावा सा रह जायेगा.

## गागर में सागर

### डोमचांच शिवसागर तालाब में पत्रकारों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कोडरमा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर गांधी जंयती के शुभ अवसर पर डोमचांच ऐतिहासिक शिवसागर तालाब पर डोमचांच के पत्रकारों ने स्वच्छता अभियान और श्रमदान कर सहभागिता किया गया. इस अभियान में मुख्य रूप से कोडरमा से चलकर आए, हम सबों का मार्ग दर्शक अधिवक्ता शिवनंदन शर्मा, समाज सेवी बसंत मेहता, मुखिया प्रतिनिधी रूपनडीह शंकर कुमार दास, पत्रकार,रंजन सिंह, अंकू गोस्वामी ,सुनील रजक,मनोज पाण्डेय,सोनू कुमार दास,रोशन कुमार गुप्ता,संतोष कुमार शर्मा,आशुतोष नंदन,देव खटीक ,बच्चन कुमार दास के अलावा सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे और अपनी सहभागिता निभाई.

### क्लोरोफिल स्कूल में धूमधाम से मनी गांधी व लाल बहादुर शस्त्री जयंती

**कोडरमा।** महाराणा प्रताप चौक स्थित क्लोरोफिल स्कूल में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को धूम धाम से मनाया गया। इसमें छोटे-छोटे बच्चे गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के लिबास में आए थे। छोटे बच्चों ने गांधी जी पर बनी सबसे लोकप्रिय गीत दे दी हमें आजादी बिना खडग, बिना ढाल पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। प्राइमरी क्लास के बच्चों ने गांधी जी और शास्त्री जी की तस्वीर को अपने हाथों से कैनवास पर पेंसिल और रंगों की सहायता से उकेरा। कुछ बच्चों ने गांधी जी और शास्त्री जी के स्लोगन जय जवान, जय किसान,सत्य और अहिंसा को भी अपने चार्ट पेपर पर लिखकर दशार्या। कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। स्कूल की प्राचार्या कंचन अग्रवाल ने दोनों महापुरुषों की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुलगना, नफीसा, एकता, कृति, आंचल, दिव्या, रूपम, अलका, संतोष, सीमा जैन, पंकज सहाय की भूमिका सराहनीय रही।

### सदर अस्पताल के सीएस सभागार में महात्मा गांधी को दी गई श्रद्धांजलि

**कोडरमा।** सदर अस्पताल कोडरमा के सिविल सर्जन सभागार ने गांधी जयंती के अवसर पर बापू की तस्वीर पर सिविल सर्जन,जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. साथ ही अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार, उपाधीक्षक डॉ मनोज कुमार,जिला कार्यक्रम प्रबंधक महेश कुमार, डॉ कुलदीप कुमार, डॉ रविकांत कुमार ,रूपेश कुमार,सुमित कुमार ने भी पुष्प अर्पित किया. सभा को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने गांधी जी द्वारा किए गए समाज कल्याण के कार्यों की चर्चा की. साथ ही जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ रमण कुमार ने कहा कि 2 अक्टूबर को गांधी जी के जन्म दिवस को कुष्ठ निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है. गांधी जी ने कुष्ठ मरीजों के लिए व्यापक रूप से कार्य किया था ताकि समाज में कुष्ठ से प्रभावित व्यक्तियों से कोई भेदभाव नहीं हो. डॉ रमण द्वारा कुष्ठ व्यक्तियों से भेदभाव नहीं करने की शपथ भी दिलाई गई. इस मौके पर अस्पताल के कर्मी भी मौजूद थे.

### सैनिक स्कूल में स्वच्छता पखवाड़े का समापन, बापू को किया गया नमन

**कोडरमा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती देशभर में मनायी जा रही है उन्हें याद कर उनके आदर्शों पर चलने की कमसें खायी जा रही हैं. इस क्रम में सैनिक स्कूल तिलैया में बाबू के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. समीपस्थ कांटी बस्ती और आस-पास क्षेत्रों की सफाई की तथा गंदगी से हो रहे प्रदूषण, बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक किया. इसके बाद असेंबली के दौरान विशेष अतिथि सह स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव ने राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी और उन्हें नमन किया. इस अवसर पर भारतीय वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारी एवम्‍ सैनिक स्कूल के प्राचार्य ग्रुप कैप्टन राहुल सकलानी ने विधायक को सैनिक स्कूल का स्मृति चिह्न प्रदान किया. साथ ही स्वच्छता पखवाड़े में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले सैन्य छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया.

### बंदियों के बीच जागरूकता शिविर

**कोडरमा।** गांधी जयंती के अवसर पर व्यवहार न्यायालय कोडरमा में लोक अदालत का आयोजन हुआ. इस दौरान बंदियों के बीच विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया. इस मौके पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी वैशाली श्रीवास्तव ने कहा कि बंदी अपने बीच से नकारात्मक सोच को हटाकर सकारात्मक सोच पैदा करें तथा अपराध की दुनिया से निकल कर समाज की मुख्य धारा में शामिल हों ताकि स्वस्थ समाज के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके. उन्होंने बंदियों को प्ली-बार्गेनिंग की जानकारी देते हुए कहा कि इसके तहत बंदी अपना दोष स्वीकार कर अपनी सजा कम करा सकते हैं. उन्होंने अपने संबोधन में भारतीय संविधान में बंदियों के लिए प्रदत मौलिक अधिकारों को काफी विस्तार से बताया. जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी मामले में आधे से अधिक सजा काट चुके बंदी अपना दोष स्वीकार कर कारा मुक्त हो सकते है यदि वह अपराध बच्चों एवं महिलाओं के विरुद्ध नहीं हो.उन्होंने कहा कि जेल में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति अपने आप को अपराधी नहीं मानें.

# डीसी व अधिकारियों ने बापू के प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

## बेहतर कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला में 02 अक्टूबर 2023 को महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के अवसर पर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार अपर समाहर्ता अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार, डीएसपी पतरस बरवा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंकज कुमार भगत, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सुमित कुमार महतो, सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर नगर परिषद, सिमडेगा के द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत शहर की साफ-सफाई में बेहतर कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गायक जगदीश बड़ाईक के द्वारा गाए स्वच्छता गीत जो नागपुरी भाषा में है जिसका विमोचन उपायुक्त सिमडेगा एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप किया गया एवं जगदीश बड़ाईक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।उपायुक्त के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों





को महात्मा गांधी जी की 154 वीं जयंती के अवसर पर स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाया गया। गांधी मैदान, सिमडेगा से ट्विन बिन टिप्पर वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया यह वाहन घर-घर जाकर गीला एवं सूखा कचरा का संग्रहण करेगा। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर रन फॉर स्वच्छता कार्यक्रम के तहत केलाघाघ मोड़ से गांधी मैदान तक कर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के प्रति आम लोगों को जागरूक किया। एसपी,डीसी सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी और आम लोगों ने हिस्सा लिया। स्वच्छता ही सेवा जागरूकता कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरूक करने हेतु अक्षत कुमार एवं यशराज यादव ने महात्मा गांधी बनकर लोगों को जागरूक किया। रन फॉर स्वच्छता के अवसर पर पाइका नृत्य करते हुए पार्वती इंटर कॉलेज की बच्चियों के द्वारा सभी का उत्साह वर्धन किया गया। इस दौरान स्वच्छता ही सेवा जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप एनसीसी के बच्चे, नेहरू युवा केंद्र के बच्चे, नगर परिषद की कर्मीगण एवं आमजन ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# फाइनल हॉकी टूर्नामेंट में करांगागुडी चैंपियन



नवीन मेल संवाददाता

**पाकरटांड।** पाकरटाँड़ प्रखंड मैदान में आयोजित हॉकी टूर्नामेंट का सोमवार को समापन हुआ । जहां पर फाइनल मैच करांगागुडी और एसटी बॉयस के बीच फाइनल मैच खेला गया। खेल की शुरूआत खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एनोस एक्का ,झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का, जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग के द्वारा खेल की शुरूआत की। मौके पर करांगागुडी की टीम 0-1 विजेता बनी जिसे मुख्य अतिथि के द्वारा शानदार खस्सी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि एनोस एक्का ने कहा इस क्षेत्र में लगातार खेल का आयोजन हो रहा है और जहां पर स्थानीय स्तर पर छिपे हुए प्रतिभा को बाहर लाने का काम किया जा रहा है। कहा इस क्षेत्र में खिलाड़ियों को खेलने के लिए मैदान तक नहीं है उबड़ खाबड़ मैदान में खिलाड़ी खेल रहे हैं। सरकार और विधायक को इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वर्तमान विधायक भूषण बाड़ा का यह गांव है इस गांव में अब तक एक भी खेल मैदान ना होना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। इसे साफ पता चलता है कि यहां के जनप्रतिनिधि और विधायक सिर्फ वोट मांगने ग्रामीण तक जाते हैं और जीत जाने के बाद ग्रामीणों की समस्या तक समाधान नहीं करते। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, झारखंड पार्टी जिला अध्यक्ष मतीयस बागे, कोचेडेगा मुखिया शिशिर टोप्पो,ओलिमर लकड़ा,अनुकरण लकड़ा,अमन खेस,रीतू नायक, आशीष सिंह,रवि बड़ाईक ललन प्रसाद,राजेश बड़ाईक आदि मौजूद थे।

# आदिवासी छात्र संघ ने किया वीर शहीद तेलंगा खड़िया बालक-बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आदिवासी छात्र संघ जिला कमेटी के तत्वावधान में वीर शहीद तेलंगा खड़िया बालक-बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर की। उद्घाटन मैच बालिका वर्ग में खुशबू क्लब कॉलेज सिमडेगा बनाम गोलडन नाइट के बीच खेला गया। जहाँ गोल्डन नाइट की टीम 2-0 से जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश की। अपने सम्बोधन में जोसिमा खाखा ने कहा कि वीर शहीद तेलंगा खड़िया के नाम पर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सराहनीय



पहल है। उन्होंने तेलंगा खड़िया को नमन करते हुए उनके वीरता को याद किया। मौके पर प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, अनिता एक्का, विवेक लकड़ा आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आदिवासी छात्र संघ के रोशन डुंगडुंग, अमन निएल सोरेंग, नीरज बड़ाईक, अनमोल तिर्की, आनंद सोरेंग, जोनशन खलखो, प्रदीप टोप्पो, शंकर मांझी, आयोजन कमेटी मौजूद थे। बताया गया कि प्रतियोगिता का फाइनल मैच आठ अक्टूबर को खेला जाएगा।

### सीएफआई रांची का शाखा कार्यालय खुला

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा एसके बागे कॉलेज के पास सीएफआई रांची कार्यालय का उद्घाटन निदेशक श्री राकेश कुमार सिंह और जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती रोस प्रतिमा सोरेंग व विधायक प्रतिनिधि श्री श्यामलाल प्रसाद, सेवानिवृत्त जिला कल्याण पदाधिकारी सुवर्ण बाड़ा, पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री सचिदानंद सिन्हा, लचरागढ़ भिखारिएट के सभापति श्री अजीत कन्डूलना ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया। कोलेबिरा सीएफआइ के संचालक सुरेश नायक व हेमराज डुंगडुंग ने बताया कि इस संस्था का उद्देश्य यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ साथ रोजगार दिलाना है। साथ ही सरकार के सहयोग से जो मद की प्राप्ति होती है उसकी भी जानकारी दी जाएगी।

### स्वछता ही सेवा के तहत कोलेबिरा में किया गया साफ-सफाई अभियान



**कोलेबिरा।** महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर कोलेबिरा प्रखंड सभागार में कोलेबिरा प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार के द्वारा गांधी जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। साथ ही रणबहादुर सिंह चौक कोलेबिरा पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, पत्रकार साथी एवं ग्रामीणों के द्वारा साफ सफाई किया गया मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने कहा की आप लोग सभी जगह साफ सफाई रखे ताकि गंदगी के मुक्ति मिल सके साथ ही बीमारी ना पनप सके। साफ सफाई रख कर आप आने वाले बीमारियों को भी दूर कर सकते हैं। आपलोग प्रयास कीजिए और गंदगी को दूर रखें गंदगी ना होने दें। वहीं स्वच्छता ही सेवा के तहत एनजीओ के बच्चे बच्चियों के द्वारा लोगों को बीच जागरूकता के लिए रैली निकालकर स्वच्छता के सम्बंध मे बताया गया और स्वच्छता के नारे भी लगाए गए और गांधी जी को याद करते हुए गांधी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार,थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश के साथ कई लोग मौजूद रहें।

### समाजसेवी के पिता का निधन, शोक की लहर

**कोडरमा।** चंदवारा प्रखंड के थाम गांव निवासी समाजसेवी सम्राट सिंह के 80 वर्षीय पिता प्रदीप सिंह का निधन निवास स्थान पर रविवार की देर रात हो गया. वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार को छोड़ गये हैं. इस संबंध में उनके बड़े पुत्र समाजसेवी सम्राट सिंह ने बताया कि कुछ माह से वह बीमार चल रहे थे. जिसके कारण वह गांव में ही रह रहे थे. उनका स्नेह प्यार अपने परिवार के जैसा ही गांव के सभी लोगों के साथ था. अचानक रविवार को देर रात हम सबको छोड़ कर स्वर्ग लोक पधार गए. उनकी मौत की खबर सुनकर बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, अशोक सिंह, अज्जू सिंह, लक्ष्मण यादव, अशोक सिंह कपूर, धनंजय सिंह, राजकुमार यादव, दिलीप यादव, प्रकाश यादव ने शोक प्रकट किया है. बता दें कि मृतक का अंतिम संस्कार सोमवार को पैतृक गांव के मुक्तिधाम में किया गया.

# टाइटन आई शोरूम में चित्रकला प्रतियोगिता में 60 बच्चे हुए शामिल



नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया झंडा चौक के समीप स्थित टाइटन शोरूम में सोमवार को बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में 60 से ज्यादा बच्चे शामिल हुए. प्रतियोगिता के दौरान चित्रकला को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया. लगभग दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद बच्चों ने अपनी प्रतिभा को कागज पर उकेरा. बतौर निर्णायक टाइटन शोरूम की ओर से नवनीत कुमार एवं पंकज श्रीवास्तव ने मौके पर उपस्थित शिक्षक आकाश, श्रुति एवं रागिनी की मदद से प्रथम, द्वितीय और तृतीय का चयन किया. इस प्रतियोगिता में प्रथम अविनाश सिंह, द्वितीय अक्षिति मोदी एवं तृतीय अदिति कुमारी एवं प्रन्मया राज रहे. टाइटन शोरूम की ओर से नवनीत कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन देशभर के टाइटन शोरूम में हो रहा है. सारे जगह के चित्रों को सम्मिलित कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम द्वितीय और तृतीय का चयन किया जाएगा. जिन्हें टाइटन कंपनी की ओर से सम्मानित किया जाएगा. इस मौके पर सीमा बर्णवाल, खुशबू बर्णवाल, रश्मि प्रवीन बर्णवाल, सीमा पल्लव बर्णवाल एवं बच्चों के शिक्षक और अभिभावक उपस्थित थे.

### मच्छकट्टा में हाथियों ने घर को किया क्षतिग्रस्त



**बोलबा।** प्रखण्ड अंतर्गत मच्छकट्टा गांव में बीती रात हाथियों ने अकलू नायक नामक ग्रामीण का घर को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर अनाज एवं घर के सामानों को बर्बाद कर दिया। मच्छकट्टा गांव के ग्रामीण बीती रात से हाथी के हमले से सहमे हुए हैं एवं रात को ग्रामीण ने मशाल जलाकर हाथियों को खदेड़ने का काम किया है। स्थानीय वार्ड करोलिना तिर्की एवं समाजसेवी विवेक यादव के द्वारा पीड़ित को तत्काल चावल वितरण कर मदद की गई। वहीं पीड़ित एवं ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे व हाथियों को खदेड़ने की गुहार लगाई है।

## प्रेरणा

### बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

# ग्रिजली स्कूल में मनी बापू-शास्त्री की जयंती

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई. विद्यालय सभागार में आयोजित विशेष कार्यक्रम में ग्रिजली विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, संयोजक विजय कुमार सिंह, जीतेन्द्र कुमार चौधरी, बीडी नस्कर, तुषार रॉय चौधरी, सुधांशु कुमार ने उनकी तस्वीरों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. इस मौके पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान की महत्वपूर्ण भूमिका को समझाते हुए उनके विचारों और संदेशों को प्रस्तुत किया और आग्रह किया कि जब भी कोई कठिन परिस्थिति सामने आ जाए तो एक बार हमें महात्मा गांधी के दिए गए शिक्षा एवं अनमोल विचारों को जरूर अमल में लाना




चाहिए. साथ ही भारतीय इतिहास में इन महापुरुषों के द्वारा किये गए महत्वपूर्ण घटनाओं के प्रति जागरूक भी किया. वहीं इस अवसर पर छात्रों के लिए निबंध लेखन एवं रोल प्ले जैसे कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें शामिल होकर छात्रों ने एक से बढ़कर एक लेख प्रस्तुत किया. वहीं छात्र सुजल कुमार ने महात्मा गांधी के वेशभूषा में अपनी प्रस्तुति दी. कार्यक्रम का संचालन सीसीए संयोजक पंकज उपाध्याय ने किया. इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कमचार्री उपस्थित थे.

### गांधी उच्च विद्यालय में निकाली गई स्वच्छता जागरण रैली

**कोडरमा।** गांधी उच्च विद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर याद किये गये. गांधी उच्च विद्यालय के छात्र और छात्राओं ने मिलकर परिसर के आस पास के क्षेत्रों की सफाई की. अंशु एवं मीनाक्षी ने शास्त्री जी और बापू पर आधारित कविता पाठ किया. पौधारोपण करते हुए शिक्षक एवं छात्रों ने एकजुट होकर पर्यावरण सुरक्षा, गांधी के संकल्पों की रक्षा का संदेश दिया. अलका और लक्ष्मी ने नृत्य के माध्यम से गांधी के विचारों में वीर रस का समावेशन किया. वहीं अभिलाषा ने निबंध लेखन में प्रथम पुरस्कार हासिल किया.

# कोडरमा डीसी ने बापू और लाल बहादुर शास्त्री को किया नमन

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा बाजार स्थित बापू की प्रतिमा पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने माल्यार्पण पर उन्हें श्रद्धांजलि दी. मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, नजारत उप समाहर्ता सना उस्मानी, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय, प्रणन सचिव अभिषेक आनंद ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. इसके साथ ही समाहरणालय परिसर में लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर भी उनकी मूर्ति पर मेघा भारद्वाज, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, नजारत उप समाहर्ता सना उस्मानी, प्रणन सचिव अभिषेक आनंद द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया. इस मौके पर कार्यपालक



पदाधिकारी नगर पंचायत कोडरमा, सहायक जनसंपर्क अधिकारी अविनाश कुमार व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे.

## गागर में सागर

### नवनिर्मित विद्यालय भवन के निर्माण में की गई भारी गड़बड़ी, ग्रामीणों का विरोध



**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में करोड़ों रुपये की लागत से बन रही भवन की छत ढलाई रविवार को भारी बारिश के बीच शुरू हुई, जिसका ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। ग्रामीणों ने संवेदक अरविंद पांडे पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए ने बताया कि दो मंजिला भवन के निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है। उक्त नवनिर्मित विद्यालय भवन से पहले उक्त स्थल पर ही जर्जर अवस्था में एक भवन था, जिसे संवेदक की ओर से गिराकर उससे निकाली गई ईंट को भी नवनिर्मित भवन में जोड़ा गया है। लोगों ने इसका विरोध भी किया फिर भी संवेदक पांडे अपनी मनमानी से बाज नहीं आए। वहीं छत की ढलाई के समय कोई इंजीनियर भी मौजूद नहीं था। पूछे जाने पर इंजीनियर ने बताया कि हमें छत की ढलाई के बारे में कोई सूचना नहीं है, जिसके कारण मैं स्थल पर नहीं हूं। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य अब्दुल मन्नान अंसारी उर्फ भोला, ग्रामीण विश्वास प्रसाद, राजेश प्रसाद, मंजूर आलम, नरेश यादव, रामाशंकर प्रसाद, बेलाल अंसारी, सत्येंद्र प्रसाद आदि ने बताया कि शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले विद्यालय की नवनिर्मित भवन में भी अनियमितता बरती जा रही है। हम इसकी उच स्तरीय जांच कराएंगे। मामले में पूछे जाने पर गढ़वा जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि अगर संवेदक की ओर से लापरवाही बरती गई होगी तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच में आरोप सही निकला तो संवेदक के ऊपर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार ने कहा कि अगर संवेदक ने गड़बड़ी की है तो बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। उपायुक्त के संज्ञान में लाकर मामले की की जांच कराई जाएगी।

### प्रधानमंत्री आवास 10 अक्टूबर तक पूरा करें लाभुक, अन्यथा कारवाई

**खरौंधी।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लंबित आवास को पूर्ण कराने के लिए सोमवार को आवास समन्वयक रविरंजन कुमार ने मझिगावां पंचायत में लाभुकों से संवाद स्थापित किया। कुमार ने बताया कि प्रखंड में लगभग 403 आवास लंबित हैं, जिसे पूरा करने का समय 10 अक्टूबर तक निर्धारित है। निर्धारित समय के अंदर लाभुक आवास कार्य को पूर्ण नहीं करते हैं तो 12 प्रतिशत ब्याज के साथ लाभुकों से राशि की रिकवरी की जाएगी। साथ ही भविष्य में सरकारी योजनाओं राशन, पेंशन आदि से वंचित कर दिया जाएगा व प्राथमिकी दर्ज करा करवाई की जाएगी।

### जिपस शर्मा ने मंत्री से की भवनाथपुर में महिला थाने की स्थापना करने की मांग



**भवनाथपुर।** जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने पेयजल स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर को आवेदन देकर महिला थाना स्थापित करने की मांग की है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि भवनाथपुर अंचल अंतर्गत भवनाथपुर थाना, खरौंधी थाना, केतार थाना एवं हरिहरपुर ओपी पड़ता है। भवनाथपुर महिला थाना खुल जाने से महिलाएं परेशानी से बच सकती है। बताया कि इस क्षेत्र में अंधविश्वास जैसी समस्या काफी है, जिसका निराकरण महिला थाना की स्थापना कर किया जा सकता है।

### भारी बारिश के बीच कच्चा मकान गिरा



**भवनाथपुर।** रविवार रात रुक-रुककर हो रही बारिश के बीच कच्चा मकान गिर गया। इसमें परिजन तो बाल-बाल बच गए, लेकिन गृहस्थी दबने से नुकसान हो गया। प्रखंड के अरसली उत्तरी पंचायत के झुमरी टोला निवासी मनोज प्रजापति अपनी पत्नी, बेटी व बेटे के साथ कच्चे मकान में रहते हैं। गनीमत रही कि मकान गिरते वक्त पूरा परिवार बाहर था। मनोज प्रजापति ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# परलोक में धर्म ही आता है काम : जीयर स्वामी महाराज

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान जीयर स्वामी ने कहा कि परमात्मा का वाचक प्रणव है। उसका जप और उसके अर्थ की भावना करनी चाहिये। इससे आत्मा की प्राप्ति और विघ्नों का अभाव होता है। परलोक में सहायता के लिये माता-पिता, पुत्र- स्त्री और संबंधी कोई नहीं रहते, वहां एक धर्म ही काम आता है। मरे हुए शरीर को बंधु-बांधव काठ और मिट्टी के ढेलों के समान पृथ्वी पर पटक कर घर चले जाते हैं। एक धर्म ही उसके साथ जाता है। मन, वाणी और कर्म से प्राणी मात्रके साथ अद्रोह, सबपर कृपा और दान, यही साधु पुरुषों का सनातन धर्म है, जो आत्मनिष्ठ हैं तथा जो आत्मा के सिवा कुछ भी नहीं चाहते, वे विषयी मनुष्यों की भांति रमणीय वस्तु की प्राप्ति में हर्षित नहीं होते और दुःखरूप वस्तु की प्राप्ति में उद्विग्न नहीं होते। सोये हुए गांव को जैसे बाढ़ बहा ले जाती है, वैसे ही पुत्र और पशुओं में लिप्त मनुष्यों को मौत ले जाती है। जब मृत्यु पकड़ती है उस समय पिता, पुत्र, बंधु या जाति वाले कोई भी रक्षा नहीं कर सकते।



इस बात को जानकर बुद्धिमान पुरुष को चाहिये कि वह शीलवान बने और निर्माण की ओर ले जाने वाले मार्ग को जल्द पकड़ ले। भगवान की माया के दोष-गुण बिना हरिभजन के नहीं जाते, अतएव सब कामनाओं को छोड़कर श्रीराम को भजो। जो दिन आज है, वह कल नहीं रहेगा, चेतना है तो जल्दी चेत जा, देख मौत तेरी घातमें घूम रही है। श्री राम के चरणों की पहचान हुए बिना मनुष्य के मनकी दौड़ नहीं मिटती, लोग केवल भेष बनाकर दर-दर अलख जगाते हैं परंतु भगवान के चरणों में प्रेम नहीं करते, उनका जन्म वृथा है। जो शांत, दांत, उपरत, तितिक्षु और समाहित होता है, वहीं आत्मा को देखता है और वही सबका आत्मरूप होता है। जिन्होंने काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर - इन छह शत्रुओंको जीत लिया है, वे पुरुष ईश्वरकी ऐसी भक्ति करते हैं। जिसके द्वारा भगवान में परम प्रेम उत्पन्न हो जाता है, जैसे प्रवाहके वेग में एक स्थान की बालू अलग-अलग - बह जाती है और दूर-दूर से आकर एक जगह एकत्र हो जाती है, ऐसे ही काल के द्वारा सब प्राणियों का कभी वियोग और कभी संयोग होता है। सरलता, कर्तव्य परायणता, प्रसन्नता व जितेंद्रियता - तथा वृद्ध पुरुषों की सेवा – इनसे मनुष्य को मोक्ष प्राप्ति होता है, जिससे जीव निडर रहते हैं और जो सब प्राणियों से निडर रहता है, वह मोह से छूटा सदा निर्भय रहता है।

### गांधी-शास्त्री के जन्मदिवस पर विभिन्न क्षेत्रों के लोग किए गए सम्मानित

# जयंती पर याद किए गए गांधी-शास्त्री





**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

गांधी-शास्त्री जयंती पर नगर पंचायत ने विवाह मंडप सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रामचंद्र चंद्रवंशी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में 600 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा शीतल, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रीति व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली शोभा कुमारी तथा छात्र वर्ग में 1000 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने आनंद, द्वितीय स्थान हासिल करने वाले सोनू एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले राहुल प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं महिला-पुरुष सफाई कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया, जिसमें सफाई प्रभारी राकेश श्रीवास्तव भी शामिल थे। निर्वतमान नप अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कार्य पालक पदाधिकारी सहित अन्य को भी सम्मानित किया गया। मौके पर कार्य पालक पदाधिकारी शैलेश कुमार, निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी, उपाध्यक्ष सुनिता देवी, वार्ड पार्षद वीणा देवी, पार्वती कुंवर, थाना प्रभारी विवेक पंडित, शोभा जायसवाल, संजय कमलापुरी, पवन कुमार, लक्ष्मण सिंह, संजय सिंह, नगर प्रबंधक राकेश पाठक, नाजिर अमित पाठक, सहायक अनुप तिवारी, सफाई प्रभारी राकेश श्रीवास्तव, वार्ड जमादार अनिल कुमार, ऑपरेटर वीरेंद्र चौधरी, मिलेंद्र पाठक, रामाशीष राम, जिपस धर्मेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।







### मेराल प्रखंड में मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती

**मेराल।** प्रखंड के हासनदाग पंचायत सचिवालय में सोमवार को महात्मा गांध और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मुखिया फुलवंती देवी के नेतृत्व में मनाई गई। मौके पर उप मुखिया अविनाश कुमार चौबे, बीडीसी नंदू चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी, पंचायत सचिव राजेंद्र राम, रोजगार सेवक रघुवर राम, संवेदक रंजीत चौबे, पूर्व मुखिया प्रत्याशी मुबारक अंसारी, गुलवास अंसारी, आशुतोष चौबे, कौसर अंसारी, वार्ड सदस्य सुनील बैठा, राजू पासवान, विनय यादव, स्वास्थ्य विभाग से हरतिमा कुमारी, मंजू देवी, समाजसेवी संतोष चौधरी, विनोद चौधरी, प्रणय चौबे, कमल किशोर चौबे, राजेंद्र चौधरी, आर्केश चंद्रवंशी, राजेंद्र चौधरी आदि उपस्थित थे। वहीं राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के बैनर तले जिला अध्यक्ष फिरोज अंसारी के आवास पर गांधी-शास्त्री जयंती एवं शेख शाहिद भिखारी जयंती मनाई गई। मौके पर जिला अध्यक्ष फिरोज अंसारी, प्रदेश उपाध्यक्ष हेदायतुल्लाह अंसारी, जिला सचिव आदम अंसारी, जिला सदस्य आलम अंसारी, इरशाद अली अंसारी मौजूद थे। वहीं बंका रोड गोंदा अवस्थित एसजीएन मार्डन किंडर गार्टन गांधी-शास्त्री जयंती मनाई गई। मौके पर विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव, शिक्षिका निर्मला, पानपति, रेणु, रामाशीष राम, करन कौशल, आनंद साव, मंजीत, पंकज, आबिद अंसारी, अमानत अंसारी, संजय गुप्ता, संजय ठाकुर उपस्थित थे।

### श्री बंशीधर नगर भाजपा ने मनाई गांधी-शास्त्री जयंती

**श्री बंशीधर नगर।** पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचंद्र केशरी के चेचरिया स्थित आवास पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। मौके पर रामचंद्र केशरी के साथ सेवानिवृत्त शिक्षक सीताराम जायसवाल, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय, शिवधारी राम, मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, मथुरा पासवान, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, सलीम अंसारी, सोबराती खां, इस्माइल अंसारी, मुन्ना प्रसाद, अरुण कुमार, बसंत प्रसाद, सुनील प्रसाद, सुनील चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

### रमना में गांधी-शास्त्री जयंती मनाई गई

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों के सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। रमना पंचायत सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख करुणा सोनी, बीडीओ ललीत प्रसाद सिंह, मुखिया दुलारी देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह, विधायक प्रतिनिधि पंकज सिंह, पंसस शांति देवी, राकेश कुमार, विरैची पासवान आदि उपस्थित थे।

### भवनाथुपर में मुखियाओं को किया गया सम्मानित

**भवनाथपुर।** प्रखंड की ग्राम पंचायत-अरसली (दक्षिणी) के मुखिया अनिता देवी को जिला प्रशासन गढ़वा ने सोमवार को सेवा पखवाड़ा के तहत किये गए कार्यों के लिए सम्मानित किया। जिले में कुल 9 मुखियाओं का चयन किया गया था जिन्हें सम्मानित किया गया।

### सचिवालयों में मनाई गई गांधी-शास्त्री जयंती

**केतार।** प्रखंड के सभी सात पंचायत सचिवालयों में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। केतार पंचायत सचिवालय में मुखिया प्रमोद कुमार, परसोडीह पंचायत सचिवालय में मुखिया बसंती देवी, लोहरगाड़ा में मुखिया नीलम देवी, परती कुशवानी में मुखिया मुन्नी देवी, पाचाडुमर में मुखिया श्याम सुंदर बैठा, बलीगढ़ पंचायत में मुखिया ललिता देवी और मुकुंदपुर पंचायत में मुखिया मुंगा साह ने दोनों महापुरुषों को नमन किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता, रोजगार सेवक धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, पंकज सिंह, रामकुमार प्रजापति, मनोज कुमार, मनीष गुप्ता, संतोष प्रजापति, चंदन प्रसाद, अशोक ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह सहित वार्ड आदि उपस्थित थे।

### इंडिया गठबंधन ने मनाई गांधी-शास्त्री जयंती

**केतार।** लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को इंडिया महागठबंधन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, छोटन सिंह, मनोरंजन गुप्ता, शिव कुमार सिंह, जसमुद्दीन अंसारी, रमेश राम, सुरेश प्रसाद, नरेंद्र गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, विश्वनाथ पाल उदय यादव, ताजमहल अंसारी जगनरायण यादव मौजूद थे।

## 'प्राथमिकता के आधार पर होगा योजनाओं का चयन'



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत सचिवालय में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। दोनों महापुरुषों की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मनरेगा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए योजनाओं को चयन के लिए सूचीबद्ध किया गया। इसमें मेडबंदी, तालाब, डोभा, आम बागवानी, सिंचाई कूप, पंद्रहवें वित्त शामिल हैं। मौके पर मुखिया मुंगा साह ने कहा कि पंचायत में पारदर्शिता के साथ योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए चयन कर निष्पक्ष रूप से कार्य पूरा कराया जायेगा। इस माह से ही मनरेगा के तहत नई योजनाओं को शुरू कराकर स्थानीय ग्रामीणों को गांव में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। गांधी जयंती पर पंचायत सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाकर ग्रामीणों के बीच आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। मौके पर रोजगार सेवक धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, वार्ड सदस्य धर्मेंद्र सिंह, संतोष पासवान, राम प्रसाद कमलापुरी, कुंडल सिंह, दीपक वर्मा, फेकन साह, सुरजन गुप्ता, बब्लू सिंह, राम बाबू, समीम अंसारी, साबित अली अंसारी, एएनएम सुलेखा कुमारी, स्वास्थ्य सहिया रिकी देवी, सरोज देवी आदि मौजूद थे।

## सबकी योजना, सबका विकास अभियान शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

मझिगावां पंचायत सचिवालय में मुखिया बिंदा देवी ने सोमवार को गांधी जयंती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सबकी योजना, सबका विकास अभियान का शुभारंभ किया। रोजगार सेवक धर्मेंद्र कुमार ने विशेष ग्राम सभा के बारे में लोगों को बताया। इस मौके पर आयोजित ग्रामसभा में मुखिया ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर 2023-24 की योजनाओं का चयन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रखंड क्षेत्र की खरौंधी पंचायत में मुखिया मंजू देवी, राजी में मुखिया रिंकू देवी, करिवाडीह में मुखिया मनसा देवी, चंदनी में मुखिया रामगहन मेहता, सिसरी में मुखिया स्वेता देवी एवं उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, अरंगी में मुखिया फूलकुमारी देवी, कूपा में मुखिया प्रमोद राम ने गांधी व शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सबकी योजना, सबका विकास अभियान का शुभारंभ किया। वहीं मध्य विद्यालय मझिगावां में भी गांधी जयंती व शास्त्री जयंती मनाई गई। मौके पर शिक्षक अरविंद गुप्ता, इंद्रमण प्रसाद यादव, राजेंद्र सिंह, मुनेश्वर राम उपस्थित थे। विभिन्न पंचायत सचिवालयों में बीडीसी कृष्णा राम, विकास सिंह, संतोष कुमार सिंह, शिवकुमार प्रसाद यादव, प्रमोद पटेल, प्रतीक द्विवेदी, सतीश राम, महेंद्र मोची, रवि हुसैन, अमरेश पटेल, अमरेश चौधरी मौजूद थे।

## गड़बड़झाला

### संवेदक पर चहेतों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नियमों को ताक पर रखने का आरोप

# बनसानी पंचायत में नल जल योजना में अनियमितता

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

प्रखंड क्षेत्र के बनसानी पंचायत में नल जल योजना में संवेदक की ओर से बड़े पैमाने पर अनियमितता बरतने का मामला प्रकाश में आ रहा है। नियमों को ताक पर रख कर अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के उद्वेश्य से किसी के घर के प्लिंथ के अंदर डीप बोर कराया गया है, तो कहीं डेढ़ सौ मीटर की परिधि के अंदर एक लाइन में पांच डीप बोर कराया गया है। ग्रामीणों की शिकायत पर जिला पार्षद रंजनी शर्मा ने रविवार को बनसानी पहुंच कर मामले की जांच की।

इस दौरान ग्रामीण मुन्ना यादव, रामनिवास साह, आनंद साह, उदयनाथ वैद्य, विनय पाठक, बच्चन चंद्रवंशी आदि ने बताया कि संवेदक ने प्रदीप पाठक के घर के प्लिंथ के अंदर बोर करा दिया है। साथ ही उसी जगह डेढ़ सौ मीटर के परिधि के अंदर एक लाइन से पांच बोर कराया गया है, जबकि वहां मात्र 30 से 35 घर ही अवस्थित हैं। जिरहुल्ला के ही बिरेंद्र पाठक के घर के पास डीप बोर कर उससे मात्र 6 घरों में पानी का कनेक्शन जोड़ कर कार्य पूर्ण दिखा दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि बनसानी निवासी रामाश्रय साह, केशर भुंइया तथा जिरहुला निवासी सत्यनारायण यादव के घर के समीप किये गए डीप बोर से पानी नहीं निकलने के बावजूद संवेदक वहां सोलर स्ट्रक्चर खड़ा कर सरकारी पैसा हड़पने में लगा हुआ है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि संवेदक अपनी पहुंच का धौंस दिखाकर ग्रामीणों को भयभीत करने का प्रयास करता है।




वहीं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि संवेदक की ओर से नल जल योजना में भारी गड़बड़ी की जा रही है। पंचायत में कहीं 130 फीट तो कहीं 140 व 200 सौ फीट बोर कराया जा रहा है। संबंधित जेई और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से ही संवेदक व्यापक पैमाने पर योजना में अनियमितता बरत रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर जिपस रंजनी शर्मा ने कहा कि सरकार कि इस महत्वाकांक्षी योजना में संवेदक की मनमानी चलने नहीं दी जाएगी। इस भ्रष्टाचार को लेकर विभागीय अधिकारियों से लेकर सूबे के पेयजल मंत्री तथा मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जांच करवाई जाएगी। इस संबंध में विभागीय जेईने बताया कि नल जल योजना में संवेदक की ओर से अनियमितता बरती जा रही है, तो जांच कर जिस बोर में पानी नहीं निकला है, वहां दोबारा बोर कराया जायेगा। साथ ही अगर किसी के घर के अंदर बोर किया गया है, तो उस बोर का बिल पास नहीं होगा।

## जादू देश की सबसे अच्छी कलाओं में शामिल : निरंजन

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जादू हमारे देश की सबसे अच्छी कलाओं में है। लेकिन यह विलुप्तप्राय होता जा रहा है। इसे विलुप्त होने से बचाने के साथ ही जादू के माध्यम से मनोरंजन के साथ साथ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने की दिशा में भी पहल किया जा रहा है। उक्त बातें जादूगर आर सरकार के नाम से मशहूर निरंजन आजाद ने शहर के उमंग वाटिका में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि गढ़वा में भी उनका शो अगले एक माह तक चलेगा। तीन अक्टूबर की शाम को उनके जादू शो का उद्घाटन पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह एवं गढ़वा के एसडीओ राज महेश्वरम द्वारा किया जाएगा। इसके बाद प्रतिदिन तीन शो चलेगा। आर सरकार ने कहा कि



जादू शो के जरिए समाज की सबसे बड़ी समस्या नशाखोरी व दहेज पर फोकस करता हुआ आइटम दिखाया जाएगा। जबकि विलुप्त हो चुके डायनासोर से संबंधित आइटम मुख्य आकर्षण रहेगा। इसके अलावा भ्रूण हत्या आदि पर भी आइटम रहेगा। उन्होंने कहा कि जादू हाथों की सफाई, लाइट इफेक्ट, हिप्टोनिज्म आदि का मिश्रित रुप है। एक शो में 50 से अधिक आइटम दिखाया जाएगा। मौके पर प्रबंधक प्रेम धनराज, राहुल तिवारी आदि उपस्थित थे।

# झारखंड का राजनीतिक तापमान

*झारखंड* में सरना धर्म कोड को लेकर एक बार फिर राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर एक नया दाव चल दिया है। सत्ता पक्ष के सभी सहयोगी इस मसले पर साथ-साथ नजर आ रहे हैं। इधर भाजपा इन दिनों किंकर्तव्यविमूढ़ की स्थिति में हमले की तैयारी में है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह सरना धर्म कोड पर भाजपा के स्टैंड को लेकर पूछे सवाल पर इतना ही कहते हैं कि पार्टी अभी इस पर अध्ययन कर रही है। भाजपा के नेता कहते हैं कि भ्रष्टाचार के मामले में फंसे हेमंत सोरेन जान बूझकर ऐसे मुद्दे को हवा दे रहे हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अनुसूचित जनजातियों के लिए अलग 'सरना धर्म कोड' निर्धारित करने की मांग की है। इससे पहले 11 नवंबर 2021 को झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया था। जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अलग सरना धर्म कोड की मांग का प्रस्ताव विधानसभा से पास कराया था। जिसे राजभवन भेजा जा चुका है। अलग सरना धर्म कोड को जनजातीय समाज के लोगों की पहचान से जोड़ते हुए यह तर्क दिया जाता है कि 'सरना धर्म' हिंदू सनातन धर्म से भी प्राचीन धर्म होने के बावजूद आज इसकी अपनी पहचान नहीं है। इसका हवाला देकर जनजातीय समुदाय द्वारा अलग-अलग समय पर अलग सरना धर्म कोड की मांग की जाती रही है। प्राचीनतम धार्मिक पद्धति होने का हवाला देकर आदिवासी समुदाय के कई संगठनों और बुद्धिजीवियों का कहना है कि 'सरना धर्म' ही प्राचीनतम धर्म है, जो प्रकृति की पूजा करते हैं। इसके उपासक वर्तमान में झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, नार्थ ईस्ट के राज्य, बिहार, पं बंगाल और महाराष्ट्र में हैं। ऐसे में झारखंड की राजनीति में चर्चाओं का बाजार गर्म है। मुख्यमंत्री के पीएम को पत्र लिखने के बाद कांग्रेस ने भाजपा पर सीधा हमला बोला है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने अलग सरना धर्म कोड का प्रस्ताव विधानसभा से पास कराकर राजभवन भेजा। लेकिन या तो भूलवश या फिर जान बूझकर राजभवन ने उसे सही तरीके से विधानसभा को नहीं लौटाया। राजेश ठाकुर ने कहा कि सब जानते हैं कि अब राजभवन भी पीएमओ से गाइड होता है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अर्जुन मुंडा बतायें कि वह सरना धर्म को मानते हैं या नहीं? अर्जुन मुंडा अगर सरना धर्म कोड को लेकर संजीदा हैं तो वह इसके लिए काम करें। राजभवन से बात करें और अलग सरना धर्म कोड का मार्ग प्रशस्त करें। उन्होंने कहा कि जनजातीय कल्याण का केंद्रीय मंत्री होने के बावजूद अर्जुन मुंडा द्वारा अलग सरना धर्म कोड के लिए कुछ नहीं करना, सरना धर्म का अपमान जैसा है। बहरहाल राज्य में 26 प्रतिशत से अधिक आबादी जनजातीय समाज की है। राज्य में विधानसभा की 28 और लोकसभा की 05 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। वहीं अन्य सीटों पर भी उनकी संख्या अच्छी खासी है। लोकसभा की आरक्षित 05 में से 03 सीटों पर भाजपा का कब्जा है। वहीं दो सीटों पर महागठबंधन का कब्जा है। हेमंत सोरेन सरना धर्म कोड के भावनात्मक मुद्दे के साथ लोकसभा की ज्यादातर सीटों पर इंडिया गठबंधन को जीत दिलाना चाहते हैं। अब आगे देखिये होता है क्या?

**भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह सरना धर्म कोड पर भाजपा के स्टैंड को लेकर पूछे सवाल पर इतना ही कहते हैं कि पार्टी अभी इस पर अध्ययन कर रही है। भाजपा के नेता कहते हैं कि भ्रष्टाचार के मामले में फंसे हेमंत सोरेन जान बूझकर ऐसे मुद्दे को हवा दे रहे हैं।**

# भाजपा के मध्य प्रदेश मॉडल के मायने





ऋतुपर्ण दवे

इन दिनों

*क्या* देश के अगले आम चुनाव के लिए दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में नया प्रयोग करने जा रही है? क्या यही प्रयोग राजस्थान व छत्तीसगढ़ में भी होगा? मध्य प्रदेश विधानसभा उम्मीदवारों की हालिया सूची में बड़े-बड़े नाम यहां तक केन्द्रीय मंत्री, सांसद और संगठन के छत्रपों के जारी हुए हैं। इससे न केवल दूसरे प्रतिद्वंद्वी दलों की सांसें अटकी हुईं हैं बल्कि खुद भाजपा के संभावित दावेदार भी हक्का-बक्का हैं। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि यह एक तीर से कई निशाने लगाने जैसा है। निश्चित रूप से भाजपा जो दांव खेल रही है वह भारत की राजनीति में कइयों को अटपटा या नया भले लगे लेकिन हवा का रुख भांपने वालों का मानना है कि राजनीतिक बैरोमीटर पर संभावित आंधी-तूफान के संकेत भांपते हुए ही ऐसा बड़ा कदम उठाया होगा? फिलाहाल टिकट वितरण को लेकर मध्य प्रदेश मॉडल की जहां पूरे देश में चर्चा है। इसके राजनीतिक मायने भी बहुत गहरे हैं। भाजपा यहां कांग्रेस की 15 महीने पुरानी सरकार गिराकर फिर सत्ता में आई थी। अब भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयर्गीय, केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते सहित प्रभावशाली सांसद राकेश सिंह (जबलपुर), गणेश सिंह (सतना), उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद), रीति पाठक (सीधी) को सीधे विधानसभा चुनाव के रण में उतारना बताता है कि प्रदेश के किसी भी क्षेत्र को अछूता नहीं रख जहां-तहां ऐसे उम्मीदवार उतारेगी जो पूरे क्षेत्र में तो प्रभावी हों और कम से कम उस पूरे अंचल या संभाग में भी असर डालें। भाजपा ने शुरूआती सूची में मालवा-निमाड़, ग्वालियर-चंबल, महाकौशल-विंध्य, भोपाल-नर्मदापुरम पर जबरदस्त फोकस किया है। अब कयास है कि अगली सूची में शेष निमाड़, बुन्देलखंड, उत्तर-पश्चिम मालवा, नर्मदा उद्गम संभाग (शहडोल) सहित बाकी सीटों में कइयों पर चौंकाने वाले उम्मीदवार देगी। अभी 320 सीटों में केवल 79 सीटों की घोषणा ने ही राजनीति में नई लहर पैदा कर दी है। इसमें भाजपा ने केवल वर्तमान तीन विधायकों का टिकट काटा है। सबसे चर्चित नाम मैहर से नारायण त्रिपाठी का है। उन्होंने हमेशा अपना बगावती सुर दिखाया है। उनकी जगह श्रीकांत चतुवेर्दी को टिकट दिया गया है। वह ज्योतिरादित्य सिंधिया के करीबी हैं। वहीं सीधी से केदारनाथ शुक्ला की जगह सीधी सांसद रीति पाठक को टिकट देना अचंभित करने वाला है। सीधी के चर्चित पेशाबकांड के आरोपित प्रवेश शुक्ला को केदारनाथ शुक्ला का करीबी बताकर विपक्ष ने देश-प्रदेश में काफी हंगामा किया था। लगता है कि यह कहीं न कहीं डैमेज कंट्रोल है। इसी तरह नरसिंहपुर विधायक जालिम सिंह का टिकट उनके छोटे भाई केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह सांसद) को देकर भोपाल-नर्मदापुरम अंचल की सभी सीटों को साधने की कोशिश हुई है। अभी महज 79 घोषित उम्मीदवारों के जरिये भाजपा ने मध्य प्रदेश में अपने मंसूबे साफ कर दिए हैं। आगे 241 सीटों पर उम्मीदवार तय होने बाकी हैं जिनमें उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र की सीमा से जुडे तमाम क्षेत्र भी हैं। क्षेत्रीयता के हिसाब से महाकौशल में सबसे ज्यादा 38 में से 22 सीटों पर, मालवा-निमाड़ में 66 में से 21, ग्वालियर-चंबल की 34 में से 15, भोपाल-नर्मदापुरम की 36 में से सात, विंध्य की 30 में सात तो बुंदेलखंड की 26 में से सात सीटों पर उम्मीदवारों का चयन हो चुका है। निश्चित रूप से चंद दिनों में मध्य प्रदेश सहित सभी पांच राज्यों में चुनावी अखाड़ा सजते ही एक से एक और ऐसी राजनीतिक तस्वीरें आयेंगी जिनमें कई पहली बार दिखेंगी तो कई उम्मीदों से इतर भी होंगी। बावजूद इसके मध्य प्रदेश में मुकाबला भाजपा बनाम जनता दिख रहा है। कांग्रेस कमलनाथ के उदारवादी हिन्दू चेहरे पर दंगल में उतरने के बावजूद संगठन के लिहाज से भाजपा से उन्नीस क्या पंद्रह भी नहीं है। यहां विज्ञप्तिवीरों को छोड़ दें तो कांग्रेस धरातल पर सिवाय कुछ इलाकों के वर्षों से कहीं दिखी नहीं। गत वर्ष के नगरीय चुनाव में कई बूथों पर कांग्रेसी एजेंट तक नहीं थे। कहीं बहुमत में आकर भी अध्यक्ष की दौड़ में मात खा गई। ऐसे में मध्य प्रदेश का मुकाबला भाजपा और जनता के बीच है जिसमें रणीतिक रूप से भाजपा भारी पड़ेगी। राजस्थान में भी चुनावी सरगर्मी चरम पर है। गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के साथ हुई महज 15 मिनट की बैठक चचाओं में है। यहां भाजपा की 200 सीटों पर निकली चार परिवर्तन यात्राओं में जुटी भीड़, उसमें भी ज्यादातर में वसुंधरा का गायब रहना और इसी बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की ताजा तस्वीरें सामने आने के गहरे मायने हैं। यहां प्रेशर पॉलिटिक्स की पक रही नई खिचड़ी कौन खायेगा यही बड़ा सवाल है? संकेतों को समझें तो मध्य प्रदेश मॉडल के तहत केंद्रीय जल शक्तिमंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा कुछ अन्य सांसद मैदान में दिखेंगे। छत्तीसगढ़ में 90 विधानसभा सीटों में से 80 की सूची तैयार है। भाजपा ने 21 उम्मीदवारों की पहली सूची अगस्त में ही जारी कर दी थी। सवाल यह है कि अब तीन अक्टूबर को प्रधानमंत्री के बस्तर आने से पहले दूसरी सूची जारी होगी? मध्य प्रदेश मॉडल यहां भी चर्चा में है। चुनावी राज्यों के मुख्यमंत्री महीनों से ताबड़तोड़ दौरे, घोषणाएं और रेवड़ियां बांट लोगों को लुभाने में कोई कमीं नहीं छोड़ रहे हैं। तीनों हिन्दीपट्टी इलाकों में कहीं भी मौजूदा या पूर्व मुख्यमंत्री का चेहरा सामने नहीं रखना भाजपा की गंभीरता और विवशता दोनों दिखाता है। मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह 17 वर्षों से मुख्यमंत्री हैं तो छत्तीसगढ़ में रमन सिंह 15 वर्ष तक मुख्यमंत्री रहे। दोनों के नाम पहली सूची में नहीं है। वहीं राजस्थान में पांच बार सांसद, चार बार विधायक और दो बार मुख्यमंत्री रह चुकीं वसुंधरा राजे अलग ही चर्चाओं में हैं। कभी लगता है कि भाजपा डरी हुई है तो कभी लगता है कि भाजपा गंभीर है और कभी लगता है कि भाजपा जनता के मिजाज को भांप, अपने अंदर ही साफ-सफाई में तो नहीं लगी हुई है? अब वजह जो भी हो वो शीर्ष नेतृत्व जाने लेकिन जिस तरह के बयान गुजरे रविवार को सीहोर की एक जनसभा में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिये और कहा कि 'मैंने राजनीति की परिभाषा बदल दी है। मैं सरकार नहीं परिवार चला रहा हूं, मेरे जैसे भैया नहीं मिलेगा, जब मैं चला जाऊंगा तब आप सबको बहुत याद आऊंगा।'

**अभी महज 79 घोषित उम्मीदवारों के जरिये भाजपा ने मध्य प्रदेश में अपने मंसूबे साफ कर दिए हैं। आगे 241 सीटों पर उम्मीदवार तय होने बाकी हैं जिनमें उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र की सीमा से जुडे तमाम क्षेत्र भी हैं।**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी*

***चूँकि*** धर्मराज (यम) न्याय के देवता हैं और आत्माओं के कर्मों के अनुसार इनाम और दंड देना उनका कर्तव्य है, उन्होंने सर्वशक्तिमान कबीर जी से पूछा

**मदहारी जारी नरा जो भांग तंबाखू खाहीं परदारा पर घर तकें जिनको लो अक नाहीं**

धर्मराज (यम) अपनी व्यवस्थाओं को बताते हुए पूछते हैं कि- 'जिन लोगों ने तत्वदर्शी संत की शरण में आने से पहले रिश्वतखोरी, मादक द्रव्यों का सेवन, व्यभिचार, वध, मद्यपान, धूम्रपान आदि बुराई की है, क्या वह उन्हें कानून के अनुसार पकड़े या छोड़ दे? तब धर्मराज (यम) ने अनुरोध किया

**धर्मराय विनती करें सुनियों पुरुष कबीर जिनको तो पकड़ने पड़ेंगे और जड़नी पड़े जंजीर**

धर्मराज (यम) कहते हैं कि मेरे कानून के अनुसार मुझे उन्हें पकड़ना और दंड देना है

**कर्मों से तीरथ हैं, अब हैं जो शरण कबीर जिनको निश्चय मारे हूँ, और काढ़ों बल तकसीर**

मतलब मुझे उन्हें उनके पहले के पापों की सजा देनी होगी। अब वे आपकी शरण में हैं इसलिए मैं उन्हें नहीं पकड़ूंगा जिन्होंने आपका मंत्र लिया है और केवल उन्हें ही पकड़ूंगा जो सच्ची भक्ति नहीं करते हैं। कबीर परमेश्वर ने उन्हें आदेश दिया कि मेरा सारशब्द, सरनाम एक चुंबक की तरह है और मेरे 'हंस' (भक्त) लोहे की तरह है। मैं गुप्त रूप से अपने भक्त से मिलूंगा। वह मुझे प्रणाम करेंगे और फिर मैं उन्हे दर्शन दूंगा। जो मेरी आत्मा होगी मैं उसे तुम्हारे कारागार से मुक्त कर दूंगा। तुमने उन्हे अज्ञानी बना दिया है, इसलिए वे पाप करते हैं। इसलिए सावधान रहो, और उस भक्त का हिसाब मत करना जो ये कहे कि मैंने कबीर साहेब से दीक्षा ली है।

*(क्रमशः)*

# खिलौना उद्योग में भारत की धमक



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

उद्योग


*मजबूत* इच्छा शक्ति से बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। इसका जीता जागता उदाहरण देश का खिलौना उद्योग है। यह अभी कल की ही बात लगती है जब भारत 20 हजार करोड़ रुपये के खिलौने अकेले चीन से आयात करता था। कोरोना के बाद बदली परिस्थितियों में चीन को लेकर दुनिया के देशों का मोहभंग हुआ और उसके बाद हालात यह होने लगे कि दुनिया के देश चीन और उसकी नीतियों को हिकारत की दृष्टि से देखने लगे। सरकार ने भी इसे गंभीरता से लिया और सरकार के एक आह्वान और सकारात्मक नीतियों का परिणाम यह रहा कि देश में खिलौना उद्योग ने रफ्तार पकड़ी। हालात में तेजी से बदलाव का ही परिणाम है कि आज भारत में खिलौना उद्योग तेजी से फलने-फूलने लगा है। देशी बाजार में स्वदेशी खिलौनों की मांग बढ़ी तो विदेशी बाजार में भी भारतीय खिलौनों की तेजी से मांग बढ़ी है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इसमें प्रमुख कारण खिलौना उद्योग के लिए प्रोत्साहन नीतियां प्रमुख कारण रहीं। आयात शुल्क बढ़ाने के साथ ही सरकार प्रोडक्शन लिंक इंसेटिव स्कीम लागू कर उद्योग के विकास में सहभागी बनी। आज 12 प्रतिशत विकास दर के साथ खिलौना उद्योग बढ़ रहा है। यह चक्रवृद्धि विकास दर है। इसे भारतीय खिलौना उद्योग के लिए शुभ संकेत ही माना जा सकता है। देखा जाय तो खिलौना उद्योग पर चीन का एकाधिकार ही रहा है। लगभग 80 प्रतिशत बाजार चीन के पास रहा है। ऐसे में चीन के खिलौना उद्योग को चुनौती देना बड़ी मुश्किल भरा काम रहा है, पर सरकार के एक आह्वान ने सब कुछ बदल कर रख दिया। केन्द्र व राज्य सरकारों के समन्वित प्रयासों से देश में खिलौना उद्योग ने गति पकड़ ली है। पहले भारत, चीन से 20 हजार करोड़ के खिलौना आयात करता था। और अब हालात यह हो गये हैं कि आज भारत में खिलौनों का घरेलू बाजार 124.73 अरब रुपये का हो गया है। भारत से खिलौनों के निर्यात में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। 2018-19 में 16.81 करोड़ के खिलौने निर्यात होते थे 2022-23 में बढ़कर 27.08 अरब डालर हो गया है। माना जा रहा है कि 2028 तक भारत में खिलौना उद्योग 249.47 अरब रुपये को पार कर जायेगा। इसके पीछे एक कारण यह भी है कि जो माहौल बना और बनाया गया उसका परिणाम यह रहा कि बच्चों की पहली पसंद भी भारतीय खिलौने ही हो गये हैं। खिलौना उद्योग में आज 4000 एमएसएमई अपनी भागीदारी निभा रही है। एक सबसे महत्वपूर्ण बात यह भी है कि एमएसएमई उद्योग देश का ग्रोथ इंजन होता है। एमएसएमई उद्योगों से जहां रोजगार के अधिक अवसर विकसित होते हैं वहीं स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध होता है। होता यह है कि बड़े उद्योगों में एक सीमा तक ही रोजगार के अवसर होते हैं क्योंकि वहां टेक्नीक का अधिक उपयोग होता है तो दूसरी और एमएसएमई उद्योग में रोजगार के अधिक अवसर होने से आर्थिक व्यवस्था को नई दिशा मिलती है। स्थानीय स्तर से लेकर निर्यात तक के अवसर आसानी से उपलब्ध होते हैं। जहां तक खिलौनों का संबंध है 2600 ईसा पूर्व सुमेरियन सभ्यता के अवशेषों में मानव और पशु आकृति के अवशेष मिले हैं जिनके बारे में यह माना जाता है कि यह उस जमाने के खिलौनों के ही अवशेष हैं। 500 ईसा पूर्व अवशेष पूर्व ग्रीक के अवशेषों में खिलौनों के अवशेष देखे गये हैं। जहां तक हमारे देश की बात है रामायण-महाभारत व पुराणों में खेल-खिलौनों की बाकायदा चर्चा मिलती है। आज प्लास्टिक का दौर है तो सर्वाधिक खिलौने प्लास्टिक के ही बनने लगे हैं। हमारे यहां मिट्टी, धातु, टेरीकोट्टा, कपड़े, लकड़ी, सींग, रत्नों आदि से निर्मित खिलौने तैयार होते हैं। समय के अनुसार खिलौनों की मांग भी बदलती रही है। एक समय था और आज भी बार्बी की मांग सबसे अधिक देखी जाती है। इसके बाद क्यूबिक की भी मांग सबसे अधिक देखी गई।

**कोरोना के बाद बदली परिस्थितियों में चीन को लेकर दुनिया के देशों का मोहभंग हुआ और उसके बाद हालात यह होने लगे कि दुनिया के देश चीन और उसकी नीतियों को हिकारत की दृष्टि से देखने लगे।**

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# कृषि-क्रांति व खाद्यान्न आत्मनिर्भरता के महानायक



ललित गर्ग

कृषि

*भारत* में कृषि-क्रांति के जनक, विश्व खाद्य पुरस्कार पाने वाले पहले व्यक्ति, कृषि में नवाचार के ऊर्जाघर एवं कृषि विज्ञानी डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन का देह से विदेह हो जाना एक स्वर्णिम युग की समाप्ति है, एक अपूरणीय क्षति हैं। भारत को अन्न के अकाल से मुक्त कर अन्न का भंडार बनाने वाले इस कृषि-युगपुरुष के अवदान इतने बहुमुखी और दीघार्युष्य है कि वे सदिया तक कृतज्ञ राष्ट्र की धमनियों एवं स्मृतियों में जीवित रहेंगे। वे अपने पीछे एक ऐसी विरासत छोड़ गये हैं कि भारतीय कृषि एवं वैश्विक खाद्य के संकट उभरने का नाम नहीं लेंगे। 'कृषि क्रांति आंदोलन' के वैज्ञानिक नेता के रूप में उनके अवदानों की शुरूआत 1943 के भीषण दुर्भिक्ष के दौरान हुई, जब चावल के एक-एक दाने के लिये लाखों लोगों ने दम तोड़ दिया था। इस घोर मानवीय त्रासदी एवं संकट ने केरल विश्वविद्यालय के इस अठारह वर्षीय युवा स्वामीनाथन में देश की भूख मिटाने की प्रतिबद्धता एवं संकल्प को जाग्रत किया और इसके लिये कृषि अनुसंधान के प्रति एक जुनून एवं जिजीविषा पैदा की। उन्होंने गेहूं एवं चावल की उच्च उपज वाली किस्मों को विकसित करने के मिशन पर काम शुरू कर भारत की कृषि में नव स्वस्तिक उकेरे। उनकी कृषि क्रांति ने भारत को दुनिया में खाद्यान्न की सर्वाधिक कमी वाले देश के कलंक से उबारकर 25 वर्ष से कम समय में आत्मनिर्भर बना दिया था। उस समय से भारत के कृषि पुर्नजागरण ने सदाबाहर कृषि क्रांति की ओर उन्मुख अवलंबनीय कृषि की वकालत ने उन्हें अवलंबनीय खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में विश्व नेता का दर्जा दिलाया। मनकोम्बु संबासिवन स्वामिनाथन का जन्म 7 अगस्त 1925 को हुआ। उन्होंने 1966 में मैक्सिको के बीजों को पंजाब की घरेलू किस्मों के साथ मिश्रित करके उच्च उत्पादकता वाले गेहूं के संकर बीज विकसित किये। एम. एस. स्वामीनाथन को 'विज्ञान एवं अभियांत्रिकी' के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा सन 1967 में 'पद्मश्री', 1972 में 'पद्म भूषण' और 1989 में 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया गया था। उन्हें 1971 में मैगसेसे एवं 1986 में अल्बर्ट आइंस्टीन वर्ल्ड अवार्ड भी प्रदत्त किये गये। विभिन्न पुरस्कारों और सम्मानों के साथ प्राप्त धनराशि से एम. एस. स्वामीनाथन ने वर्ष 1990 के दशक के आरंभिक वर्षों में 'अवलंबनीय कृषि तथा ग्रामीण विकास' के लिए चेन्नई में एक शोध केंद्र की स्थापना की। एम. एस. स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य भारतीय गांवों में प्रकृति तथा महिलाओं के अनुकूल प्रौद्योगिकी के विकास और प्रसार पर आधारित रोजगार उपलब्ध कराने वाली आर्थिक विकास की रणनीति को बढ़ावा देना है। स्वामीनाथन और उनके सहयोगियों द्वारा पर्यावरण, कृषि एवं खाद्यान्न प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किये जा रहे कार्य को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली है। स्वामीनाथन दक्षिण एशिया के उत्तरदायित्व के साथ पर्यावरण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में यूनेस्को में भी पदासीन रहे हैं। उनकी महान विद्वत्ता को स्वीकरते हुए इंग्लैंड की रॉयल सोसाइटी और बांग्लादेश, चीन, इटली, स्वीडन, अमरीका तथा सोवियत संघ की राष्ट्रीय विज्ञान अकादमियों में उन्हें शामिल किया गया है। वह 'वर्ल्ड एकेडमी ऑफ साइंसेज' के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। 1999 में टाइम पत्रिका ने स्वामीनाथन को 20वीं सदी के 20 सबसे प्रभावशाली एशियाई व्यक्तियों में से एक बताया था। भारत के भाल पर अनूठा एवं विलक्षण करने वाले महान व्यक्तियों में स्वामीनाथन एक थे। स्वामीनाथन सच्चे भारतीय एवं राष्ट्रीयता से ओतप्रोत व्यक्तित्व थे। जब देश राजनीतिक आजादी के लिए संघर्षरत था, तब युवा स्वामीनाथन ने देश को भूख से आजादी दिलाने के लिए कड़ा संघर्ष किया एवं सफलता का नया इतिहास रचा।

**भारत को अन्न के अकाल से मुक्त कर अन्न का भंडार बनाने वाले इस कृषि-युगपुरुष के अवदान इतने बहुमुखी और दीघार्युष्य है कि वे सदिया तक कृतज्ञ राष्ट्र की धमनियों एवं स्मृतियों में जीवित रहेंगे।**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## गागर में सागर

### बेगूसराय में राजद कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय में एक बार फिर बीते रात अपराधियों ने एक राजद कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना बरौनी थाना क्षेत्र के नीगा बलुवाड़ा गांव की है। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी मो. मोनाजिर उर्फ जुम्मन के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है मोनाजिर अपने घर में सोया हुआ था। वहीं रात करीब दो बजे मोटरसाइकिल से आए दो लोगों ने उसे बाहर बुलाया और ताबड़तोड़ गोली मार दी। घटना की आवाज सुनकर दौड़े परिजन ग्रामीणों के सहयोग से उसे सदर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही बरौनी थाना की पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया और मामले की छानबीन में जुटी हुई है। मृतक के परिजनों ने किसी से कोई विवाद या दुश्मनी की बात से इनकार किया है। लेकिन चर्चा है कि मृतक की पुत्री का गांव के ही किसी लड़के से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसका विरोध किए जाने पर हत्या की गई है। ग्रामीणों के अनुसार बताया जाता है कि मोहम्मद मोनाजिर उर्फ जुम्मन ने 2021 में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पंचायत समिति सदस्य का चुनाव लड़ा था। लेकिन उसमें पराजित हो जाने के बाद दूसरे प्रदेश में जाकर काम करने लगा। कुछ दिन पहले ही वह गांव आया था, इसके बाद रात में गोली मार कर हत्या कर दी गई है। फिलहाल हत्या के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### आपसी विवाद में ईंट से कूंचकर पत्नी की हत्या, पति फरार

**लखनऊ।** जानकारीपुरम थाना क्षेत्र स्थित कोटवा गांव में रविवार की आधी रात को आपसी विवाद में एक युवक ने ईंट ते पत्नी का सिर कूंचकर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपित फरार है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच में जुट गई। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, मूलरूप से सीतापुर के कमलापुर निवासी अंकिता अवस्थी (32) का अपने पति सोनू अवस्थी से कई साल से विवाद चल रहा है। वह उससे अलग रह रही थी। सात दिन पहले अपने छह साल के बेटे और भाई के साथ वह कोटवा गांव में किराए पर रहने के लिए आयी थी। बताया जा रहा है कि रविवार की रात को सोनू कोटवा गांव पहुंचा। पत्नी अंकिता से किसी को बात लेकर दोनों में कहासुनी होने लगी। विवाद इतना बढ़ गया कि सोनू ने ईंट से अंकिता के सिर पर कई वार कर घायल कर भाग निकला। जानकारी पर पहुंचे घरवालों ने पुलिस को सूचना देते हुए घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने अंकिता को मृत घोषित कर दिया है।

### पिता के हाथों बेटे की हत्या, गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी।** माटीगाड़ा में पिता पर बेटे की हत्या का आरोप लगा है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। आरोपित का नाम कुटनु सबर (55) है जबकि मृत बेटे का नाम विशाल सबर था। घटना रविवार रात माटीगाड़ा थाना अंतर्गत निश्चिंतपुर चाय बागान की है। सूत्रों के अनुसार कुटनु सबर का बेटा विशाल सबर हर वक्त नशे में रहता था। नशे की अवस्था में रोज वह घर में अत्याचार करता रहता था। बीती रात भी विशाल ने नशे की हालत में घर पर आया और मारपीट करने लगा। इस दौरान पिता ने एक धारदार हथियार से अपने बेटे के गर्दन पर वार कर दिया। जिससे उसका सर धड़ से अलग हो गया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पाकर माटीगाड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए उत्तरबंग मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भेज दिया। वहीं, बेटे की हत्या के आरोप में पिता को गिरफ्तार कर लिया।

### नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी के चार आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर।** जिले के थाना कांकेर पुलिस ने कांकेर न्यायालय में फर्जी प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर नौकरी के नाम पर 10 लाख से अधिक की धोखाधड़ी करने वाले चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों विनय नेताम पिता गोपाल नेताम, राजू रात्रे पिता सुधाराम, सोनाधार सेठिया पिता बाली राम सेठिया एवं सुंदर लाल सोरी पिता गसनू सोरी निवासी को गिरफ्तार कर आज सोमवार को कार्रवाई उपरांत न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कांकेर न्यायालय में वाहन चालक के पद पर नियुक्ति के संबंध में सुंदर लाल सोरी निवासी फरसगांव, सोनाधार सेठिया निवासी जगदलपुर, राजू रात्रे निवासी जांजगीर एवं चंद्र प्रकाश जोशी निवासी जांजगीर के साथ मिलकर आपराधिक षडयंत्र कर नौकरी के लिए फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कर प्रस्तुत किया था। आरोपितों ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उन्होंने अन्य व्यक्तियों को भी इस प्रकार झांसा देकर नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी कर फर्जी नियुक्ति पत्र दिया है।

# महिला सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: बघेल

**एजेंसी। रायपुर**



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के ध्येय के साथ काम करते हुए राज्य में न्याय, विश्वास व सुरक्षा के मूल मंत्र पर आगे बढ़ते हुए पिछले पांच वर्षों में जीरो टालरेंस की नीति अपनायी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन में राज्य की बेसिक पुलिसिंग ने जनता का भरोसा जीता है और जीरो टालरेंस से राज्य में अपराधों पर अंकुश भी लगा है।

छत्तीसगढ़ में 2015 से 2018 की तुलना में 2019 से अब तक महिला अपराधों में 40 फीसदी की कमी आयी है। महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हाल ही में एक बड़ी घोषणा की है जिसमें महिलाओं से दुष्कर्म के आरोपियों को शासकीय नौकरी देने पर रोक लगा दी गयी है। महिला अपराध पर अंकुश लगाने के लिए राज्य के 4 जिलों में अलग से महिला थाना की स्थापना की गयी है। जबकि 455 पुलिस थानों और चौकियों में महिला सेल का संचालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अगुवाई में छत्तीसगढ़ पुलिस को विशेष संबल मिला है इसी का नतीजा है कि वर्ष 2018 से लेकर वर्ष 2022 तक नक्सल वारदातों में 52 फीसदी की कमी आई है। नक्सल क्षेत्रों में सबसे बड़ी समस्या शिक्षा की थी। नक्सलियों के द्वारा स्कूलों को निशाना बनाया गया था। नक्सली हिंसा के कारण डेढ़ दशक से बंद पड़े 314 स्कूलों का मुख्यमंत्री की दृढ़ इच्छाशक्ति से फिर से संचालन शुरू किया गया है। इसके साथ ही 589 गांव भी नक्सल मुक्त हो चुके है और 5.74 लाख से अधिक लोग हिंसा और दहशत से मुक्त हुए हैं।छत्तीसगढ़ में जुआ सट्टा के प्रभाव को रोकने के लिए राज्य में जुआ प्रतिषेध अधिनियम में कड़े प्रावधानों को शामिल किया गया जिसमें आनलाइन जुआ के लिए भी सजा का प्रावधान है।छत्तीसगढ़ पुलिस नशीले पदार्थों को लेकर विशेष अभियान चला रही है जिससे नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सका है। छत्तीसगढ़ देश का एकमात्र राज्य है जो चिटफंड कंपनियों के झांसे में आकर अपनी गाढ़ी कमाई गंवाने वालों का पैसा लौटा कर उनके साथ न्याय कर रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा है कि वे पाटन से ही चुनाव लड़ेंगे ।उन्होंने कहा है कि कोई गलतफहमी में न रहे, भूपेश बघेल किसी से डरता नहीं है, सीट ढूँढने वाले कोई और होंगे। अगर पार्टी टिकट देगी तो सिर्फ और सिर्फ पाटन से ही चुनाव लड़ूंगा।

### शुभेंदु ने टीएमसी के आरोपों पर दिया जवाब, कहा

# एनडीए राज में कई गुना बढ़ा दिया गया आवंटन

**एजेंसी। कोलकाता**



दिल्ली में तृणमूल के विरोध कार्यक्रम के दिन विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि बंगाल के लिए विभिन्न केंद्रीय परियोजनाओं का आवंटन यूपीए राज के मुकाबले एनडीए राज में कई गुना बढ़ा दिया गया है। शुभेंदु ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री को धन्यवाद दिया। अधिकारी ने आंकड़ों पर प्रकाश डालते हुए सोमवार को एक ट्वीट किया है। अधिकारी ने अपने एक्स हैंडल पर कहा कि मोदी सरकार ने एनडीए काल के दौरान मनरेगा और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के लिए आवंटन बढ़ाया। यूपीए काल में पश्चिम बंगाल सरकार को 100 दिनों के काम के लिए 14 हजार 985 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था। मोदी सरकार में अब तक बंगाल को 54 हजार 150 करोड़ रुपये दिये गये हैं। इसके अलावा विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया पर आंकड़े शेयर करते हुए बताया कि यूपीए काल में जहां बंगाल को पांच हजार 431 करोड़ रुपये दिए गए, वहीं नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल सरकार को 11 हजार 51 करोड़ रुपये आवंटित किए। उन्होंने राज्य और कोलकाता पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के नाम का जिक्र करते हुए तृणमूल नेताओं को चेतावनी दी है।

# देश के मूल्यों को आज बचाने की जरूरत है: कमलनाथ

**एजेंसी। भोपाल**



पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने राष्ट्रपित महात्मा गांधी की जयंती पर अपने संदेश में भाजपा का नाम लिये बिना बड़ा हमला बोला है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा है कि गांधी जी-शास्त्री जी की जयंती का महत्व यूं तो सच्चाई और ईमान के प्रतीक के रूप में सदैव ही रहा है लेकिन इस साल इसका महत्व बीते हुए सालों के मुकाबले सबसे ज्यादा है क्योंकि जब से देश आजाद हुआ है तब से आज तक कभी भी देश के मूल्यों, संविधान व भाईचारे को चुनौती देनेवाली ताकतें इतनी सक्रिय नहीं हुईं, जितनी अब हुईं हैं।

कमलनाथ ने कहा कि हमारे देश की अनूठी खासियत ये है कि ये शांत रहते हुए भी गांधी जी की तरह सही समय पर अपने नैतिक-बल के आधार पर एक अहिंसक क्रांति करने की सामर्थ्य रखता है और जीतता भी है। हमारे देशवासियों ने औपनिवेशिक ताकतों से लेकर देश की एकता की विरोधी ताकतों तक का सामना हमेशा इसी सामर्थ्य से किया है और आगे भी करेंगे और आखिरकार उनको हराएँगे भी। पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी की जो मुस्कान उनके चित्रों और चलचित्रों में हम सबने देखी है, उस मुस्कान को आगे भी बचाए-बनाए रखने के लिए हर कांग्रेसी अपने देश से वादा करता है और ये मेरा व्यक्तिगत वचन भी है। समय कठिन है और चुनौती बड़ी है, लेकिन देश के लिए कांग्रेस हमेशा लड़ी है और जीती भी है और जीतेगी भी। हर देशप्रेमी के हृदय में, हर सच्चे मन में गांधी जी आज भी जीवित हैं, जीवंत हैं और सदा रहेंगे।

# जाति गणना का हास्यास्पद आंकड़ा देकर भ्रम फैला रहे नीतीश-लालू : गिरिराज सिंह

**एजेंसी। बेगूसराय**



केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह सोमवार को बिहार सरकार द्वारा जारी किए गए जाति गणना के आंकड़े को हास्यास्पद करार दिया है। उन्होंने कहा है कि बिहार में नीतीश कुमार और लालू यादव की जोड़ी जनहित के बदले जनता के बीच भ्रम फैला रही है। बेगूसराय में आज पत्रकारों से बात करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि बिहार की आबादी 13 करोड़ से अधिक है। लेकिन सरकार ने करीब दो लाख 84 हजार परिवार का आंकड़ा प्रस्तुत किया है। सब जाति का आंकड़ा एवं प्रतिशत जो दिया गया है, वह काफी हास्यास्पद है। बिहार में 33 वर्षों से लालू यादव और नीतीश कुमार की सरकार है। सरकार को जातिगत आंकड़ा के बदले अपने कार्यों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करना चाहिए। बताना चाहिए कि कितने को रोजगार दिया, कितने गरीबों का उत्थान किया। लेकिन यह दोनों गरीबों के साथ बेईमानी कर रहे हैं। बिहार के जनता की आंखों में धूल झोंक रहे हैं। सामाजिक न्याय के कथित पुरोधा लालू यादव करीब 14 प्रतिशत एवं नीतीश कुमार करीब 2.8 प्रतिशत आबादी को रिप्रेजेंट कर रहे हैं। लेकिन यह लोग काम करने के बदले गरीबों को बरगला रहे हैं, समाज में भ्रम पैदा कर रहे हैं। आज देश चांद पर जा रहा है, हर ओर विज्ञान उन्नति कर रहा है। लेकिन लालू यादव और नीतीश कुमार जातीय जंजाल में उलझाए हुए हैं। यह लोग अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए लुका छुपी कर रहे हैं। नीतीश कुमार डरते हैं और लालू यादव मित्र से डरे हुए हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि पहली बार नीतीश कुमार को अटल बिहारी वाजपेयी जी याद आए। लेकिन वह अटल बिहारी वाजपेयी को याद करने नहीं गए। वह तो लालू यादव को धमका रहे थे कि मैं मायके चली जाऊंगी तुम देखते रहना। लेकिन लालू यादव निश्चिंत रहें कि नीतीश कुमार के लिए मायके (भाजपा) का दरवाजा पूरी तरह से बंद है।

गिरिराज सिंह ने कहा कि राजद के नेता कुछ से कुछ अनर्गल बोलते रहते हैं। वह बोलते तो हैं अपने मुंह से, लेकिन सामने लालू यादव का चेहरा रहता है। मनोज झा ने ठाकुर पर टिप्पणी की। लेकिन ठाकुर समाज से माफी मांगने के बदले लालू यादव सहित सभी राजद नेता आग में घी दे रहे हैं। यह लोग कल ब्राह्मण और परसों भूमिहार को भी गाली देकर समाज में तनाव पैदा करना चाहते हैं।

गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी पर जोरदार हमला करते हुए कहा है कि राहुल गांधी को खुद पता नहीं है कि वह क्या है। कभी सीजनल हिंदू बनते हैं तो कभी विदेश जाकर हिंदू को गाली देते हैं।

# लोकतांत्रिक मूल्यों से झुकाई जा सकती है दुनिया की बड़ी से बड़ी ताकत : सीएम योगी

**एजेंसी। गोरखपुर**



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को दोनों विभूतियों भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता और पूर्व प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और राष्ट्रहित में उनके अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की। बापू के सत्य व अहिंसा के संदेश का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अहिंसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है।

बापू (महात्मा गांधी) की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर के टाउनहॉल स्थित उनकी प्रतिमा पर रामधुन के बीच माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने शास्त्री चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया। बापू की जयंती पर मुख्यमंत्री गोलघर के गांधी आश्रम भी पहुंचे और चरखा चलाकर उन्हें याद किया। सीएम ने गांधी आश्रम में सूत कातने की विधि को देखने, जानकारी लेने, खादी व ग्रामोद्योग के उत्पादों का अवलोकन करने के बाद खादी के वस्त्र भी खरीदे। गांधी आश्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अहिंसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में पूरी दुनिया इसे देख चुकी है। उन्होंने कहा कि पूरा देश आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर नमन कर रहा है। बापू ने उन्होंने पूरी दुनिया को सत्य व अहिंसा का मार्ग दिखाकर यह संदेश दिया कि लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करते हुए दुनिया की बड़ी से बड़ी ताकत को झुकाया जा सकता है। महात्मा गांधी ने स्वदेशी, सत्य व अहिंसा का पालन करते हुए उन अंग्रेजों को देश छोड़ने को मजबूर कर दिया, जिनके बारे में कहा जाता था कि उनके राज्य में सूर्य अस्त नहीं होता। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों व निकायों में स्वच्छांजलि का कार्यक्रम चल रहा है। स्वदेशी, स्वावलंबन, सत्य व अहिंसा का जो मार्ग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने दिखाया था, उसके साथ ही उनके लिए स्वच्छता का अभियान भी बहुत महत्वपूर्ण था। स्वच्छांजलि का कार्यक्रम बापू के इसी अभियान से प्रेरित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि जय जवान-जय किसान का उद्घोष कर सुरक्षा के साथ आत्म निर्भरता के प्रति आह्वान करने वाले शास्त्री जी बापू के परम अनुयायी भी थे। आज देश व समाज में उनके योगदान को नमन करने का भी अवसर है। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, आदि भी मौजूद रहे।

# नीतीश ने जेडी-यू तोड़ने की एनडीए को दी चुनौती

**एजेंसी। पटना**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए को चुनौती दी है कि अगर उनमें हिम्मत है तो वो जेडीयू तोड़ कर दिखाएं। एनडीए के कुछ नेता दावा कर रहे थे कि जेडी-यू जल्द 'टूट' जाएगी।

कुमार ने पटना में मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा, ये बेतूका बयान है जिसका कोई मतलब नहीं है। अगर भाजपा में हिम्मत है, तो जद-यू को तोड़ कर दिखाए।इससे पहले, आरएलजेडी के उपेंद्र कुशवाहा, बिहार बीजेपी प्रमुख सम्राट चौधरी, जीतन राम मांझी और अन्य नेताओं ने दावा किया था कि जेडी-यू जल्द ही दो हिस्सों में टूट जाएगा - एक हिस्सा बीजेपी के पास जाएगा और दूसरा हिस्सा राजद के पास जाएगा। नीतीश कुमार के बयान के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने दावा किया कि बीजेपी को जेडीयू को तोड़ने की जरूरत नहीं है। नीतीश कुमार तेजस्वी यादव को राज्य का मुख्यमंत्री बनाएं और फिर देखें क्या होता है।प्रसाद ने कहा, महागठबंधन बनाने के दौरान ऐसी चर्चा थी कि लालू प्रसाद और नीतीश कुमार के बीच एक डील हुई है कि तेजस्वी यादव को बिहार का सीएम बनाया जा सकता है और नीतीश कुमार पूरे महागठबंधन के बैकअप के साथ केंद्रीय राजनीति में जाएंगे। प्रसाद ने कहा, अब, तथाकथित महागठबंधन के नेता उन्हें कोई वैलू नहीं दे रहे हैं। वह न तो विपक्षी दलों के संयोजक बने और न ही प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार। नीतीश कुमार की कोशिशें नाकाम रहीं।

## विरासत

### महात्मा गांधी के आह्वान पर सुलतानपुर के सेठ साहूकारों ने खोल दी थी अपनी पोटली

# स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े थे जिले के राष्ट्रभक्त

**एजेंसी। सुलतानपुर**

महात्मा गांधी ने जब फिरंगी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन करने का आवाहन किया तो जिले के सेठ साहूकारों ने भामाशाह बनकर अपनी पोटली खोलकर रख दी। स्वराज आंदोलन की अलख जगाने महात्मा गांधी पत्नी कस्तूरबा गांधी के साथ सुलतानपुर नवम्बर 1929 में आए थे। उस समय वह सीताकुंड पर स्थित बाबू गनपत सहाय की कोठी में रात्रि विश्राम के लिए रुके हुए थे। अगले दिन सुबह रेलवे स्टेशन के निकट स्थित सेठ जगराम दास धर्मशाला में एक सभा आयोजित की गई थी। उस दिन महात्मा गांधी को देखने-सुनने हजारों लोगों की भीड़ जुटी थी। गांधी जी ने जब लोगों से फिरंगी हुकूमत के खिलाफ एक जुट होकर आंदोलन करने का आह्वान किया तो जिले के सेठ-साहूकारों ने भामाशाह बनकर अपनी पोटली का मुंह खोलकर खुले दिल से चंदा दिया।

देखा जाये तो गांधी जी के उस दौर के प्रत्यक्षदर्शी भी अब नहीं रहे, लेकिन आज भी वह दास्तान, लोगों का वह जज्बा जन-जन के बीच प्रचलित है और चर्चा का विषय है। सेठ जगराम दास धर्मशाला और बाबू गनपत सहाय की कोठी (अब गनपत सहाय डिग्री कालेज) के नाम से आज भी इमारत खड़ी है। वयोवृद्ध वकील बाबू रामकुमार लाल (अब दिवंगत) के अनुसार, महात्मा गांधी और कस्तूरबा गांधी जब सुलतानपुर आये तो उन्हें देखने-सुनने के लिए हजारों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी और हजारों की संख्या में छात्र भी आये हुए थे। गांधी जी बाबू गनपत सहाय की सीताकुंड स्थित कोठी "केशकुटीर" में ठहरे थे। गांधी जी ने रेलवे स्टेशन के समीप जगराम दास धर्मशाला में सभा की और जिले में आंदोलन जारी रखने का निर्देश दिया था।



गांधी जी की इस सभा में जिले में जंग-ए-आजादी के अग्रणी सेनानी ठाकुर, राम नरायन, बाबू संगमलाल, राम हरख सिंह, अनन्त बहादुर सिंह, भगौती प्रसाद, चन्द्रबलि पाठक, उमादत्त शर्मा, हरिहर सिंह भी शामिल थे। वयोवृद्ध इतिहासकार बाबू राजेश्वर सिंह ने भी अपनी किताब "सुलतानपुर का इतिहास" में भी इसको तस्दीक करते हैं। वे बताते हैं कि साइमन कमीशन के विरोध में जनता को जागृत करने देश व्यापी दौरे पर निकले बापू सुलतानपुर आये थे। यहां पर बापू की गर्मजोशी से अगवानी की गई थी। हालांकि, कांग्रेस के गरम दल के नेता रहे बाबू गनपत सहाय गांधी जी के बेहद नजदीकी थे। गांधी जी फैजाबाद से बाबू गनपत सहाय की मोटर कार से ही आये थे। सेठ-साहूकारों से गांधी जी ने स्वराज की लड़ाई में चंदा मांगा तो सभा में मौजूद महाजनों ने भामाशाह बनकर उनकी झोली भर दी थी। उन्होंने लिखा है कि जिस केशकुटीर में बापू ठहरे थे, वो अब गनपत सहाय पीजी कॉलेज के राधारानी महिला विभाग में तब्दील हो चुका है। वहीं धर्मशाला का वह आंगन आज भी सुनहरी याद दिला रहा है।

### 16 लाख रुपये के मादक पदार्थों के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने सिलीगुड़ी के न्यू जलपाईगुड़ी पुलिस स्टेशन के पास 16 लाख रुपये के मादक पदार्थों के साथ एक तस्कर को धर दबोचा है। घटना यहां के कैनल रोड की है। एसटीएफ के एसपी आईपीएस इंद्रजीत बसु ने बताया कि एक अक्टूबर की शाम पुख्ता सूचना मिलने के बाद एक टाटा मीडियम गाड़ी को रोका गया था। उसकी तलाशी लेने पर उसमें से 26 पैकेट में भरा हुआ 161 किलो गांजा बरामद किया गया। गाड़ी चला रहे शख्स को धर दबोचा गया है। उसकी पहचान गोविंद घोष (35) के तौर पर हुई है। वह जलपाईगुड़ी के मातली का रहने वाला है। उसने सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देने के लिए गाड़ी के पिछले हिस्से में एक हिडन चैंबर बनाया था। पूछताछ में बताया है कि कूचबिहार से गंजा लेकर बिहार ले जा रहा था।

## गागर में सागर

### शेयरों में गिरावट और फेड के इशारे से चमक जाएगा सोना



**नई दिल्ली।** गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में निवेश काफी बढ़ गया है। पिछले साल सितंबर और दिसंबर में खत्म तिमाहियों में निवेश आने के बजाय इन फंडों से निकासी की गई थी। इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान भी ऐसा ही हुआ था। मगर जून तिमाही में गोल्ड ईटीएफ में 298 करोड़ रुपए की शुद्ध आवक हुई। जुलाई में आंकड़ा बढ़कर 456 करोड़ रुपए हुआ और अगस्त में 1,028 करोड़ रुपए निवेश के साथ आंकड़ा पिछले 16 महीने में सबसे अधिक हो गया। इस साल अब तक 6.2 फीसदी का औसत रिटर्न देने वाले 14 गोल्ड ईटीएफ फिलहाल 24,423 करोड़ रुपए की परिसंपत्ति संभाल रहे हैं। जब शेयर बाजार रोज नई ऊंचाई पर पहुंच रहा है तब निवेशक शेयर बाजार में मुनाफा कमाकर रकम सोने में लगा रहे हैं। कॉमट्रेंड्ज रिसर्च के निदेशक ज्ञानशेखर त्यागराजन ने कहा, निवेश सलाहकारों का सुझाव है कि अगर निवेशक को शेयर बाजार से अच्छा रिटर्न मिला है तो वह अपनी आय का एक हिस्सा सोने में लगा सकते हैं।

### मारुति ने दर्ज किया सबसे ऊंची मासिक बिक्री का आंकड़ा



**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की सितंबर में कुल वाहन बिक्री सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 1,81,343 इकाई रही, जो उसका एक महीने में बिक्री का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। कंपनी ने रविवार को यह जानकारी दी। देश की सबसे बड़ी कार विनिमार्ता कंपनी ने सितंबर, 2022 में 1,76,306 कारों की थोक बिक्री की थी। एमएसआई ने बयान में कहा, पिछले महीने घरेलू बाजार में यात्री वाहन बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 1,50,812 इकाई हो गई, जो सितंबर, 2022 में 1,48,380 इकाई थी। कंपनी की कुल बिक्री अप्रैल-सितंबर के दौरान पहली बार 10 लाख इकाई के आंकड़े को पार कर गई है। एमएसआई ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 10,50,085 वाहन डीलरों को भेजे, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 9,85,326 वाहन बेचे थे। कंपनी ने कहा कि सितंबर में उसकी शुरूआती स्तर की कारों- ऑल्टो और एस-प्रेसो की 10,351 इकाइयों की बिक्री हुई, जो पिछले साल सितंबर के 29,574 से 65 प्रतिशत कम है।

### सितम्बर में कोल इंडिया का उत्पादन 12.6% बढ़कर 5.14 करोड़ टन पर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लि. (सीआईएल) का कोयला उत्पादन सितंबर में सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत बढ़कर 5.14 करोड़ टन पर पहुंच गया। इससे पिछले साल के समान महीने में कंपनी ने 4.57 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया था। बीएसई को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में उसका उत्पादन 11.3 प्रतिशत बढ़कर 33.29 करोड़ टन हो गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 29.9 करोड़ टन था। सितंबर में सीआईएल का कोयला उठाव 12.6 प्रतिशत बढ़कर 5.51 करोड़ टन रहा, जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में 4.89 करोड़ टन था। अप्रैल-सितंबर की अवधि में महारत्न कंपनी का कोयला उठाव भी 8.6 प्रतिशत बढ़कर 36.07 करोड़ टन हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 33.2 करोड़ टन था। घरेलू कोयला उत्पादन में कोल इंडिया का योगदान 80 प्रतिशत से अधिक है।

### कंपनी छोड़ने पर भी उठा सकते हैं ग्रुप मेडिकल बीमा का लाभ

**नई दिल्ली।** कंपनियां या संगठन अपने कर्मचारियों की सुविधा के लिए ग्रुप मेडिकल कवरेज (जीएमसी) प्रदान करते हैं। यह कंपनियों के कुल मुआवजा पैकेज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जीएमसी पॉलिसी वेतनभोगी लोगों के लिए बुनियादी स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा पाने का एक अच्छा तरीका है। आमतौर पर जीएमसी का लाभ तभी तक मिलता है, जब तक आप उस कंपनी में कार्यरत हैं। क्या आपने सोचा है कि मौजूदा कंपनी छोड़ने के बाद अगर आपकी अगली कंपनी जीएमसी नहीं देती है या सीमित कवर देती है या आप करियर में ब्रेक लेकर फ्रीलांसर या उद्यमी के रूप में कार्य शुरू करने का फैसला लेते हैं तो जीएमसी का क्या होगा।

## पुरानी पेंशन स्कीम को फिर से बहाल करने को लेकर आंदोलन शुरू

# नई पेंशन योजना में कम फायदे मिलने की बात पर लोग आक्रोशित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पिछले काफी समय से लोग पुरानी पेंशन स्कीम को फिर से बहाल करने को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। जानकार मानते हैं कि पुरानी योजना के मुकाबले नई पेंशन योजना में कर्मचारियों को काफी कम फायदे मिलते हैं, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित नहीं माना जा सकता। यही नहीं, जब नौकरी पूरी हो जाएगी और जो पैसे मिलेंगे उस पर टैक्स भी देना पड़ता है। हम अपनी आजीविका चलाने के लिए कमाई करते हैं। कोई नौकरी करता है, तो कोई अपना बिजनेस करता है। वहीं, जो लोग सरकारी नौकरी करते हैं (केंद्र या राज्य सरकार के कर्मचारी के तौर पर) उन्हें पेंशन देने का प्रावधान है। पिछले कुछ समय से आप ओपीएस यानी ओल्ड (पुरानी) पेंशन योजना और एनपीएस



यानी नई पेंशन योजना पर विभिन्न सरकारों और कर्मचारी संगठनों के बीच रार ठनी हुई है। बात अगर ओल्ड पेंशन योजना की करें, तो इसमें कर्मचारी के सेवा काल के आखिर के वेतन का 50 फीसदी पेंशन के रूप में आजीवन किया जाता था। इसकी पूरी राशि का भुगतान सरकार की तरफ से किया जाता था। हालांकि, दिवंगत अटली बिहारी वाजपेयी की सरकार ने दिसंबर 2003 में इस पुरानी पेंशन योजना को खत्म कर दिया था। अब उसी पुरानी पेंशन योजना को लागू करने के लिए विभिन्न कर्मचारी संगठन सड़कों पर उतर रहे हैं। केंद्र और राज्यों में सरकारी कर्मचारियों के लिए पेंशन अंतिम आहरित मूल वेतन का 50 प्रतिशत निर्धारित किया गया था। मतलब सेवा के आखिरी दौर में जितना वेतन मिलता था, उसका आधा प्रतिमाह रिटायरमेंट के बाद पेंशन के तौर पर मिलता था। इसके लिए कर्मचारियों के वेतन से कटौती भी नहीं होती थी। उदाहरण के लिए, अगर किसी रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी का सेवा में रहते हुए मासिक मूल वेतन 10,000 रुपये था, तो उसे 5,000 रुपये की पेंशन का आश्वासन दिया जाता था। इसके अलावा सरकार द्वारा सेवारत कर्मचारियों के लिए घोषित महंगाई भत्ते या डीए में बढ़ोतरी का असर भी पेंशनभोगियों के मासिक भुगतान पर पड़ता था।

## डीजल की मांग तीन प्रतिशत घटी पेट्रोल की 5.4% बढ़ी

**एजेंसी। नई दिल्ली**




कमजोर मांग और देश के कुछ हिस्सों में औद्योगिक गतिविधियां सुस्त पड़ने से डीजल की बिक्री सितंबर में तीन प्रतिशत घटी है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के शुरूआती आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सितंबर में सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों.. पेट्रोलियम कंपनियों की डीजल बिक्री घटी है। हालांकि, पेट्रोल की बिक्री में बढ़ोतरी हुई है। देश में सबसे ज्यादा खपत वाले ईंधन डीजल की बिक्री सितंबर में घटकर 58.1 लाख टन रह गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 59.9 लाख टन थी। सितंबर के पहले पखवाड़े में डीजल की मांग में पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, जबकि बारिश कम होने से दूसरे पखवाड़े में डीजल की मांग बढ़ी। मासिक आधार पर डीजल की बिक्री ढाई प्रतिशत अधिक रही है। अगस्त में डीजल की बिक्री 56.7 लाख टन रही थी। आमतौर पर मानसून के दौरान डीजल की बिक्री घट जाती है, क्योंकि बारिश के कारण कृषि क्षेत्र की मांग कम रहती है। कृषि क्षेत्र में सिंचाई, कटाई और परिवहन के लिए ईंधन के रूप में डीजल का इस्तेमाल होता है। अप्रैल और मई में डीजल की खपत क्रमशः 6.7 प्रतिशत और 9.3 प्रतिशत बढ़ी थी, क्योंकि उस समय कृषि क्षेत्र की मांग अच्छी रही थी। इसके अलावा गर्मियों की वजह से कारों में एयर कंडीशनर का इस्तेमाल बढ़ा था। आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में पेट्रोल की बिक्री पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 5.4 प्रतिशत बढ़कर 28 लाख टन हो गई। अगस्त में पेट्रोल की मांग में वृद्धि लगभग स्थिर रही है। सितंबर में मासिक आधार पर पेट्रोल की मांग 5.6 प्रतिशत बढ़ी है।

## एलआईसी ने किया सुभाष चंद्रा की प्रॉपर्टी पर कब्जा

# 570 करोड़ रुपए के कर्ज के भुगतान का था मामला

**एजेंसी। नई दिल्ली**



एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन सुभाष चंद्रा की एक प्रॉपर्टी पर 'सांकेतिक कब्जा' हासिल कर लिया है। बिजनस टुडे की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने चंद्रा द्वारा 570 करोड़ रुपए के कर्ज का भुगतान न करने के चलते प्रॉपर्टी पर कब्जा कर लिया है। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस द्वारा दिए गए एक विज्ञापन के अनुसार जिस प्रॉपर्टी पर कब्जा लिया गया है, वह मुंबई के चर्चगेट एरिया में बैकबेय रिक्लेमेशन एस्टेट में एक प्लॉट है। विज्ञापन में आगे बताया गया कि छक्ळ हाउसिंग फाइनेंस ने 13 दिसंबर 2021 को एक डिमांड नोटिस जारी किया था। इसमें उधारकर्ताओं- वसंत सागर प्रॉपर्टीज और पैन इंडिया इंफ्राप्रोजेक्ट्स के साथ ही गारंटर सुभाष चंद्रा को 60 दिनों के भीतर लगभग 570 करोड़ रुपए की कुल राशि वापस करने के लिए कहा गया था। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस द्वारा अखबार में प्रकाशित विज्ञापन में कहा गया, 'उपरोक्त उधारकर्ताओं/गारंटरों द्वारा राशि वापस न करने के कारण, उपरोक्त उधारकताओं/गारंटरों को विशेष रूप से और आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने सेक्युरिटाइजेशन (एनफोर्समेंट) नियम, 2002 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित एसेट्स का 'सांकेतिक कब्जा' ले लिया है।' ऋणदाता ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज अधिनियम, 2002 के तहत संपत्ति का प्रतीकात्मक कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकताओं और गारंटरों एवं आम जनता को संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने की चेतावनी भी दी गई है।

### आरबीआई की एमपीसी बैठक 4 अक्टूबर से होगी

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक चार अक्टूबर से शुरू होगी। इस बैठक के नतीजों का ऐलान छह अक्टूबर को किया जाएगा। विशेषज्ञों को इस बार भी रेपो रेट 6.5 फीसदी पर यथावत रखे जाने की संभावना है। रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में होने वाली छह सदस्यीय एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक चार अक्टूबर से शुरू होकर छह अक्टूबर तक चलेगी। इस बैठक के नतीजों की घोषणा छह अक्टूबर को होगी। जानकारों का मानना है कि रिजर्व बैंक इस हफ्ते होने वाली एमपीसी बैठक में भी प्रमुख नीतिगत दर यानी रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर यथावत रख सकता है। अगर ऐसा होता है तो खुदरा और कॉरपोरेट कर्जदारों के लिए ब्याज दरें स्थिर रह सकती हैं। रिजर्व बैंक ने रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान महंगाई पर काबू पाने के लिए मई, 2002 से लेकर फरवरी, 2023 के बीच रेपो रेट में 2.5 फीसदी की बढ़ोतरी की थी।

# सेबी ने कंपनियों के लिए अफवाह का खंडन या पुष्टि करने की समय सीमा बढ़ाई



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सूचीबद्ध कंपनियों के लिए बाजार अफवाहों की अनिवार्य रूप से पुष्टि या उनका खंडन करने की समयसीमा बढ़ा दी है। सेबी के ताजा परिपत्र के अनुसार, बाजार पूंजीकरण के लिहाज से शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों के लिए यह समयसीमा बढ़ाकर एक फरवरी, 2024 तक कर दी गई है। पहले यह समयसीमा एक अक्टूबर, 2023 थी। इसी तरह बाजार पूंजीकरण के लिहाज से शीर्ष 250 कंपनियों के लिए यह समयसीमा अब एक अगस्त, 2024 से लागू होगी। पहले इसे एक अप्रैल, 2024 से लागू किया जाना था। इस नियम का मकसद सूचीबद्ध इकाइयों में कामकाज के संचालन को मजबूत करना है। सेबी ने कहा, बाजार पूंजीकरण के लिहाज से शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों के लिए सूचीबद्धता दायित्व और खुलासा जरूरत (एलओडीआर) नियमों का कार्यान्वयन अब एक फरवरी, 2024 से होगा। वहीं बाजार पूंजीकरण के लिहाज से शीर्ष 250 कंपनियों के लिए यह नियम एक अगस्त, 2024 से लागू होगा। इससे पहले जून में सेबी ने नियमों को अधिसूचित करते हुए बाजार पूंजीकरण के आधार पर इन सूचीबद्ध कंपनियों को मुख्यधारा के मीडिया में बाजार अफवाह का खंडन या पुष्टि करने को कहा था। खुलासा जरूरतों के अनुसार, इन कंपनियों को निवेशक वर्ग के बीच चल रही किसी सूचना का 24 घंटे के अंदर मुख्यधारा के मीडिया के जरिए खंडन या पुष्टि करनी थी।

## विदेश

# प्लेन क्रैश होने से भारतीय अरबपति हरपाल रंधावा व बेटे समेत 6 की मौत

**एजेंसी। जोहान्सबर्ग**

दक्षिण- पश्चिमी जिम्बाब्वे के एक हीरे के खदान के पास तकनीकी खराबी के कारण हादसे का शिकार हुए प्राइवेट प्लेन में मरने वालों में भारतीय अरबपति और उनका बेटा भी शामिल हैं। मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार, इस हादसे में छह लोगों की मौत हुई थी, जिनमें से एक भारतीय अरबपति हरपाल रंधावा हैं और एक उनका बेटा है। हरपाल रंधावा एक खनन कंपनी रियोजिम के मालिक हैं। गौरतलब है कि रियोजिम सोने और कोयले के उत्पादन के साथ-साथ निकल और तांबे को परिष्कृत करने वाली कंपनी है। बताया जा रहा है कि ये हादसा आईहरारे के माशावा में स्थित जवामहांडे क्षेत्र में 29 सितंब को हुआ था।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रियोजिम के मालिक हरपाल रंधावा 29 सितंबर को राजधानी हरारे से दक्षिण-पश्चिमी जिम्बाब्वे में मुरोवा हीरा खदान के लिए



उड़ान भर रहे थे, जब विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस ने कहा कि विमान, जो कथित तौर पर रियोजिम का था, माशावा के जवामांडे इलाके में हादसे का शिकार हुआ, जिससे उसमें सवार सभी छह लोग मारे गए, जिसमें चार विदेशी और दो जिम्बाब्वे के लोग शामिल थे। ऐसा संदेह है कि यह दुर्घटना किसी तकनीकी खराबी के कारण हुई है।पुलिस ने कहा, ₹जिम्बाब्वे पुलिस ने एक विमान दुर्घटना की रिपोर्ट दी है, जो 29 सितंबर को सुबह 7।30 से 8 बजे के बीच हुई, जिसमें छह लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है।₹ उन्होंने कहा, ₹व्हाइट और रेड जकैम विमान सुबह 6 बजे आईहरारे से खदान के लिए निकला था और माशावा से लगभग 6 किमी दूर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।₹ रियोजिम, जो पहले ब्रिटिश-ऑस्ट्रेलियाई खनन समूह रियो टिंटो का हिस्सा था, ने दुर्घटना की पुष्टि की और कहा कि वह अधिक जानकारी इकट्ठा करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। जिम्बाब्वे रिपब्लिक पुलिस (जेडआरपी) के प्रवक्ता, सहायक आयुक्त पॉल न्याथी ने स्थानीय मीडिया को बताया कि वे अभी भी इस बारे में और जानकारी जुटाने की प्रक्रिया में हैं। हरपाल रंधावा 4 बिलियन डॉलर की निजी इक्विटी फर्म जीईएम होल्डिंग्स के संस्थापक भी हैं। पत्रकार और फिल्म निमार्ता होपवेल चिनोनो ने कहा कि वह हरपाल रंधावा के निधन से दुखी हैं।

## पेज एक के शेष

### कारिको और वीसमैन को...

खिलाफ एमआरएनए वैक्सीन की खोज में उनके योगदान के लिए संयुक्त रूप से फिजियोलॉजी या चिकित्सा क्षेत्र के लिए 2023 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। करोलिंस्का इंस्टीट्यूट में नोबेल असेंबली ने एक बयान में कहा, उन्हें न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए सम्मान मिला, जिससे कोविड -19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों का विकास संभव हो सका। नोबेल समिति ने कहा कि उनके अभूतपूर्व निष्कर्षों ने इस समझ को मौलिक रूप से बदल दिया है कि एमआरएनए हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली के साथ कैसे संपर्क करता है। एमआरएनए प्रौद्योगिकी में रुचि बढ़ने लगी और 2010 में, कई कंपनियां इस पद्धति को विकसित करने पर काम कर रही थीं। जीका वायरस और एमईआरएस-सीओवी के खिलाफ टीके लगाए गए। एमईआरएस-सीओवी का सार्स-कोव-2 के साथ निकट संबंध है। कोविड-19 महामारी के 2020 की शुरूआत में फैलने के बाद सार्स-कोव-2 सर्फेस प्रोटीन को एन्कोड करने वाले दो बेस-मॉडिफाइड एमआरएनएस टीके रिकॉर्ड गति से विकसित किए गए थे। ये टीके लगभग 95 प्रतिशत प्रभावी थे। दोनों टीकों को दिसंबर 2020 की शुरूआत में मंजूरी दे दी गई। समिति ने कहा, आधुनिक समय में मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक के दौरान पुरस्कार विजेताओं ने वैक्सीन विकास की अभूतपूर्व दर में योगदान दिया।

### विश्स्तरीय सुविधाएं ...

स्क्रीन को बड़ा करने सहित कई अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं से संबंधित दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। रांची की मेजबानी में एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक होना है। इस चैंपियनशिप में भारत के अलावा जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, मलेशिया और थाईलैंड की टीम भाग लेंगी।

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने ...

जयंती बड़ी शिद्दत और उमंग के साथ मना रहे हैं। आज यह प्रण लेने का दिन है कि किस प्रकार हम सभी लोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचार, आदर्श, मार्गदर्शन तथा उनका संदेश स्वच्छ मन, स्वच्छ सोच तथा स्वच्छ समाज की परिकल्पना को साकार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। हम सभी देशवासियों को इस बात का गर्व होना चाहिए कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जैसा व्यक्तित्व हमारे देश ने पाया था। बापू के विचारों को अनुसरण करते हुए हमें त्याग और समर्पण की भावना से कार्य करने की आवश्यकता है, तभी सुखी एवं समृद्ध समाज की परिकल्पना पूरी होगी। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ मांजी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी, उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन सिन्हा, राज्य खादी बोर्ड के सीईओ आरसी बसेरा, टाना भगत समुदाय के प्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### अवैध खनन में ...

टेकओवर नहीं किया। अब झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के आधार पर इस मामले में सीबीआई नया केस दर्ज कर सकती है। हाईकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी ने ईडी के गवाह विजय हांसदा के द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के दौरान अवैध खनन के साथ साथ विजय हांसदा के मुकरने की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया था। जिसके बाद सीबीआई ने इस मामले में पीई दर्ज की थी।

### गैंगस्टर को दो गुर्गों को...

कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने मोबाइल नंबर और लोकेशन के आधार पर दोनों आरोपियों को रविवार की रात दबोच लिया। आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है। **आरोपी कृष्णा देता था गैंगस्टर को पूरी जानकारी** : आरोपी कृष्ण मुरारी गैंगस्टर अनिल शर्मा के लिए ही काम किया करता है। अनिल ने उसे यह जिम्मेवारी दी है कि रेलवे में जिन लोगों को ठेका मिलता है, उसका मोबाइल नंबर और ठेका की कुल रकम की पूरी जानकारी दे। इसी आधार पर गुर्गा कृष्ण मुरारी साफ-सफाई का ठेका लेने वाली कंपनी के साइड इंचार्ज की पूरी जानकारी जेल में बंद अनिल शर्मा को दी। इसके बाद अनिल शर्मा ने खुद फोन कर साइड इंचार्ज से रंगदारी मांगी थी। **रोहित ने भी किया था फोन, दी थी धमकी** : आरोपी रोहित सिंह गैंगस्टर अनिल शर्मा के लिए ठेकेदारों को फोन कर रंगदारी की रकम मांगता था। साथ ही पैसे की वसूली भी किया करता है। साइड इंचार्ज को रोहित ने फोन किया और अनिल शर्मा से भी बात कराया था। धमकी दी थी कि अगर वह रंगदारी की रकम नहीं देता है तो उसे जान से हाथ धोना पड़ेगा।

### झारखंड में रिश्वतखोरी ....

रुपए भेजे तो इसके कन्फर्मेशन के लिए जो मैसेज भेजा जाता था, उसमें लिखा होता था 10 किलो भेजा। पैसे पाने वाला अफसर भी इसी तरह जवाब देता था- 10 किलो मिला या 5 किलो प्राप्त हुआ।

## बमबारी: आत्मघाती हमले के बाद तुर्किये की वायुसेना ने इराक पर बरसाए बम

# कई ठिकाने हुए तबाह, कुर्द लड़ाकों के मारे जाने का दावा

**एजेंसी। अंकारा**

तुर्किये की राजधानी अंकारा में हुए आत्मघाती हमले के बाद तुर्किये ने जवाबी कार्रवाई की है। तुर्किये की वायुसेना ने इराक स्थित कुर्द लड़ाकों के कई ठिकानों पर बमबारी की है। इस बमबारी में कई कुर्द लड़ाकों के मारे जाने का दावा किया जा रहा है। बता दें कि कुर्द विद्राहियों के संगठन ने ही अंकारा में हुए आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली थी। तुर्किये के आंतरिक मामलों के मंत्री ने वायुसेना की कार्रवाई की पुष्टि की है और कहा है कि सभी आतंकियों के मारे जाने तक लड़ाई जारी रहेगी। मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार, तुर्किये की वायुसेना ने कुर्द विद्राहियों के उत्तरी इराक स्थित 20 ठिकानों को तबाह कर दिया। इनमें कई गुफाएं, बंकर, शेल्टर होम और गोदाम शामिल हैं। ये सभी ठिकाने कुर्द विद्रोही संगठन कुर्दिस्तान वर्कर्स



पार्टी या पी.के.के के बताए जा रहे हैं। तुर्किये के आंतरिक मामलों के मंत्री ने दावा किया है कि तुर्किये की वायुसेना की बमबारी में कई कुर्द लड़ाके मारे गए हैं। तुर्किये के गृह मंत्री अली यारलीकाया ने बताया कि रविवार को अंकारा स्थित गृह मंत्रालय की इमारत के बाहर एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया, इस आत्मघाती हमले में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। आत्मघाती हमले में दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। यारलीकाया ने बताया कि आत्मघाती हमलावर एक गाड़ी में बैठकर आए थे और दो हमलावर थे। एक आतंकी ने मंत्रालय की इमारत के बाहर विस्फोट में खुद को उड़ा लिया, वहीं दूसरा आतंकी पुलिसकर्मियों की कार्रवाई में मारा गया। वहीं विस्फोट में दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। जिनका इलाज चल रहा है। तुर्किये पर यह आत्मघाती हमला ऐसे वक्त हुआ है, जब तुर्किये की सरकार आतंकी संगठन आईएसआईएस के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। यारलीकाया ने कहा कि उनकी लड़ाई आतंक के खिलाफ जारी रहेगी, जब तक सारे आतंकी नहीं मारे जाते। पहले सीरिया, इराक, ईरान, तुर्किये और आर्मेनिया जैसे देश ऑटोमन यानी उस्मानिया सल्तनत का हिस्सा था। प्रथम विश्व युद्ध में उस्मानिया सल्तनत की हार के साथ ही ये देश अलग-अलग हो गए। इन देशों में कुर्द लोगों की बड़ी आबादी रहती है और यह आबादी कुल साढ़े तीन करोड़ बताई जाती है। ये कुर्द लोग अपने लिए अलग देश यानी कुर्दिस्तान की मांग कर रहे हैं। तुर्किये की सीमा पर कुर्द लोग दावा करते हैं और इसे लेकर ही तुर्किए और कुर्द लड़ाकों में लड़ाई चल रही है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
"Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## गागर में सागर

### महाराष्ट्र में बेलगाम ट्रक ने सड़क किनारे सो रहे 10 मजदूरों को कुचला, 5 की मौत

**बुलढाणा।** महाराष्ट्र के बुलढाणा में नांदुरा-मलकापुर राज्य राजमार्ग पर एक भयानक दुर्घटना में एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे सो रहे 10 मजदूरों को कुचल दिया। इस हादसे में पांच की मौके पर ही मौत हो गई। मलकापुर के एसडीपीओ देवराम गवली ने कहा कि यह घटना सुबह करीब 5.30 बजे हुई, जब सेब की खेप से लदा एक ट्रक हाइवे से उतरकर सड़क मरम्मत कार्यों में लगे 10 श्रमिकों पर चढ़ गया। पुलिस ने बताया कि चालक मौके से भाग गया। एसडीपीओ देवराम गवली ने बताया कि पीड़ित मुख्य सड़क से काफी दूर थे और ऐसा लग रहा था कि ट्रक रास्ता भटक गया था, जिससे यह त्रासदी हुई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ड्राइवर को गाड़ी चलाते समय झपकी आ गई होगी। उसने ट्रक छोड़ दिया। फिलहाल वह फरार है और हमने उसकी तलाश शुरू कर दी है। इस भीषण हादसे में पांच श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई और पांच अन्य बुरी तरह घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर है, और उन्हें पास के चोपडे अस्पताल ले जाया गया है।

### दिल्ली पुलिस के हत्थे चढ़ा इनामी आतंकवादी शाहनवाज

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के मोस्ट वांटेड आतंकवादी शाहनवाज उर्फ शैफी उज्जमा को गिरफ्तार किया है। पेशे से इंजीनियर शाहनवाज पर एनआईए ने तीन लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। पुणे मामले में फरार चल रहा शाहनवाज दिल्ली का रहने वाला है। वह पुणे पुलिस की कस्टडी से फरार होकर दिल्ली में ठिकाना बनाकर रह रहा था। अधिकारियों का कहना है कि वह बड़ी आतंकी वारदात करने की योजना बना रहा था। स्पेशल सेल उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार कुछ दिन पहले दिल्ली में आईएसआईएस के तीन आतंकियों के छुपे होने की सूचना मिली थी। तब से संभावित इलाकों में चौकसी बरती जा रही थी। बीती देररात आतंकी शाहनवाज को गिरफ्तार किया गया है।

### यूपी के देवरिया में खूनी संघर्ष, 6 की मौत

**देवरिया।** देवरिया जिले के रूद्रपुर क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर सोमवार को सुबह दो पक्षों के बीच कथित रूप से जमीन के विवाद को लेकर एक ही परिवार के पांच सदस्यों समेत छह लोगों की हत्या कर दी गई। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि रुद्रपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में आज सुबह करीब छह बजे जमीन के विवाद को लेकर सत्य प्रकाश दुबे (54), उसकी पत्नी किरण (52), बेटी सलोनी (18) और नंदिनी (10) तथा बेटे गांधी (15) की हत्या कर दी गई। एसपी ने बताया कि इससे पहले आज ही सुबह जिला पंचायत सदस्य प्रेमचंद यादव (50) की सत्य प्रकाश दुबे के पक्ष के लोगों ने पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। उसके बाद हुए संघर्ष में दुबे और उसके परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून–व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया कि यादव के समर्थकों ने दुबे के घर पर हमला कर दिया, जिसमें दुबे सहित पांच लोग मारे गए।

### कर्नाटक सड़क दुर्घटना में मां-बेटे समेत तीन की मौत

**तुमकुरु (कर्नाटक)।** कर्नाटक के तुमकुरु जिले में एक सड़क दुर्घटना में एक मां और उसके बेटे सहित तीन लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना सोमवार को कोराटागेरे तालुक में अरसापुरा गेट के पास हुई। मृतकों की पहचान 40 वर्षीय अनीता, उनके बेटे 18 वर्षीय बालाजी और भतीजे 20 वर्षीय पवन के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, अनीता स्कूटर से जा रही थी और ट्रक से टकरा गई। गाड़ी ट्रक के पहिए के नीचे आ गई और तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक वेरेनाहल्ली टांडा के रहने वाले थे। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया और पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## सांवलिया सेठ में प्रधानमंत्री मोदी ने किया चुनावी शंखनाद, बोले

# ‘राजस्थान का चेहरा कमल’

**एजेंसी। सांवलिया सेठ/चित्तौड़गढ़**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान में मेवाड़ के तीर्थ सांवलिया सेठ में चुनावी शंखनाद करते हुए कहा कि राजस्थान में एक ही चेहरा है, वह है कमल। हमारी उम्मीद कमल है, उम्मीदवार भी कमल है, कमल खिलाएंगे, राजस्थान को आगे बढ़ाएंगे। मेवाड़ की धरा से चुनावी बिगुल बजाते हुए उन्होंने आह्वान किया कि मेवाड़ की आवाज पूरे राजस्थान की आवाज है। पाण्डाल के बाहर भारी संख्या में उपस्थित लोगों से उन्होंने कहा कि पाण्डाल भले ही छोटा पड़ गया हो, लेकिन मोदी का दिल बड़ा है। पीएम मोदी ने भाजपा के चुनावी नारों का भी ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा आएगी-गुण्डागर्दी हटाएगी, भाजपा आएगी-दंगे रुकवाएगी, भाजपा आएगी-पत्थरबाजी रुकवाएगी, भाजपा आएगी-बेईमानी रुकवाएगी, भाजपा आएगी-महिला सुरक्षा लाएगी, भाजपा आएगी-रोजगार लाएगी, भाजपा आएगी-समृद्ध राजस्थान बनाएगी। सांवलिया सेठ मंदिर में दर्शन और 7 हजार करोड़ की परियोजनाओं के लोकार्पण व



शिलान्यास के बाद प्रधानमंत्री मोदी कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि राजस्थान की संस्कृति यहां की विरासत पर गर्व करने की है, लेकिन पांच साल की कांग्रेस सरकार ने राजस्थान की साख को तबाह कर दिया है। मुख्यमंत्री गहलोत रात दिन अपनी कुर्सी बचाने में रहे, आधी कांग्रेस उनकी कुर्सी गिराने में व्यस्त रही। उन्होंने तंज कसा कि बेटों को सेट करने में दूसरों के बेटों को उखाड़ने में लगे रहे, लेकिन कांग्रेस के सभी नेता एक मुद्दे पर सहमत रहे, उन्होंने राजस्थान को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मोदी ने गहलोत के उस बयान पर पलटवार किया, जिसमें गहलोत ने यह बात कही थी कि भाजपा यह गारंटी दे कि उसकी सरकार आने पर वह कांग्रेस सरकार की योजनाओं को नहीं बंद करेगी। मोदी ने पलटवार करते हुए कहा कि गहलोत खुद मान चुके हैं कि वे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये मोदी की गारंटी है कि जनहित की किसी योजना को रोका नहीं जाएगा, बल्कि उसे अच्छा करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही मोदी ने एक और गारंटी देते हुए कहा कि जिन-जिन ने गरीबों को लूटा है, भ्रष्टाचार किया है, उनके खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी। मोदी ने कहा कि कांग्रेस का तो मंत्र ही यह है कि आपणो घोड़ो-छाया में बांधणो।

मोदी ने कहा कि जब अपराध की बात आती है, तो राजस्थान टॉप पर आता है। अराजकता, दंगे, पत्थरबाजी की बात आती है, तो हमारा राजस्थान बदनाम होता है। महिला अत्याचार, दलितों पर अत्याचार के मामले में हमारा राजस्थान बदनाम होता है। चार साल तक सिर्फ जोड़-तोड़ में लगी कांग्रेस सरकार को जब भी यह लगता है कि वह चुनाव हारने वाली है, तो झूठी घोषणा करने लगती है। सरकारी खजाने से प्रचार करती है।

महात्मा गांधी के जन्मदिन पर स्वच्छता कार्यक्रम से दूरी बनाने को लेकर भी मोदी ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वालों को स्वच्छता के कार्यक्रम पर भी दिक्कत है। स्वच्छता तो स्वयं महात्मा गांधी का मंत्र है। उनके जन्मदिन पर भी इन्हें कार्यक्रम करने में दिक्कत है। मोदी ने कांग्रेस और उसे घमण्डिया गठबंधन को सलाह दी कि महात्मा गांधी के जन्मदिन पर नहीं तो अपने जन्मदिन पर करो, अपने नहीं तो अपने नेता के जन्मदिन पर करो, उनके नहीं तो अपने बच्चों के जन्मदिन पर करो, लेकिन करो तो सही। कांग्रेस यह काम इसलिए नहीं करती, क्योंकि उसमें कमीशन नहीं मिलता।

उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकाण्ड पर मोदी जमकर गरजे। उन्होंने कहा कि उदयपुर में जो हुआ, उसकी किसी ने कभी कल्पना नहीं की होगी। दुश्मन पर भी धोखे से वार नहीं करने की नीति वाले राजस्थान में यह पाप हुआ। कपड़े सिलाने के बहाने लोग आते हैं और टेलर का गला काट जाते हैं। उसका वीडियो बनाते हैं और गर्व से उसे वायरल करते हैं। कांग्रेस सरकार को उसमें भी वोट बैंक की चिंता सताती है। तीज-त्यौहार शांति से मनाना संभव नहीं है, कब दंगे हो जाएं, कब पत्थरबाजी हो जाए, कब कर्फ्यू लग जाए, आम आदमी को जीवन की, व्यापारी को व्यापार की तो कामकार को काम की चिंता लगी रहती है। राजस्थान में कांग्रेस ने ऐसा माहौल बना दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान में बेटियों से अन्याय की परंपरा बना दी गई है। बाड़मेर, जमवारामगढ़, भीलवाड़ा में हुई घटनाओं का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि इसीलिए यहां की बहन-बेटियां कह रही हैं कि भाजपा को लाना है, क्योंकि भाजपा आएगी और महिला सुरक्षा लाएगी। मोदी बहन-बेटियों को दी गई हर गारंटी पूरी कर रहा है।

महिला आरक्षण पर भी पीएम मोदी ने कांग्रेस को खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की गारंटी भी मोदी ने पूरी की। इस बार कांग्रेस को मजबूरी में समर्थन करना पड़ा, वरना अब तक दिखावे के लिए कांग्रेस बिल लाती थी और अपने ही साथियों से विरोध करवाती थी। अब कांग्रेस और उसके घमण्डिया गठबंधन को यह पच नहीं रहा तो जाति-धर्म के नाम पर भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि बेटियों को अपने वोट से इसका जवाब देना है। मोदी ने केन्द्र सरकार की आयुष्मान योजना, विश्वकर्मा योजना, वन रैंक वन पेंशन योजना, उज्ज्वला योजना आदि की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि गरीब कल्याण की गारंटी तो मोदी पूरी कर रहा है। पीएम मोदी ने एक और गारंटी देते हुए कहा कि वे सांवलिया सेठ के चरणों में बैठकर यह गारंटी दे रहे हैं कि राजस्थान में हर गरीब, पिछड़े, आदिवासी के अपने पक्के घर का सपना पूरा होगा।

### बिहार में जारी जातीय जनगणना रिपोर्ट का असर कई राज्यों पर

# अति पिछड़ों को देश का महत्वपूर्ण पद देने की तेज होगी मांग

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

तमाम विरोध व अड़चनों के बावजूद बिहार की जदयू -राजद-कांग्रेस गठबंधन वाली नीतीश सरकार ने जो जाति आधारित जनगणना कराई, उसकी रिपोर्ट महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिन 2 अक्टूबर ,सोमवार को जारी कर दी। इससे गांधी व शास्त्री जैसे महापुरुषों को मानने वाले लोग तो खुश होंगे ही , उनके जाति के कुछ लोग भी खुश होंगे। लेकिन राज्य में अत्यंत पिछड़े वर्ग की कुल आबादी 36.01 प्रतिशत होने का जो आंकड़ा सामने आया है, इससे इस वर्ग के अन्य राज्यों के मतदाताओं में भी एक संदेश गया है । और वे इसके लिए एकजुट होकर अपने राज्य में भी जातीय जनगणना कराने की मांग करेंगे। और, जिसकी जितनी संख्या भारी , सत्ता में उसकी उतनी हिस्सेदारी की मांग जोर पकड़ेगी। यह होने पर भाजपा समर्थक अत्यंत पिछड़ों में भी देश से लेकर राज्य स्तर तक सर्वोच्च व प्रभावशाली पदों पर अत्यंत पिछड़े वर्ग के लोगों की नियुक्ति की मांग जोर पकड़ेगी। अभी तक तो भाजपा के कुछ नेता अगड़ी जाति से पिछड़ी जाति में आए और पिछड़ा वर्ग होने का लाभ लेते हुए देश व राज्यों में पिछड़े वर्ग व अति पिछड़े वर्ग को जोड़कर जो पिछड़ा वर्ग कहलाता है , उसके मतदाता सबसे ज्यादा होने का तर्क देकर अति पावरफुल पद की अधिकारी होने व उस पर अपने बने रहने का तर्क देते रहे हैं। अब अति पिछड़ा वर्ग वाले यह मांग करेंगे। जातीय जनगणना का परिणाम के बारे में अपर मुख्य सचिव विवेक कुमार सिंह ने पटना में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राज्य की कुल 13 करोड़ की आबादी में पिछड़े वर्ग की संख्या 27.13 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़े वर्ग की कुल आबादी 36.01 प्रतिशत है। इन दोनों यानी पिछड़ा वर्ग व अन्य पिछड़ा वर्ग की संयुक्त आबादी 63.14 प्रतिशत है। केवल 15.52 प्रतिशत लोग सामान्य वर्ग के हैं। अनुसूचित जाति के लोग 19.65 प्रतिशत, और अनुसूचित जनजाति की आबादी 1.68 प्रतिशत है। राज्य में 3.6 प्रतिशत ब्राह्मण, 3.45 प्रतिशत राजपूत, 2.89 प्रतिशत भूमिहार, 14.26 प्रतिशत यादव, 2.87 प्रतिशत कुर्मी, 2.81 प्रतिशत तेली, 3.08 प्रतिशत मुसहर, 0.68 प्रतिशत सोनार हैं।

बिहार की कुल आबादी में 81.99 प्रतिशत हिंदू हैं। केवल 17.7 प्रतिशत मुसलमान हैं। ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन तथा अन्य धर्म को मानने वालों की संख्या 1 प्रतिशत से भी कम है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जाति आधारित जनगणना रिपोर्ट जारी होने पर इस कार्य को करने वाली टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा, आज गांधी जयंती के शुभ अवसर पर बिहार में कराई गई जाति आधारित गणना के आंकड़े प्रकाशित कर दिए गए हैं। जाति आधारित गणना के कार्य में लगी हुई पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई। नीतीश ने कहा, जाति आधारित गणना के लिए सर्वसम्मति से विधानमंडल में प्रस्ताव पारित किया गया था। बिहार विधानसभा के सभी 9 दलों की सहमति से निर्णय लिया गया था कि राज्य सरकार अपने संसाधनों से जाति आधारित गणना कराएगी एवं दिनांक 02-06-2022 को मंत्रिपरिषद से इसकी स्वीकृति दी गई थी। इसके आधार पर राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से जाति आधारित गणना कराई है। जाति आधारित गणना से न सिर्फ जातियों के बारे में पता चला है बल्कि सभी की आर्थिक स्थिति की जानकारी भी मिली है। इसी के आधार पर सभी वर्गों के विकास एवं उत्थान के लिए अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने एक बयान में रिपोर्ट जारी करने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, आज गांधी जयंती पर हम सभी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने हैं।

## नांदेड़ : शंकरराव चव्हाण अस्पताल में एक ही दिन में 12 नवजातों समेत 24 मरीजों की मौत

**एजेंसी। मुंबई**

नांदेड़ जिले में स्थित शंकरराव चव्हाण अस्पताल में पिछले 24 घंटों में 24 मरीजों की मौत हो गई है। मृतकों में 12 नवजात बच्चे भी शामिल हैं। शंकरराव चव्हाण सरकारी अस्पताल के प्रमुख डॉ. की एसआर वाकोडे ने बताया कि मरीजों को आखिरी चरण में अस्पताल में लाया गया था। इसके बाद भी मामलों की छानबीन की जा रही है। नांदेड़ जिले में स्थित डॉ. शंकरराव चव्हाण सरकारी अस्पताल में पिछले 24 घंटे में 24 मरीजों की मौत हो गई है। 12 नवजात मृतकों में 6 लडके और 6 लड़कियां शामिल हैं, जबकि अन्य 12 मृतकों की मौत सर्पदंश की वजह से हुई है। इस अस्पताल में सर्पदंश दवाओं की आपूर्ति नहीं की जा रही है। डॉ. शंकरराव चव्हाण अस्पताल के प्रमुख एसआर वाकोडे ने इस बारे में गोलमोल जवाब दिया है। हालांकि, नांडेड़ जिले के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस मामले की गहन छानबीन की मांग की है। इसी तरह की घटना पहले ठाणे के कलवा अस्पताल में भी हुई थी। ठाणे के सरकारी अस्पताल में महज 36 घंटे में 22 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले की छानबीन का आदेश मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दिया था और मामले की जांच जारी है।




### ‘मिशन रानीगंज’ का नया पोस्टर रिलीज, 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में

**‘मिशन रानीगंज’** द ग्रेट भारत रेस्क्यू इस साल आने वाली बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। निमार्ताओं ने हाल ही में एक दिलचस्प और शानदार ट्रेलर लॉन्च किया था, जिसमें अक्षय कुमार को एक गुमनाम हीरो के रूप में दिखाया गया है। फिल्म के ट्रेलर ने प्रशंसकों और दर्शकों को प्रभावित किया है और फिल्म की चर्चा जोरों पर है। फिल्म अपनी ग्रैंड रिलीज से चार दिन दूर है, मेकर्स ने बहुप्रतीक्षित फिल्म का एक दमदार पोस्टर ड्रॉप किया है, जो सभी के बीच देशभक्ति की भावना पैदा करेगा। इसमें परिणीति चोपड़ा, कुमुद मिश्रा, पवन मल्होत्रा, दिब्येंदु भट्टाचार्य, राजेश शर्मा, वीरेंद्र सक्सेना, शिशिर शर्मा और लीड एक्टर अक्षय कुमार नजर आएं हैं। निमार्ताओं ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन दिया, 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में #मिशन रानीगंज के साथ भारत के सच्चे हीरो की कहानी देखें। फिल्म के बारे में बात करें, तो यह एक रियल लाइफ हीरो जसवंत सिंह गिल के जीवन पर आधारित है।




### गांधी-शास्त्री की जयंती पर अक्षय कुमार ने किया 'स्काई फोर्स' का ऐलान

**बॉलीवुड**



एक्टर अक्षय कुमार महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के मौके पर अपनी आने वाली फिल्म स्काई फोर्स की घोषणा की है। फिल्म के जरिए अक्षय कुमार बालाकोट एयर स्ट्राइक की कहानी सामने लाएंगे। अक्षय ने इस फिल्म का एक छोटा सा प्रोमो भी शेयर किया है। इसे शेयर करते हुए अक्षय लिखते हैं, आज गांधी-शास्त्री जयंती के मौके पर पूरा देश जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान का नारा लगा रहा है। हमारी फिल्म की घोषणा के लिए इससे बेहतर दिन कोई नहीं हो सकता। हमारे भारत के पहले हवाई हमले की रोमांचक कहानी। आज से ठीक एक साल बाद यानी 2 अक्टूबर, 2024 को स्काई फोर्स रिलीज होगी।

## राजनीति

### भाजपा का विस चुनाव में उम्मीदवारों पर मंथन

# जल्द आ सकती है सूची

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राजस्थान और छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा मुख्यालय में हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों के नाम पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों राज्यों की एक-एक सीट पर उम्मीदवारों के नाम को लेकर नेताओं के साथ विचार-विमर्श किया। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में राजस्थान के लगभग 65 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम पर विचार विमर्श हुआ। वहीं छत्तीसगढ़ को लेकर हुई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रदेश की बाकी बची हुई सभी 69 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की गई। पार्टी सूत्रों की मानें तो भाजपा जल्द ही राजस्थान में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों की पहली सूची और छत्तीसगढ़ उम्मीदवारों



की दूसरी सूची जारी कर सकती है। भाजपा छत्तीसगढ़ के लिए अपने 21 उम्मीदवारों की पहली सूची 17 अगस्त को ही जारी कर चुकी है। भाजपा मुख्यालय में हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष, देवेंद्र फडणवीस, बीएस येदियुरप्पा, सबानंद सोनोवाल, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव, सत्यनारायण जटिया और भूपेन्द्र यादव सहित केंद्रीय चुनाव समिति में शामिल अन्य नेता भी मौजूद रहें। राजस्थान के उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा करने के लिए हुई बैठक में केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्यों के साथ-साथ राजस्थान चुनाव प्रभारी प्रह्लाद जोशी, राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह, राजस्थान भाजपा अध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, कैलाश चौधरी, राजेंद्र सिंह राठौड़, अर्जुन राम मेघवाल और गजेंद्र सिंह शेखावत सहित राजस्थान भाजपा कोर ग्रुप में शामिल अन्य नेता भी शामिल हुए। वहीं छत्तीसगढ़ के उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा करने के लिए हुई बैठक में केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्यों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ चुनाव प्रभारी ओम प्रकाश माथुर ( जो सीईसी के सदस्य भी हैं), पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव सहित छत्तीसगढ़ भाजपा कोर ग्रुप में शामिल अन्य नेता भी शामिल हुए।

### लंदन में सम्मानित होंगे बंगाल के प्राथमिक शिक्षक दीप नारायण नायक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के प्राथमिक शिक्षक दीप नारायण नायक को लंदन में सम्मानित किया जाएगा। उन्हें वैश्विक शिक्षक पुरस्कार 2023 के लिए शीर्ष 50 लोगों की सूची में शामिल किया गया है। इसमें आंध्र प्रदेश से अंग्रेजी के शिक्षक हरि कृष्ण पतचारू भी हैं। इस पुरस्कार का आयोजन वार्की फाउंडेशन यूनेस्को के सहयोग से और संयुक्त अरब अमीरात के वैश्विक परोपकारी संगठन ह्यदुबई केयर्सह्ल के साथ मिलकर करता है। सूची में इन 50 लोगों के नाम दुनिया भर के 130 देशों से मिले सात हजार से अधिक आवेदनों में से चुने गए हैं। इसमें पुरस्कार के तौर पर दस लाख अमेरिकी डॉलर प्रदान किए जाते हैं। आसनसोल के जमुरिया में ह्यतिलका मांझी आदिवासी फ्री प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक नायक को उनकी नवीन शिक्षण विधियों के लिए चुना गया। वैश्विक शिक्षक पुरस्कार ने बयान में कहा है,ह्यह्य महामारी के बीच उन्होंने मिट्टी की दीवार को ब्लैकबोर्ड बना दिया और सड़कों का उपयोग कक्षा के तौर पर किया।

### ‘तेजस’ का टीजर रिलीज, एयरफोर्स डे पर रिलीज किया जाएगा फिल्म का ट्रेलर

**कंगना रनौत** बॉलीवुड की एक सफल और लोकप्रिय अभिनेत्री हैं, जो सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। कंगना ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से अपनी आने वाली फिल्म तेजस का टीजर शेयर किया है। कंगना की यह फिल्म भारतीय वायु सेना के पायलट तेजस गिल के जीवन पर आधारित है। अब तेजस 27 अक्टूबर को हर जगह रिलीज होगी। दरअसल, इस फिल्म की चर्चा दो साल से चल रही थी। इसे 2022 में ही रिलीज किया जाना था, लेकिन किसी वजह से फिल्म डिले हो गई। पहले अफवाह थी कि फिल्म 5 अक्टूबर को रिलीज होगी। फिर अचानक फिल्म के



वीएफएक्स वर्क के चलते रिलीज टाल दी गई। आखिरकार इस फिल्म का पहला टीजर रिलीज हो गया है। इसमें कंगना एयर फोर्स की वर्दी में तेजस गिल के शानदार लुक में नजर आ रही हैं। इसके साथ ही हमें एक रोमांचकारी डायलॉग भी सुनने को मिल रहा है। टीजर से हमें सिर्फ कंगना का डैशिंग अवतार ही देखने को मिला है, फिल्म की बाकी कहानी का अंदाजा नहीं दिया गया है। इस टीजर के साथ ही कंगना ने इसके नए पोस्टर और ट्रेलर की रिलीज डेट की भी घोषणा की है। इस फिल्म का ट्रेलर एयरफोर्स डे के मौके पर रिलीज किया जाएगा। अब तेजस 27 अक्टूबर को हर जगह रिलीज होगी। इसके साथ ही दर्शकों को फिल्म इमरजेंसी का भी बेसब्री से इंतजार है, जिसमें कंगना मुख्य भूमिका में हैं और इसका निर्देशन उन्होंने ही किया है। वाशु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और अजय कपूर द्वारा निर्मित मिशन रानीगंज टीनू सुरेश देसाई के निर्देशन में बनी है। फिल्म का म्यूजिक जेजस्ट का है।